दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :275
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 6 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### गौतम अडानी होंगे रिटायर, 70 की उम्र में दोनों बेटे को सौंप देंगे अरबों का कारोबार



**नईदिल्ली, ।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी अपना पद छोड़ सकते हैं. उन्होंने इस बात का खुलासा किया है. दरअसल अडानी की उम्र इस वक्त 62 साल हैं, उनका मानना है कि, व्यवसाय की स्थिरता के लिए उत्तराधिकार बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है. लिहाजा वह 2030 तक, जब वह 70 साल के होंगे, तब पद अपने चेयरमैन पद से इस्तीफा दे सकते हैं. उनकी जगह उनके दोनों बेटे करण अडानी या जीत अडानी ले सकते हैं. गौरतलब है कि, फिलहाल अडानी समूह के 10 लिस्टेड एंटिटी में कुल बाजार कैपिटलाइजेशन 213 बिलियन का है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवसाय, बंदरगाह, शिपिंग, सीमेंट, सौर ऊर्जा सहित अन्य शामिल हैं.दरअसल, गौतम अडानी ने अपने दो बेटों और दो भतीजों से पूछा है कि, क्या वे अडानी समूह के व्यापक कारोबार को बांटकर अलग हो जाना पसंद करेंगे या एकजुट रहना पसंद करेंगे. इसपर गौतम अडानी के बेटे, करण और जीत, और चचेरे भाई प्रणव और सागर ने उनसे कहा है कि, वे समूह को एक परिवार के रूप में चलाने का इरादा रखते हैं.गौतम अडानी ने दावा किया कि उनके चार उत्तराधिकारी व्यापार को आगे बढ़ाएंगे. उन्होंने कहा, %%मुझे खुशी है कि वे सभी योग्य हैं. उन्हें विरासत बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा.

### जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा- संजय सिंह




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद, शेख हसीना अपनी छोटी बहन शेख रेहाना के साथ सोमवार दोपहर बांग्लादेश से रवाना हुई, बाद में अगरतला से दिल्ली पहुंचीं। वह वहां से लंदन, यूके जाने की योजना बना रही है। वहीं बांग्लादेश के हालात पर आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा। संजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा। संजय सिंह ने अपने इस पोस्ट में किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन उनका इशारा बीजेपी और केंद्र सरकार की तरफ माना जा रहा है।

### तैयार हो जाइए, 1 करोड़ बांग्लादेशी हिंदू पश्चिम बंगाल आ रहे हैं-शुभेंदु अधिकारी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि हसीना के बयान के परिणामस्वरूप 1 करोड़ शरणार्थी बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल आएंगे। न सिर्फ भारत बल्कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए भी खतरनाक है। शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में अशांति को लेकर खुलकर बात की. बांग्लादेश में हिंदुओं की अंधाधुंध हत्याएं हो रही हैं। उन्हें भारत में शरण दी जाएगी। इसको लेकर उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से गुहार लगायी। शुभेंदु का अनुरोध है कि राज्य के मुख्यमंत्री इस मामले पर केंद्र सरकार से बात करें। शुभेंदु ने यह भी आशंका जताई कि अगर बांग्लादेश में ऐसी ही अशांति जारी रही तो शेख हसीना का देश जमात के हाथों में चला जाएगा। शुभेंदु अधिकारी विधानसभा से बाहर निकले और पत्रकारों से मुखातिब हुए। बांग्लादेश को लेकर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से एक करोड़ शरणार्थी पश्चिम बंगाल आएंगे। रंगपुर के पार्षद हराधन नायक की हत्या कर दी गई। सिराजगंज में 13 पुलिसकर्मी मारे गये. इनमें से 9 हिंदू हैं। नोआखाली में हिंदुओं के घर जला दिये गये। मैं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और राज्यपाल से बात करने का अनुरोध करता हूं।शुभेंदु ने यह भी दावा किया कि सीएए में बांग्लादेशी शरणार्थियों को शरण देने का प्रावधान है। केंद्र सरकार ऐसा पहले ही कर चुकी है। उनके मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति धार्मिक उत्पीड़न के कारण बांग्लादेश से भारत आता है, तो उसे इस देश में शरण दी जाएगी। यह कहना है केंद्र सरकार का. इसलिए उस रास्ते पर चलना जरूरी है।

# आरक्षण आंदोलन बांग्लादेश में हालात बेकाबू, अब तक 300 मरे

## ● प्रधानमंत्री आवास में घुसे प्रदर्शनकारी शेख हसीना ने पद से दिया इस्तीफा, देश छोड़ा

**▶▶सेना ने कहा अंतरिम सरकार बनावायेंगे**

**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश के अमन पसंद नागरिकों की सोमवार सुबह नींद कर्फ्यू के साये में टूटी। सरकार ने मोबाइल इंटरनेट सेवा भी बंद करा दी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ आवामी लीग के समर्थकों के बीच कल हुई भीषण झड़पों में जमकर खून बहा।बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम अलो ने आज (सोमवार) सुबह अपनी वेबसाइट पर अपडेट की गई खबर में असहयोग कार्यक्रम के दौरान



देशभर में हुई झड़पों, गोलीबारी और जवाबी हमलों में 98 लोगों के मरने की पुष्टि की है।बांग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर हुए बवाल हो रहा है। बवाल की शुरुआत कल दिन में स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले आहूत असहयोग कार्यक्रम के दौरान हुई। अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने असहयोग कार्यक्रम में शामिल प्रदर्शनकारियों का विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। खूनखराबा होने के बाद सरकार ने शाम को सारे देश में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया।बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर 2ः30 बजे एक सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बंगभवन से उड़ान भरी है। उनके साथ उनकी छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं। सूत्रों ने बताया कि वे हेलीकॉप्टर से भारत के पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई हैं। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बांग्लादेश में इसे तख्ता पलट के रूप में देखा जा रहा है। बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जारी हिंसक प्रदर्शन के चलते चारों तरफ अराजकता का माहौल बना हुआ है। यह भी बताया जा रहा है किचारों तरफ प्रदर्शन, आगजनी, हिंसा और कर्फ्यू के चलते सेना ने शेख हसीना को देश छोड़ने की सलाह ती। सूत्रों के अनुसार कि शेख हसीना देश छोड़ने से पहले अपना भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं। पर उन्हें वह मौका नहीं मिला। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच आज प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद पहली बार सेनाध्यक्ष जनरल वकार-उज-जमान ने देश के नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद ऐलान किया कि अब अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा, सेना पर भरोसा रखें। इस बीच बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हो गए हैं।बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गई हैं। देश में शांति व्यवस्था बनाए रखें। आइए मिलकर काम करें। लड़ने से कुछ नहीं मिलेगा। हमने मिलकर बांग्लादेश को एक खूबसूरत देश बनाया है। सेनाध्यक्ष जमान ने कहा कि हमने सभी राजनीतिक दलों के साथ सार्थक चर्चा के बाद अंतरिम सरकार बनाने का फैसला लिया है। हम स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात करेंगे। उन्होंने विरोध के नाम पर सभी से हिंसा को रोकने का आह्वान किया और वादा किया कि नई सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बेसमेंट मामले में स्वतः संज्ञान लिया, कहा- कोचिंग सेंटर बने मौत के चेंबर



**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में 3 छात्रों की मौत के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया और केंद्र के साथ दिल्ली सरकार को नोटिस भेजा।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जवल भुइयां की खंडपीठ ने कहा कि दिल्ली में हुई घटना सभी की आंखें खोलने वाली है।पीठ ने कहा कि कोचिंग सेंटर भवन निर्माण के नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके चल रहे हैं और मौत का चैंबर बन गए हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा, हम दिल्ली और केंद्र सरकार को सुरक्षा मानदंडों के दिशा-निर्देश जारी करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर रहे हैं। ये स्थान मौत के कक्ष बन गए हैं। आप देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले युवाओं की जान ले रहे हैं।कोर्ट ने सभी कोचिंग संस्थानों और केंद्रों को दिल्ली के मास्टर प्लान, 2021 के तहत एकीकृत भवन उपनियम, 2016 का पालन करने को कहा।कोर्ट कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें मुखर्जी नगर में कोचिंग संस्थानों के प्रसार पर हाई कोर्ट निर्देशों को चुनौती दी गई थी, क्योंकि वे सुरक्षा मानदंडों का पालन करने में विफल थे।

कोर्ट ने फेडरेशन की याचिका खारिज कर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उसे सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन में जमा करने को कहा।कोर्ट ने सुझाव दिया कि जहां सुरक्षा नहीं वहां संस्थान ऑनलाइन कक्षाएं चलाएं।27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर में राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट की लाइब्रेरी में पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि तेज बारिश से इमारत पर लगा गेट टूट गया और पानी बेसमेंट में घुस गया।रस्सियों के सहारे 14 छात्रों को निकाल लिया गया था, लेकिन 3 को नहीं बचाया जा सका।पुलिस ने कोचिंग मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच सीबीआई को दी गई है।

## नगर निगम में पार्षदों की नियुक्ति कर सकते हैं उपराज्यपाल

### आप को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली नगर निगम में 10 एल्डरमैन यानी मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की सहायता और सलाह के बिना पार्षदों को नामित करने का अधिकार है।यह फैसला 15 महीने बाद दिल्ली सरकार द्वारा उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाया गया। कोर्ट ने 17 मई, 2023 को फैसला सुरक्षित रखा था।वर्ष 2023 में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नगर निगम में अपने मन से 10 एल्डरमैन नियुक्त कर दिए थे, जो भाजपा से हैं। इसके बाद आप सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी।दिल्ली सरकार का कहना था कि अभी तक एल्डरमैन की नियुक्ति राज्य सरकार कर रही थी और अभी भी यह अधिकार उसी के पास है।मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई की थी और फैसला सुरक्षित रखा था।रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति का मामला दिल्ली नगर निगम अधिनियम के तहत वैधानिक शक्ति है न की कार्यकारी शक्ति और इसलिए उपराज्यपाल को इसमें दिल्ली सरकार की सलाह लेने की आवश्यकता नहीं।कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 3(3)(बी)(1) में प्रावधान है कि उपराज्यपाल विशेष ज्ञान वाले 10 लोगों को नगर निगम में नामित कर सकते हैं।कोर्ट ने यह भी कहा कि उपराज्यपाल निगम को अस्थिर भी कर सकते हैं।नगर निगम में एल्डरमैन के पास कई प्रमुख शक्तियां होती हैं।

ये स्थायी समिति, निगम इन-हाउस और वार्ड समिति की बैठकों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जो निगम के कामकाज का जरूरी हिस्सा है। हालांकि, इनके पास मेयर चुनाव में वोट देने का अधिकार नहीं होता है।

## ● ● केजरीवाल को हाई कोर्ट से झटका ● ●

### सीबीआई की गिरफ्तारी को सही ठहराया

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से करारा झटका लगा है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने केजरीवाल की सीबीआई गिरफ्तारी को सही करार देकर सीबीआई गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट के सीबीआई हिरासत के आदेश को चुनौती वाली याचिका खारिज कर दी है। हाई कोर्ट ने 17 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की तुलना पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से की थी। सिंघवी ने कहा था कि तीन दिन पहले हमने देखा कि पाकिस्तान में इमरान खान रिहा हुए और उन्हें दोबारा दूसरे केस में गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन हम गर्व से कह सकते हैं कि हम वैसा देश नहीं है, ऐसा हमारे देश में नहीं हो सकता है। सिंघवी ने दलीलें देते हुए कहा था कि



सीबीआई ने इंश्योरेंस अरेस्ट के तौर पर केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई की है। सिंघवी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल एक मुख्यमंत्री हैं, कोई आतंकवादी नहीं कि उनको जमानत ना मिले। सिंघवी ने कहा था कि सीबीआई की ओर से केजरीवाल की गिरफ्तारी की कोई जरूरत नही थी।सिंघवी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने अपने आदेश में साफ कहा है कि पूछताछ, गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि 25 जून को सीबीआई की ओर से ट्रायल कोर्ट में अरविंद की गिरफ्तारी को लेकर एक अर्जी दाखिल की गई।

## अनुच्छेद 370 को निरस्त करना देश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था -प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (5 अगस्त) को पांच वर्ष पूर्व 2019 में जम्मू-कश्मीर से जुड़े संविधान के अनुच्छेद 370 और 35(ए) को हटाए जाने को याद करते हुए कहा कि यह देश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य की जनता के लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।प्रधानमंत्री अनुच्छेद 370 हटाए जाने का अर्थ बताया और कहा कि इससे संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप अक्षरशः संविधान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू हुआ। इस अनुच्छेद के निरस्त होने से विकास के लाभ से वंचित महिलाओं, युवाओं,




पिछड़े, आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए सुरक्षा, सम्मान और अवसर आए । साथ ही, इसने यह सुनिश्चित किया है कि दशकों से जम्मू-कश्मीर में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर हो।उल्लेखनीय है कि 2019 में सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ वापसी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने आज ही के दिन अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विधेयक संसद में पेश किया था।

## एलओसी पर घुसपैठियों के दो समूहों की गतिविधि देखने के बाद सेना की गोलीबारी

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू संभाग के अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आधीरात बाद घुसपैठियों के दो समूहों की गतिविधि देखने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की। इसके बाद दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है।अधिकारियों के अनुसार, जम्मू के बाहरी इलाके अखनूर के बट्टल सेक्टर के अग्रिम क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 1:30 बजे तीन से चार घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सतर्क सेना के जवानों ने गोलीबारी की। क्षेत्र को फ्लेयर्स से रोशन किया गया और कड़ी घेराबंदी करने के लिए सुदृढीकरण के साथ ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई।

## अमेरिका में मंदी की आशंका से वैश्विक बाजार धराशाई, 10 प्रतिशत तक फिसले

**मुंबई,।** अमेरिका में मंदी की आहट से वैश्विक बाजारों में सोमवार को 10 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। एशिया के ज्यादातर बाजारों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है।जापान के शेयर बाजार में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। बेंचमार्क निक्केई 10 प्रतिशत फिसल गया है। सोल के बाजार 8 प्रतिशत, ताइपे 4.5 प्रतिशत, जकार्ता 2 प्रतिशत, हांगकांग 1.43 प्रतिशत और शंघाई के बाजार में करीब एक प्रतिशत की गिरावट है।दक्षिण कोरियाई न्यू एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गिरावट के साथ स्थानीय शेयर बाजार के बेंचमार्क केओएसपीआई 200 में पांच मिनट के लिए कारोबार रोक दिया गया।दुनिया के सबसे बड़े शेयर




बाजार अमेरिका में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को डाओ 1.51 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ था, यह लगातार दूसरा दिन था, जब डाओ में गिरावट देखने को मिली।अमेरिकी में गिरावट का कारण निराशाजनक जॉब डेटा का आना है, जिसने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत दिया है।वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार में भी सोमवार को देखने को मिला। दोपहर 12 बजे सेंसेक्स 2,331 अंक या 2.88 प्रतिशत गिरकर 78,650 और निफ्टी 682 अंक या 2.76 प्रतिशत फिसलकर 24,035 पर था।स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा का कहना है कि वैश्विक बाजारों में लगातार आ रही खराब खबरों के कारण गिरावट देखने को मिल रही है।

जापान ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं, जिसके कारण दुनियाभर में लगा जापान का पैसा वापस वहां की अर्थव्यवस्था में जाने की उम्मीद है।वहीं, अमेरिका में भी जॉब डेटा खराब आया है, जिसके कारण बाजार में बिकवाली देखने को मिल रही है।

## केदारघाटी आपदा - तीर्थयात्रियों को बचाने में आम से लेकर खास तक जुटे



**देहरादून,(हि.स.)।** देवभूमि उत्तराखंड आपदा के बीच विश्व फलक पर %वसुधैव कुटुंबकम और अतिथि देवो भवः% की भावना के साथ उभरा है। आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड में फंसे देश-दुनिया के तीर्थयात्रियों को बचाने में आम से लेकर खास तक जुटे हैं। राज्य के मुखिया से लेकर गांव के मुखिया तक आपदा में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। सभी का एक ही भाव है कि देश-दुनिया से उत्तराखंड आने वाले यात्री भारत की प्राचीन संस्कृति अतिथि देवो भवः के साथ शासन-प्रशासन से लेकर देवभूमि वासियों के प्रति एक अच्छा संदेश लेकर सकुशल वापस जाएं। सभी के प्रयास से पहाड़ और जंगल में फंसे अब तक 10 हजार से अधिक यात्री सुरक्षित निकाले जा चुके हैं।

## वक्फ कानून में संशोधन का विरोध करेंगे अखिलेश

### ● कहा- हिंदुओं और मुसलमानों को बांटना बीजेपी का एकमात्र काम



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन के लिए संसद में विधेयक लाने के केंद्र के कदम का विरोध करेगी। पूर्व सीएम ने बीजेपी पर मुसलमानों का हक छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि भाजपा के पास हिंदू-मुसलमान या मुस्लिम भाइयों का हक कैसे छीना जाए इसके अलावा कोई काम नहीं है। उन्हें जो अधिकार मिले हैं, आज़ादी का अधिकार या अपने धर्म का पालन करने का अधिकार, अपनी कार्य प्रणाली को कायम रखने का अधिकार। अखिलेश ने आगे कहा कि उन्हें (सीएम योगी आदित्यनाथ) पता चला कि नजूल एक उर्दू शब्द है, अधिकारी उन्हें समझाते रहे कि नजूल का मतलब कुछ और है. लेकिन उनका मानना था कि नजूल का मतलब मुसलमानों की ज़मीन है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को आरक्षण, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की चिंता है उन्हें तुरंत बीजेपी छोड़ देनी चाहिए।

सपा नेता ने कहा कि एक %स्टूल-किट% नेता हैं...उन्हें जाति जनगणना और आरक्षण के बारे में बात करनी चाहिए।सपा प्रमुख, जिन्होंने लखनऊ में दिवंगत सांसद और पार्टी नेता जनेश्वर मिश्र को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, ने कहा, ÷बीजेपी का एक ही काम है हिंदू और मुसलमानों को बांटना, मुस्लिम भाइयों का हक छीनना और संविधान में जो हक दिया गया है उसे कैसे छीना जाए इस पर काम करना है।÷ सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पहले एंग्लो-इंडियनों के अधिकार छीने थे.

## पेरिस ओलंपिक- महिला टीम टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा भारत

**पेरिस, (हि.स.)।** ओलंपिक में पदार्पण कर रही भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच से शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अदीना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराया।

## किसान सम्मान निधि जैसी योजना कांग्रेस ने कभी नहीं बनाई बल्कि किसानों पर गोलियां चलवाईं - शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर चर्चा करते हुए सोमवार को एक बार फिर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को घेरा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों की प्रत्यक्ष सहायता तो की लेकिन किसान सम्मान निधि जैसी योजना कांग्रेस ने कभी नहीं बनाई बल्कि किसानों पर गोलियां चलवाई, इसमें कई किसान मारे गए। केंद्रीय मंत्री कांग्रेस के सदस्य रणदीप सुरजेवाला के सवालों का जवाब दे रहे थे।केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने आगे कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना बनाई। उन्होंने कहा कि यह राशि भले ही छह हजार रुपये हो, लेकिन जो लघु किसान, छोटे किसान व सीमांत किसान हैं, उनके लिए छह हजार रुपये मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार किसानों को आदान के लिए को छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के लिए छोटी राशि की जरूरत पड़ती थी,जब पैसा नहीं होता था तब उसे ऊंची ब्याज की दरों पर लेने पड़ते थे।

इस सम्मान योजना के कारण किसान स्वावलंबी व सशक्त हुआ है। किसान का सम्मान भी हुआ है। ये (कांग्रेस) किसान का सम्मान भी नहीं देख सकते।राज्यसभा में अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक स्वतंत्र अध्ययन के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत वितरित धनराशि ने ग्रामीण आर्थिक विकास उत्प्रेरक का काम किया है।

# प्रयागराज में तेजी से बढ़ रही हैं गंगा और यमुना

## गंगा के जलस्तर में करीब दो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार वृद्धि जारी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर तेजी से श्री बड़े हनुमान मंदिर की ओर बढ़ रहा है। यही रफ्तार जारी रही तो गंगा का जल मंदिर में प्रवेश कर सकता है। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ का पानी गंगा-यमुना में छोड़े जाने के चलते सिंचाई विभाग बाढ़ प्रखंड अलर्ट मोड पर है। फाफामऊ, छतनाग और यमुना नदी में लगातार वृद्धि जारी है। दो से ढाई सेंटी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दोनों नदिया बह रही हैं।

घाट पर रहने वाले लोग सुरक्षित स्थान की ओर शरण लेने लगे हैं। माता टीला बांध से करीब डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने का असर भी एक दो दिन में दिखेगा। इसके अलावा उत्तराखंड में हो रही बारिश और कई सहायक नदियां उफान पर होने के कारण संगमनगरी में इसका असर पड़ सकता है।

उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही भारी बारिश का असर प्रयागराज में दिख रहा है। सहायक नदियों के उफान पर होने के कारण बाढ़ का पानी गंगा और यमुना में छोड़ा जा रहा है। इससे यहां बाढ़ की स्थिति पैदा होने लगी है।

प्रयागराज में गंगा और यमुना का डेंजर लेबल 84.734 है। हालांकि दोनों नदियां अभी चेतावनी बिंदु के काफी दूर हैं, बावजूद इसके सिंचाई विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है।

# होलागढ़ में ग्राम चौपाल लक्ष्य से भटकी, रैया और गैंदा में चौपाल 9 को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्राम चौपाल लगा कर पंचायत के लोगों की समस्या सुनकर उसका निस्तारण किया जाय, ताकि जनता जहां खुश रहे वहीं गांव की समस्या तहसील, जिला और प्रदेश तक न जा सके। मगर होलागढ़ में यह चौपाल अपने लक्ष्य से कोसों दूर भटक गई है।बता दें कि ग्राम चौपाल प्रत्येक शुक्रवार को किन्ही दो पंचायतों में की जाती है।अगले शुक्रवार 9 अगस्त को ग्राम पंचायत रैंया और उमरिया बादल उर्फ गैंदा में होगी।

इसके लिए बीडीओ होलागढ़ ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी क्रमशः राजेश मिश्र और रवि शंकर पांडेय को,लिखित आदेश देकर प्रचार प्रसार,शिकायत प्रकोष्ठ,जल की व्यवस्था सहित साफ सफाई के बारे में निर्देश दिया है।उधर इन चौपालों में ब्लाक स्तरीय एक बड़े अधिकारी की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा मिला सम्मान ही अनूठा तोहफा-राजेश पटेल

## अपना दल राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारी को सौंपी कार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** इंसान कहीं भी और कभी भी निष्ठा और संघर्ष के बूते अपना मकाम बना सकता है।खासकर राजनीतिक क्षेत्र में उसका कद उस वक्त और बढ़ जाता है जब वह संगठन के जमीनी विस्तार और मजबूती के लिए उसने संघर्ष की अलग पटकथा लिखी हो। अपना दल एस की रास्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार की काबीना मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संगठन पदाधिकारीयों के बीच पार्टी के रास्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल को उनके समर्पण के लिए एक कार का बड़ा तोहफा देकर सम्मानित किया है।क्षेत्र के बंधवा गांव के किसान के बेटे राजेश पटेल बुलबुल इस तोहफे को अनमोल बताते हुए कहा कि यह मेरे लिए किसी बड़ी सौगात से कम नही है।उन्होने कहा कि मैं पार्टी के लिए कितना संघर्ष किया है


और पार्टी का विस्तार कितना हुआ यह अलग बात है। मेरे सरीखे सैकड़ों लोग हैं जिन्होंने पूरी निष्ठा से पार्टी के




लिए काम किया है।पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल व प्रदेश के मंत्री आशीष पटेल का मैं दिल से आभार इसलिए व्यक्त कर रहा हूँ कि इन्होंने मुझे यह तोहफा लखनऊ के सहकारिता भवन के जिस मंच से दिया है

जिसके साच्छी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे।यह तोहफा उन कार्यकर्ताओं को और कड़ीं मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा जो पार्टी की पकड़ के लिए कड़े संघर्ष कर रहे हैं।श्री पटेल ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने मेरी मेहनत का जो मोल लगाया है उसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूँ।उंन्होने कहा कि हम किसी तोहफे या पद के लिए संघर्ष नही किया है।मैंने पार्टी की मजबूती और ऊँचाई के लिए आगे भी कड़ीं मेहनत करूँगा।मैं पार्टी के साथियों का आह्वाहन करता हूँ कि आइए पार्टी को मजबूत करें और प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाएं।

# आर पी शुक्ला वॉलीबाल संघ के टेक्निकल चेयरमैन मनोनीत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** लखनऊ स्थित के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ का रविवार को चुनाव संपन्न हुआ,जिसमें आगामी चार वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमे वालीबाल संघ प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आर पी शुक्ल को चैयरमैन पद पर मनोनीत किया गया है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी एवं जिला वॉलीबाल संघ, प्रयागराज के चेयरमैन जॉर्डन.एच.नाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के प्रबंध समिति की नई समिति में प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आर.पी.शुक्ला को एक बार फिर चार वर्षों के लिए चेयरमैन के पद पर मनोनीत किया गया है। जिससे वॉलीबाल खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है।उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के चुनाव में आर.पी.शुक्ला को टेक्निकल चेयरमैन के पद पर चुने जाने पर वॉलीबाल खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों व अन्य पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां दी है।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से डॉ.जय प्रकाश शर्मा, के.बी.एल.श्रीवास्तव, फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, रामाश्रय राय, के.पी.सिंह, प्रभाकर चौबे, के.के.मिश्रा, बी.एच.जैदी, अजय राय, पी.के.पांडेय एडवोकेट, बर्फी लाल यादव, राजित राम शुक्ला, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार राय, सी.पी.मिश्रा, वाई.एन.सिंह, आशीष कुमार, नीरज श्रीवास्तव, अशोक दीक्षित सहित कई खिलाड़ी शामिल हैं।

# सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़े शिव भक्त

## लगातार रवाना हो रहे दशाश्वमेध घाट से कांवरिया





**प्रयागराज।** पवित्र सावन मास के तीसरे सोमवार पर मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भोर में चार बजे मंगला आरती के साथ जलाभिषेक और पूजन शुरु हुआ। भोर से मंदिर में जलाभिषेक करने के लिये श्रृद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। प्रयागराज के सभी शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।भगवान शिव का पवित्र माह सावन होता है। ऐसे में तमाम शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिये भारी संख्या में लोग पहुंच रहे है। भोर से लेकर रात तक मंदिरों में पूजा-अर्चना चल रही है। श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए लंबी कतार में खड़े हुए है। तमाम शिवालयों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये।श्रावण का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का विशेष माना जाता है। इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। श्रावण मास को लेकर यमुना तट पर स्थित प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर, फफामऊ में पाण्डेश्वर नाथ महादेव, कमौरी नाथ, मनकेश्वर महादेव सहित तलाम शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।भगवान शंकर को गंगाजल, बेलपत्र, दूध और आदि, भस्म आदि से उनका अभिषेक किया। लोगों की आस्था और विश्वास है कि मनकामेश्वर मंदिर में दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं दशाश्वमेध घाट पर भी बड़ी संख्या में कावड़िए गंगा जल भरकर बाबा विश्वनाथ की नगरी को रवाना हुए।

### महेवा के शिवालय में किन्नरों ने किया जलाभिषेक

**प्रयागराज।** तीसरे सोमवार को बड़ी संख्या में महेवा स्थित शिवालय में पहुंचक किन्नरों ने जलाभिषेक किया। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि (टीना मां) की नेतृत्व में हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए सभी मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा जग कल्याण का भाव लेकर हम लोगों ने यहां दर्शन पूजन किया और जलाभिषेक किया।

# मेजारोड बाजार में विद्युत विभाग का चला चाबुक

## बकायेदारों को तत्काल बिल जमा करने के निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** बिजली चोरी रोकने व राजस्व वसूली के लिए सोमवार को मेजाऱोड बाजार में अधिशासी अभियंता अभिनव गर्ग के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान से बाजार में अफरा तफरी का माहौल रहा। अभियंता ने अवैध रूप से बिजली जलाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए बाजार के एक उपभोक्ता का कनेक्शन कटवा दिया।इसके लिए कर्मचारियों को फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिनका बकाया जमा नहीं है यदि वह बिजली जलाते हुए पाए गए तो कर्मचारियों को बख्शा नही जाएगा। इसलिए ऐसे उपभोक्ताओं पर नजर बनाए रखें जिनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। चेकिंग के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने पूर्व में बिजली कर्मचारियों को बिजली संशोधन के लिए दिए गए पैसे को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। अधिशासी अभियंता ने कहा कि बिना रसीद के कोई भी उपभोक्ता किसी भी कर्मचारी को पैसा नही दें। वरना इसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी। अधिशासी अभियंता ने बकायेदारों को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द बिल जमा करने के लिए कहा है।चेकिंग के दौरान एसडीओ सूरजीत कुमार,टीजीटू विवेक सिंह,अमरेश तिवारी, सूरज पाण्डेय, विशाल तिवारी, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभाविप ने छात्रों की विभिन्न मांगों एवं शिक्षक भर्ती में धांधली रोकने को सौंपा ज्ञापन

## भ्रष्टाचार के हत्थे चढ़ी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया- अभाविप

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आज छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय एवं एफआरसी कार्यालय का घेराव कर छात्रों की विभिन्न मांगों एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शिक्षक भर्ती में सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने को ज्ञापन सौंपा गया।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय पर तीन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें प्रत्येक वर्ष छात्रावासों के शुल्क में 10त्न वृद्धि किए जाने के निर्णय, विश्वविद्यालय में 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का छात्रवृत्ति देने हेतु फॉर्म भरवाकर छात्रवृत्ति न देने, विश्वविद्यालय में गरीब छात्र कोष संबंधित अनियमितता और भ्रष्टाचार के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं एफआरसी कार्यालय पर आगामी 7 और 8 अगस्त को प्रस्तावित साक्षात्कार में विवि के कुलपति के करीबी एवं वर्तमान में रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलानुशासक अविनाश कुमार श्रीवास्तव एवं विवि के सेवानिवृत्ति प्रो. मनमोहन कृष्णा के करीबी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक आचार्य के साक्षात्कार में विवि प्रशासन की संलिप्तता को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए ज्ञापन सौंपा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शिक्षक भर्ती में कुलपति एवं विवि के सेवानिवृत्ति प्रो. मनमोहन कृष्णा द्वारा अपने करीबियों को विश्वविद्यालय में चयन हेतु सहयोग प्रदान करने की बात बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही भर्ती में पिछले सप्ताह भी चयनित शिक्षकों में एक व्यक्ति दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत थे और यहां ईडब्ल्यूएस कोटे में उनका चयन किया गया है वहीं दो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हेतु नाम नहीं आया फिर भी उनका चयन किया गया। यह दर्शाता है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार के हत्थे चढ़ चुकी है।

अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान ने कहा कि अभाविप, छात्रावासों में विवि की कार्यकारी परिषद बैठक द्वारा मनमानेपूर्ण तरीके से प्रतिवर्ष 10 त्न शुल्क वृद्धि ने निर्णय तथा गरीब छात्र कोष के अनुचित प्रयोग का विरोध करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह स्पष्ट मांग करती है कि इन विषयों को विश्वविद्यालय प्रशासन 48 घण्टे के भीतर संज्ञान ले त्वरित कार्रवाई करे अन्यथा अभाविप उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

इस दौरान इकाई उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा एवं धीरज पाण्डेय, आशुतोष मिश्र, अमन, प्रीत, अभिषेक यायावर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आखिर कब दूर होगा मैरी मोड़ का जलभराव राहगीर परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़-कल्याणपुर मार्ग स्थित मैरी मोड़ पर पानी इस कदर भरा है कि राहगीर ही नहीं आने जाने वाले वाहन चालक भी इस जलभराव में छप्पाछैया खेलने को मजबूर हैं। बताया गया कि मोड़ के पश्चिमी बेल्ट के निवासियों ने सड़क के किनारे जमीन ऊंची कर दिए हैं। वहीं ग्राम प्रधान मैरी और इलाके में तैनात सफाई कर्मी भी न तो नाली बनवा रहे हैं और न ही नाली की साफ सफाई करवा रहे हैं। इस जलभराव के कारण शीघ्र ही कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

उधर मामले की शिकायत बीडीओ और एडीओ पंचायत होलागढ़ से की गई है।

# अवैध कोचिंगों पर कार्रवाई को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रयाग महानगर द्वारा प्रयागराज में अवैध कोचिंग और अवैध कोचिंग संचालकों के विरोध में एवं उन पर तत्काल कार्रवाई की मांग पर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रयागराज को सौंपा गया। एबीवीपी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंच कर राव आईएएस कोचिंग में हुए दर्दनाक हादसे के विरोध में प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियो की मांग है की अवैध रूप से संचालित हो रही कोचिंग को तत्काल बंद किया जाए एवं दिल्ली कोचिंग संस्थान में हुई घटना के दोषियों को जल्द से जल्द सजा सुनाई जाए।

अभाविप प्रयाग महानगर महाविद्यालय संयोजक प्रतीक मिश्रा सूरज ने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली में दुखद घटना हुई है, उससे यह स्पष्ट है कि प्रशासन ने पूरी तरह से अपनी आंखें बंद कर रखी थी। वह ऐसी घटना होने का इंतजार कर रहे थे। अपने शहर में भी ऐसे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जो मानक के विपरीत संचालित हो रहे




हैं। महानगर सहमंत्री सुमित केसरी ने कहा की प्रयागराज में भी कई कोचिंग सेंटरों की स्थिति ठीक नहीं है बिना पंजीकरण के प्रशासन की देखरेख में यह कोचिंग चल रहे हैं। विद्यार्थी परिषद अपने ज्ञापन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश का समस्त कोचिंग संस्थानों पर कड़ाई से पालन करने की मांग करती है। वर्तमान समय में जो भी कोचिंग संस्थान शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह स्पष्ट मांग करती है छात्रहितों से जुड़े इन सभी बिंदुओं पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के आदित्य सिंह, ज्ञान प्रकाश, नर नारायण सिंह, पार्थ श्रीवास्तव, अरुण सिंह, आदित्य पांडे, अमन मिश्रा, शाश्वत एवं छात्रा बहनों में तन्वी सिंह, माही वर्मा सहित विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे छोटे लोहिया

## जनेश्वर मिश्र की 92जयंती पर आज सपा कार्यालय में गोष्ठी आयोजित कर किया गया याद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जनेश्वर मिश्र की 92 जयंती पर आज समाजबादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में गोष्ठी आयोजित उन्हें याद किया गया। सपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करने के उपरांत उनके जीवन चरित्र पर चर्चा की।

सपा नेताओं ने स्व जनेश्वर मिश्र को सच्चा समाजवादी नेता बताते हुए उनके सादगी, ईमानदारी भरे जीवन की चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद विश्व विद्यालय में पढ़ाई के दौरान हो छात्रों सहित आम आदमी की समस्याओं को लेकर सत्ता एवं प्रसाशन से टकराने का काम शुरू कर दिया था। अपने जुझारू तेवर के नाते वह अपनी पहचान छात्र नेता से आम जन का नेता के रूप में कम उम्र में ही बना ली थी। इलाहाबाद उनका कर्म क्षेत्र रहा है जिनकी तमाम यादें यहाँ की माटी से जुडी हुई हैं। समाजवादी पार्टी की स्थापना में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। राजनैतिक सुचिता एवं प्रखर वक्ता होने के नाते उन्हें छोटे लोहिया की उपाधि दी गई।उधर मेजा के भड़ेवरा में सपा के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने ने हर वर्ष की भांति परंपरागत तरीके से उनकी जयंती मनाते हुए जनेश्वर मिश्र को सामाजिक न्याय के लिये होने वाले आंदोलन का बड़ा रचनाकार बताया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, संदीप पटेल, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, पंधारी यादव, बासुदेव यादव, रविन्द्र यादव, राम अवध पाल, कृष्ण मूर्ति यादव, शांति प्रकाश पटेल, डॉ राजेश यादव, राम सुमेर पाल, जगदीश यादव, महेन्द्र निषाद, नाटे चौधरी, प्रभात यादव, वजीर खान, महबूब उस्मानी, मेहरबान सिंह आदि मौजूद रहे।

# फाफामऊ में छात्र की हत्या मामले में लव एंगल पर जांच

## इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों से भी पूछताछ, आखिर मृतक के कमरे में क्यों रखे थे तमंचा और कारतूस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फाफामऊ इलाके में पार्षद सुरेंद्र यादव के चचेरे भाई प्रतियोगी छात्र शिव प्रसाद की नृशंस हत्या के मामले में लव एंगल पर जांच आगे बढ़ रही है। अब तक की जांच से यही माना जा रहा है कि प्रतियोगी छात्र को बुलाकर मार दिया गया। घरवालों ने किसी से दुश्मनी की बात से इंकार किया है। फाफामऊ में बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास सरेआम हत्या हुई इसलिए पुलिस कई छात्रों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना सरिया बरामद किया है।

पुलिस जांच में यह भी साफ हुआ है कि शिव प्रसाद का इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों संग बैठना उठना था। वह रोज वहां कई घंटे गुजारता था। फाफामऊ पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल से कई लोगों से लंबी बातचीत का विवरण मिला है। जांच की जा रही है। मारे गए प्रतियोगी छात्र अपनी आलमारी में तमंचा कारतूस क्यों रखे था, इसे लेकर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है। तमंचा शिव प्रसाद का है या फिर उसे किसी ने रखने को दिया था। तमंचे की कहानी से पुलिस को यही लग रहा है कि इन दिनों उसका किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

ज्ञात हो कि प्रयागराज में रविवार की देर रात प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या कर दी गई थी। उसके गले में सरिया घोंप दी गई। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास उसका खून से लथपथ शव मिला। हत्या की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से कई एविडेंस कलेक्ट किए हैं।

घटना गंगापार इलाके के फाफामऊ में बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास की है। देर रात हत्या से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पार्षद सुरेंद्र यादव के चचेरे भाई शिव प्रसाद (25) उर्फ नंचू के रूप में हुई है। पहले कहा गया कि उसे गोली मारी गई। हालांकि, पुलिस ने जांच की तो पता चला सरिया गर्दन में घोंपकर उसे मारा गया।

शिव प्रसाद की हत्या से इलाके में आक्रोश फैल गया। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच मामला संभाल लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि फाफामऊ के मोरहूं गांव के रहने वाले सरजू प्रसाद किसानी करते हैं। उनके तीन बेटों में सबसे छोटा शिव प्रसाद था। वह बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे गद्दोपुर में रिश्तेदार मुकेश के नए मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रह था।

रविवार देर रात शिव प्रसाद को मोरहूं स्थित घर जाना था। वह रात में घर नहीं पहुंचा तो भाई राम प्रसाद और भतीजे आजाद ने फोन किया। फोन नहीं लगा तो वे बाइक से उसके कमरे पर पहुंचे। गेट खोलते ही बरामदे में शिव प्रसाद का खून से लथपथ शव मिलने से उनके होश उड़ गए। उसकी गर्दन से खून निकल रहा था।

# अनियंत्रित बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, बाप-बेटी सहित चालक गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी व ऑटो की सीधी टक्कर होने से बाप,बेटी चोटिल हुए हैं। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल भेजा है।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात 10ः30 बजे मेजा थाना क्षेत्र के लोहारी गांव के समीप बोलेरो व ऑटो में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।सिरसा अमिलहवा से पनासा करछना की ओर जा रही ऑटो गाड़ी जैसे ही मेजा थाना क्षेत्र के लोहारी गांव के दुर्गा मंदिर के समीप पहुंची ही थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी ने आटो में जोरदार टक्कर मार दिया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त रही कि बोलेरो गाड़ी ऑटो में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे एक मकान में घुस गई।वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई।आटो में सवार प्रमोद कुमार साथ में रही बेटी अंकिता निवासी मेजा थाना क्षेत्र बिजौरा को मामूली चोटे आई हैं, जबकि इसी गांव के चालक दयाशंकर पुत्र राम संजीवन मिश्रा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा, उपनिरीक्षक गौरव यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा है। जहां डॉक्टरों ने ऑटो चालक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना में आटो चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# डीएम का कड़ा में बी0आर0सी0, उच्च प्राथमिक विद्यालय व कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम का किया आकस्मिक निरीक्षण

## डीएम ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से कार्यालय आने के दिये निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** डीएम कौशाम्बी मधुसुदन हुल्गी ने सोमवार को कड़ा में स्थित बी0आर0सी0 , उच्च प्राथमिक विद्यालय व कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम द्वारा बी0आर0सी0 कड़ा के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, कोई भी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित नहीं था। चपरासी रघुनाथ कुछ ही देर में कार्यालय में उपस्थित हुए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए चपरासी रघुनाथ को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय आना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर बताया गया कि वे विद्यालयों का निरीक्षण कर रहें है, जिस पर



जिलाधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षाधिकारी का लाइव लोकेशन लेने पर वो विद्यालय का निरीक्षण करते हुए पाये गये। उन्होंने वरिष्ठ सहायक सकलैन से छात्र-छात्राओं के डीबीटी की अद्यतन स्थिति, विद्यालयों का कायाकल्प एवं विकास खण्ड में निपुण छात्र-छात्राओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने एआरपी के विषय में भी जानकारी प्राप्त किया।जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कुल छात्रों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के निपुणता पर विशेष ध्यान दिया जाय। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि वर्षा के समय रसोई घर की छत से पानी गिरता है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को छत की मरम्मत करवाने के निर्देश दियें। अध्यापकों द्वारा टैबलेट न लेकर आने एवं टैबलेट बन्द पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि टैबलेट ओपेन रखा जाय तथा शासकीय कार्यो को सम्पादित किया जाय। उन्हांने विद्यालय में स्मार्ट क्लॉस क्रियाशील न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया स्मार्ट क्लॉस क्रियाशील कराया जाय। उनके द्वारा छात्र-छात्राओं से अग्रेंजी की किताब पढ़वाया गया एवं गणित के सवाल पूँछे जाने पर सही जवाब दिया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पायी गई।

जिलाधिकारी ने कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें कनिष्ठ सहायक शिवम मौर्य एवं आउटसोर्स के कर्मचारी अनुपस्थित पाये गयें। क्षेत्र में रहने के स्थान पर कार्यालय परिसर में जेसीबी एवं कूड़ा गाड़ी आदि खड़ी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उत्तरदायी अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ई0ओ0 को नगर पंचायत सिराथू का चार्ज होने के कारण आज वे कार्यालय नगर पंचायत सिराथू में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यो को सम्पादित कर रहें है।

# वृद्ध जन स्वास्थ्य शिविर में डेढ सौ मरीजों ने कराया उपचार

## आयुष चिकित्सालय सिराथू के तत्वाधान में टेंगई में लगाया गया स्वास्थ शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू में स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय द्वारा सोमवार को विकास खंड सिराथू के टेंगाई गांव में वृद्ध जन स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। जिसमे 60 वर्ष से अधिक के डेढ सौ बुजुर्गो की खून,यूरिन, बलगम की जांच कर खान पान निमित्त दिनचर्या व व्यायाम के बारे में जानकारी देते हुए औषधि वितरित की गई।

उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के तत्वावधान में टेंगाई ग्राम पंचायत में चिकित्साधिक्षक डॉ हर्षुल गौतम के मौजूदगी में बवासीर,गठिया, क्षय रोगियों की खखार जांच, नाक कान गला, , बीपी, शुगर , बुखार, पेट से जुड़ी समस्यों का उपचार किया गया। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ गगन सिंह ने कहा कि नियमित रूप से आयुष चिकित्सालय में खूनजाँच, पंचकर्म, क्षारसूत्र, फिजियोथैरेपी, योगा जैसी तमाम सेवायें मिल रही हैं। डॉ जितेंद्र सोनकर ने बताया वृद्धावस्था के दौरान हल्के नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन, पूरी नींद लेना आवश्यक है। इसके अलावा दैनिक दिनचर्या के बारे में भी जागरूक किया। डेढ सौ मरीजों में 58 का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, ऑक्सीजन लेवल की जांच की गई। अधिकतर बुजुर्गो में कमर दर्द, घुटने के दर्द ,आँखो की कमजोरी बवासीर जैसी शिकायत मिली। शिविर में वृद्ध , दिव्यांगजनों , बच्चों व महिलाओं के अलग-अलग प्रकार के परीक्षण के लिए विशेषज्ञ उपस्थित रहे। यूनानी चिकित्सक डॉ गुलजार रिजवी ने बताया कि चिकित्सालय में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक चिकित्सा के अलावा यूनानी पद्यति की हिजामाथैरेपी से सफलतापूर्वक उपचार किया जाता है। अस्पताल में मरीजो के लिए सभी प्रकार की दवाये प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है । इस मौके पर स्टाफनर्स साधना वर्मा , वार्ड ब्वाय शैलेश सोनकर , अवधेश कुमार , मनजीत सोनकर आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने मामूली विवाद में सगे भाइयों पर धारदार हथियार से किया हमला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मनौरी, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव में सोमवार दोपहर पड़ोसी दबंगों ने मामूली विवाद को लेकर सगे भाइयों की जमकर पिटाई कर दी। इससे उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

निजामपुर पुरैनी गांव के रामसिंह पटेल पूर्व प्रधान हैं। सोमवार दोपहर उनका बड़ा बेटे ज्ञानसिंह पटेल को पड़ोसी परिजनों और साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर रहे थे। भाई को पिटता देख रितिक पटेल बीच बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि दबंगों ने धारदार हथियार से उसपर भी हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर का होगा प्रशिक्षण

**कौशाम्बह।** अन्य पिछड़े वर्ग के इच्छुक बेरोजगार युवक, युवतियॉ ''ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए वेबसाईट पर 12 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि आवेदन करने के उपरान्त ऑनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति प्रिन्टआउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों सहित कार्यालय संख्या-27 जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, मंझनपुर में दिनांक 12 अगस्त 2024 की सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकतें हैं। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण चयन के लिए विचार नहीं किया जायेंगा।

# दहेजलोभियों की पिटाई से घायल विवाहिता की इलाज के दौरान मौत

## ● थाने में ससुरालियों के खिलाफमुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के पेरई गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर वधू पक्ष ने ससुरालियों पर बेटी की पिटाई कर अधमरा कर दिया। घायल विवाहिता की प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रयागराज के बहादुरगंज की सुशीला केशरवानी पत्नी महेश केशरवानी के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी शिवानी की शादी मई 2022 में पिपरी कोतवाली के पेरई गांव निवासी उमेश केशरवानी के बेटे विकास केशरवानी के साथ की थी। शादी के समय उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया था। आरोप है कि शादी बाद बेटी को मारपीट कर दहेज की मांग करने लगे।

मांग पूरी न होने पर आए दिन प्रताड़ित करते थे। तीन महीने पहले ही दामाद विकास को दो लाख रुपये नकद देकर बेटी को ससुराल भेजा था। हाल ही में पांच जुलाई को भूमि पूजन के लिए शिवानी फिर से ससुराल आई थी। उसने बताया कि ससुराल वाले पांच लाख रुपये फिर से मांग रहे हैं। सुशीला के अनुसार 20 जुलाई को बेटी फोन पर रोते हुए बताया कि उसको जान से मार दिया जाएगा। तभी गाली गलौज कर उसका फोन छीन लिया गया। दामाद व अन्य ससुरालीजनो के मोबाइल पर फोन करने पर रिसीव नहीं कर रहे थे। कुछ देर बाद दामाद ने बताया कि शिवानी की तबियत खराब है। उसे इलाज के लिए प्रयागराज ला रहे हैं। आरोप है कि अस्पताल जाकर बेटी को देखा तो उसके गले पर फंदे का निशान था। वह मरणासन्न थी। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां इलाज के दौरान एक अगस्त की रात शिवानी की मौत हो गई। इस संबंध में पिपरी थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि मृतका की मां की तहरीर पर पति विकास केशरवानी, ससुर उमेश केशरवानी, सास सुनीता देवी, देवर अमन केशरवानी, देवरानी अंजली केशरवानी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

# वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी कमलेश निवासी चकिया मलाक पिंजरी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया।



## बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक राम अवध बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबन्धित बाल अपचारी को पश्चिम शरीरा चौराहे से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यो की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि नियमित भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाय कि मॉडल ग्राम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में किये जा रहें सभी गतिविधियॉ क्रियाशील रहें। जिलाधिकारी द्वारा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट इकाई, नेवादा में विद्युत कनेक्शन का कार्य जल्द से जल्द कराकर इकाई को चालू कराने



के निर्देश दियें गये। बैठक में जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी अपने-अपने विचार रखें गये। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 7240 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 3755 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 1674 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी 3485 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 2081 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 408613 लाभार्थियों के शौचालयां का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 390791 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका हे, अवशेष 17822 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि गंगा एक्शन प्लान के तहत गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों को माडल घोषित किया जाना है, जिसमें 30 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 41 ग्रामों को मॉडल ग्राम घोषित किया जा चुका है, बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराए गए कार्यो पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए जाने पर विचार-विमर्श,वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय, आईईसीध् प्रचार-प्रसार मद, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन तथा प्रशासनिक मद एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा एक्शन प्लॉन के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकरी सुखराज बन्धु एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रिंटर मशीन खराब होने से खाताधारक हो रहे हैं परेशान

**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** इस वक्त चम्पहा बाजार स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक में लगभग 06 महीना से बैंक का प्रिंटर खराब पड़ा है। आज तक बैंक कर्मी प्रिंटर को नहीं बनवा पाए। प्रिंटर न बनने से खाता धारक अपने पासबुक का लेखा-जोखा का पता नहीं लगा पाए। जब भी बैंक में बैंक कर्मचारियों से बोला जाता है तो बैंक के कर्मचारियों ने आजकल आजकल करते हुए 6 महीने बिता डालें अभी तक बैंक का प्रिंटर नहीं बनवा पाया। पासबुक कॉपी पर प्रिंट न होने की वजह से लोगों में भारी आक्रोश फैला हुआ है ग्राहक अपने पासबुक पर प्रिंट न होने से खुद को नहीं मालूम हो पता है कि मेरे खाते में कितनी धनराशि है और कितनी निकाली गई जब ब्रांच मैनेजर से बात कही जाती है तो ब्रांच मैनेजर प्रिंटर बिगड़े होने की बात कह कर वहां को बैंक से बाहर निकाल देते हैं। ग्राहक का नाम राधे श्याम, रमेश, धर्मेंद्र, लाल सिंह व हेमराज ऐसे बहुत से ग्राहक है कि जिनकी कॉपी में प्रिंट नहीं हो पा रहा

# प्रतियोगी छात्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रतियोगी छात्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विक्की खान के नेतृत्व में सैकड़ो प्रतियोगी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर लोक सेवा आयोग पर एक बार पुनः धरना दिया। धरने के दौरान आयोग पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

लोक सेवा आयोग द्वारा वार्ता के लिए विविध प्रशासनिक अधिकारी पवन मौर्य को नियुक्त किया गया। श्री मौर्य ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत तीन मांगों में प्रथम पर कहा कि एलटी एवं प्रवक्ता जीआईसी के अहर्ता विवाद का समाधान हो चुका है। किंतु सर्विस रूल पर अनुमति एवं एल टी (जी आई सी) में द्विस्तरीय परीक्षा पर अनुमति से संबंधित प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया हैस अनुमति मिलते ही विज्ञापन जारी कर दिया जाएगास द्वितीय - मांग के संबंध में उन्होंने कहा कि एलटी(जीआईसी)- 2018 के तृतीय अवशेष श्रेष्ठता सूची पर आयोग द्वारा अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन अतिशीघ्र ही इसका समाधान होने का उन्होंने आश्वासन दिया स तृतीय मांग के रूप में उन्होंने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के अर्हता विवाद का अभी समाधान नहीं हुआ है। यह समाधान निदेशक (बेसिक शिक्षा विभाग) के द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत ही विज्ञापन जारी करना संभव हो पाएगा। प्रदर्शन करने वालों में कृपाशंकर निरंकारी ,संदीप कुमार कुशवाहा, अजय अवस्थी, प्रवेश श्रीवास्तव, इफ्तेखार उल हक ,उषा देवी, राजेश कुमार ( बालाजी), विनोद यादव, राम मणि त्रिपाठी, शिवकुमार, संजू यादव, राममिलन गौड़, अतुल वर्मा, वाल्मीकि ,चंद्रजीत, सुनील सरोज, अजीत सिंह, रवि प्रकाश शर्मा, मुबारक अली, आदि लोग मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कनैली/ गुरौली, कौशाम्बी।** कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र के गांव जुगराजपुर में सोमवार को प्रातरू विजय लाल सरोज की दुधारू भैंस बिजली का करंट लगने से मर गई। विजय लाल सरोज अपनी भैंसों को तालाब पर लेकर जा रहा था तो तालाब के पास बिजली के खंभे के स्टे में करंट उतरा हुवा था जिसने उक्त भैंस को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बिजली विभाग की लापरवाही से हर साल होता है एक दो हादसा इसके बाद भी बिजली विभाग के रवैया में कोई बदलाव नहीं आया ग्रामीणों का कहना है की जब भी बिजली विभाग नही सुधार कर रहा है।

# अली मुक्तेदा बने इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष, करन बने जिला महामंत्री

## ● इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब का चुनाव सकुशल हुआ सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। वोटिंग के बाद मतों की गिनती कराई गई। जिसमे जिला अध्यक्ष पद पर अली मुक्तेदा विजई हुए। और महामंत्री पद के लिए करन सिंह विजई हुवे। बाकी के अन्य पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीते। जीते हुवे प्रत्याशियों को राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के जिला अध्यक्ष मेराज शेख ने फूल और माला पहना कर बधाई दी। इसी बीच लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।





इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब कौशांबी के तत्वाधान में सोमवार को क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना कार्यालय में आयोजित किया गया।, चुनाव एल्डर कमेटी के शादाब रिजवी , अनिरुद्ध पांडेय , नीरु यादव , प्रसिद्ध मिश्रा व अशोक केसरवानी की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अली मुक्तेदा को कुल 24 मत मिले वही प्रतिद्वंदी जिया रिजवी को 16 मत मिले। अली मुक्तेदा 8 मतों से विजयी होकर इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के नए अध्यक्ष चुने गए। महामंत्री पद के लिए करन सिंह यादव को 30 मत मिले, प्रतिद्वंदी अरविंद तिवारी को 10 मतों से संतोष करना पड़ा। निर्विरोध जीतने वालों में उपाध्यक्ष पद पर आशीष पांडेय, संगठन मंत्री पद नितिन अग्रहरि, कोषाध्यक्ष पद चंद्रशेखर, आयव्याय पद पर बने सतेंद्र खरे विजई हुवे। चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। साथ ही इसी बीच मिठाई और माला लेकर सबीह हैदर मीनू, कमरूल हसन, मोहम्मद वसीम, मेराज अहमद, सब्बर रिजवी, एडवोकेट औन रिजवी, सोने लाल, मोहम्मद आलम आदि ने अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुवे अली मुक्तेदा को बधाई दी।

# एयरेशन सिस्टम की स्थापना नामक एक नवीन योजना का होगा शुभारम्भ

कौशाम्बी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों को समर्पित, सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना नामक एक नवीन योजना का शुभारम्भ किया जा रहा हैं। इस योजना के लिए विभागीय पोर्टल पर 19 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। योजना में मत्स्य बीज हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे के तालाब पर ऐसी महिला मत्स्य पालक जिसके तालाब की पट्टा अवधि 05 वर्ष शेष हो एवं तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हेक्ट0 हो आवेदन कर सकतीं हैं। योजना सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल एवं कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, मंझनपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

संक्षिप्त खबरें

## बस चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के विरसिंहपुर पाण्डेय का पुरवा निवासी बाबूलाल के पुत्र रामप्रताप तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस जुलाई को शाम चार बजे उसका लड़का घर से बसन्तगंज स्थित दुकान पर जा रहा था। इसी समय विरसिंहपुर जंगल के पास अच्छन टैऊव्रेल्स अठेहा की बस ने टक्कर मारकर उसके पुत्र को चुटहिल कर दिया। दुर्घटना में घायल अनुज को गंभीर चोटें आ गयी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक अभी भी घायल का इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** – पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व/मार्गदर्शन में आज सोमवार को थाना रानीगंज के उ0नि0 गिरजा प्रसाद सिंह ने मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 108/24 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307, 325, 427, 452, 201 भादवि में वांछित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी ग्राम आमापुर बेर्रा (मधवापुर) थाना रानीगंज जनपद को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया।

## बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चार बम के साथ दबोचने में सफलता ली है। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ अमावां तिराहे पर गश्त कर रहे थे। मुखबिरी सूचना पर पुलिस ने अमावां-वर्मा नगर रोड पर असैनापुर भटठे के समीप एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने पकडे गये आरोपी असैनापुर निवासी अवधेश कुमार यादव पुत्र रामजस की तलाशी ली तो उसके पास से चार देशी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## चारागाह पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर के मल्हीपुर पटटी कचेहरा निवासी शशांक शेखर ने चारागाह पर अवैध अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी है। फरियादी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसके गांव के कुछ लोगों ने दबंगई से चारागाह पर नुकीले तार का बाड़ लगा दिया है। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया हैं कि बीती सत्ताईस जून को राजस्व विभाग ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## कांग्रेस की बैठक आज

**प्रतापगढ़** –जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में कल 06 अगस्त को पूर्वान्ह 11ः00 बजे कुंडा मुख्यालय पर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें कुंडा, कालाकांकर, बाबागंज एवं बिहार के ब्लॉक अध्यक्षों व चारों ब्लॉकों के कार्यकर्ताओं, नेताओं व पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने बताया कि बैठक संगठन के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमें चारों ब्लॉकों के कांग्रेसजनों को शामिल होने के लिए कहा गया है।

## पिता ने लगाया बेटे पर गंभीर आरोप

**हीरागंज प्रतापगढ़–** महेशगंज थाना क्षेत्र के अवचकवापुर नारियावा निवासी शिव प्रसाद यादव ने अपने बेटे विनीत कुमार यादव और उसकी पत्नी स्वीटी के गलत आचरण के कारण बीते एक माह पूर्व अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। जिसके बाद बेटा अब अपनी पत्नी और बहन पूनम यादव को साथ में लेकर अपने पिता शिव प्रसाद यादव की संपति को नुकसान पहुचा रहा है और जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। जिससे पीड़ित शिव प्रसाद यादव अपनी जान जाने के डर से घर छोड़ के गाजियाबाद में रह रहा है। पीड़ित ने डीएम को पत्र देकर आरोपी बेटे पर कार्रवाई की मांग की है

## ईंट व्यवसाय को मारी गोली, रेफर

**जेठवारा ।** थाना क्षेत्र के परबतपुर गांव के निवासी शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह 37 वर्ष रविवार की शाम रामगंज बाजार स्थित अपने ईद भट्टे पर बैठे थे अचानक एक युवक उन पर निशाना साध कर गोली मार दिया। गोली सोनू के सिर में लगी और वह बेहोश होकर नीचे गिर गए। घटना के समय भट्टे पर मौजूद मजदूर और मुंशी दौड़कर आए, तब तक आरोपी फरार हो चुका था। आनन फानन में सोनू को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया । स्वरूप रानी अस्पताल में सोनू को आईसीयू में रखा गया है। सिर में गोली लगने के कारण सोनू की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। जेठवारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक पर्वतपुर गांव के निवासी शिवेंद्र प्रताप सिंह रामगंज बाजार में स्थित सचिन ईट उद्योग के नाम से ईट भट्ठे का संचालन करते हैं रविवार की शाम वह भट्टे के कार्यालय में बैठे हुए थे तभी एक युवक अंधेरे का फायदा उठाते हुए उनके पास पहुंचा और उनके सिर में गोली मार दिया। मौके पर दौड़ कर आए लोग भी आरोपी को पहचान नहीं सके ।सूचना मिलते ही जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई ,साथ ही उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। और आरोपी की तलाश कर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। पैसे के लेनदेन का मामला बताया जा रहा है।

## पुरानी रंजिश में महिला को पीटा रिपोर्ट दर्ज

**उदयपुर प्रतापगढ़** –स्थानीय थाना क्षेत्र के लखापुर गांव निवासी कमलेश कुमारी पत्नी रामकुमार पाल ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 27 जुलाई की शाम लगभग सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विनय कुमार पाल पुत्र स्व,राम स्वरूप पाल तथा दो अज्ञात लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मुझे मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार लगाने पर ग्रामीणों के दौड़ने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए द्य पुलिस ने जाँच कर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

## आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़–** वादी मुकदमा की बहन (मृतका) को उसके ससुराल वालो द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंध में 29 जुलाई को मु0अ0सं0-208/24 धारा 108 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना कंधई के उ0नि0 भूपेशनाथ सिंह ने मय हमराह का0 आनन्द यादव, का0 बृजभान चौहान द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 208/24 धारा 108 बी0एन0एस0 से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त राममूर्ति वर्मा पुत्र रामबचन वर्मा निवासी वारीखुर्द थाना कंधई को थानाक्षेत्र के कंजा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर के उ0नि0 रोहित सिंह ने मय हमराह का0 वासिल,का0 ध्यानचन्द कुमार,का0 रोहित यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, वाद सं0- 06 धारा 129 थाना मानिकपुर से संबंधित वारण्टी अभियुक्तों संतोष कुमार पुत्र प्रेम नारायन निवासी जाखामई थाना मानिकपुर एवं श्याम नारायन पुत्र प्रेम नारायन निवासी जाखामई थाना मानिकपुर को थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जाखामई से गिरफ्तार किया।

# स्कूल से गायब प्रधानाध्यापिका सहित आठ शिक्षकों व पांच शिक्षामित्रों को नोटिस

**● तीन दिन के भीतर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी से मांगा जवाब**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** शासन-प्रशासन की तमाम कवायद के बाद भी जिले के प्राइमरी स्कूल के शिक्षक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को अलग अलग स्कूलों में प्रधानाध्यापिका सहित आठ शिक्षक और पांच शिक्षामित्र स्कूल से नदारत रहे। ऐसे शिक्षकों को बीएसए ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

सदर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मतुई का गेट सोमवार सुबह 8.30 बजे तक नहीं खुला था।

स्कूल गेट के सामने बच्चे शिक्षकों के आने का इंतजार कर थे। इस दौरान स्कूल के सामने से गुजर रहे कुछ मीडियाकर्मी रुक गए और शिक्षकों की मनमानी की शिकायत बीएसए भूपेंद्र सिंह को दूरभाष से दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय मतुई की प्रधानाध्यापिका नूरजहां, सहायक अध्यापिका निरुपमा गौड़, वंदना देवी, विमल राव, अन्नू पाण्डेय, विशाल चंद्र सरोज व शिक्षामित्र हसीना बानो, कृष्णा देवी, सरिता सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के अंदर खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

इसी तरह बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर औवार में समय पर स्कूल न पहुंचने पर सहायक अध्यापिका आकृति सिंह, नीतिका शर्मा व शिक्षामित्र अनामिका सिंह, विभा सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### प्राथमिक विद्यालय जमलामऊ बिहार के भी 3 शिक्षकों को नोटिस

**प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय जमलामऊ विकास खंड बिहार के भी 3 शिक्षकों और एक शिक्षामित्र को अनुपस्थित रहने के कारण बीएसए ने नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इन सभी शिक्षकों के आज के वेतन / मानदेय आहरण पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी। इन सभी से भी 3 कार्यदिवस में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# हौदेश्वर नाथ घाट पर गंगा में डुबकी लगा कर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**● मध्य रात्रि के बाद से ही शुरू हो गया था शिवलिंग का दर्शन पूजन व जलाभिषेक**



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बाबा हौदेश्वर नाथ धाम घाट पर पहुंचे हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने मध्य रात्रि के बाद से ही पतित पावनी मां गंगा की निर्मल व अविरल धारा में हर हर गंगे जय मां गंगे के जयकारे के साथ डुबकी लगाकर घाट पर ही स्थित बाबा हादेश्वर नाथ शिवलिंग पर हर हर महादेव के जयकारे के साथ शिव भक्तों ने जलाभिषेक प्रारंभ किया। जैसे-जैसे सुबह होती गई, वैसे-वैसे भीड़ बढ़ती गई। गंगा जी का जलस्तर बढ़ने से नीचे उतरने वाली अधिकांश सीढियां जल में डूब गई है। जिससे जगह कम होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यवस्था संचालन में प्रबंधक जुगनू जी, विनय कुमार ओझा, प्रभारी निरीक्षक नंदलाल सिंह, श्याम बिहारी सिंह, राही सिंह, बालेश्वर तिवारी, बिकास सिंह, पुनीत, शक्ति ओझा समेत भारी पुलिस बल के महिला पुरुष सिपाही सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

# तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में शिवभक्तों का अदभुत नजारा, बोल बम के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक







लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में कांवडिया श्रद्धालुओं व शिवभक्तों का अदभुत नजारा दिखा। भोर होते ही बडी संख्या में कांवडिया श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा का जलाभिषेक करने में आतुर दिखे। वहीं सई की जलधारा में बिराजे देवाधिदेव महादेव को लेकर भी प्रयागराज तथा अमेठी व ऊंचाहार आदि स्थानों से पहुंचे कांवड़ियों में विशेष आकर्षण दिखा। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में स्वयंसेवको ने शिवभक्तों को दर्शन पूजन में सहयोग करते देखा गया। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा सीओ रामसूरत सोनकर भी दोपहर तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के प्रबन्धों में जुटे दिखे। शिवभक्तों ने बाबा को पुष्प, दूध, दही, अक्षत व बिल्व पत्र अर्पित कर अपनी मन्नतें मांगी। इधर सई का जलस्तर बढ़ने से पुलिस घाट पर भी मुस्तैद दिखी। ज्यादातर श्रद्धालुओं ने गंगा सागर में स्नान कर बाबा का दर्शन किया।

धाम में विशेष स्वास्थ्य शिविर में भी चिकित्सा टीम जरूरतमंदो को दवा वितरण में जुटी दिखी। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक तीसरे सोमवार को एक लाख पैंतीस हजार से चालीस हजार तक शिवभक्तों ने धाम में जलाभिषेक किया। वहीं धाम समेत लालगंज, वर्मा नगर, अमावां आदि स्थानों पर लोगो ने कांवड़िया शिवभक्तों के लिए जलपान एवं भण्डारे का भी आयोजन कर रखा था। लालगंज चौक से सांगीपुर के लिए सोमवार की सुबह से दोपहर बाद तक पुलिस ने बडे वाहनों का रूट डायवर्जन करा रखा था।

## ईंट भट्ठे पर चली गोली,हो रही जांच

**प्रतापगढ़** – रविवार की शाम को मोनू सिंह (उम्र-35 वर्ष) पुत्र बच्चा सिंह निवासी ग्राम पर्वतपुर थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत रामगंज स्थित अपने ईंट भट्ठे के कमरे के बरामदे में थे। उस समय लगभग 21.00-21:30 बजे इनसे दूर बैठे चौकीदार को गोली चलने की आवाज सुनाई दी। चैकीदार ने अन्य लोगों को सूचित किया तथा परिजन ईलाज हेतु अस्पताल लेकर गये। अभी तक की जानकारी के अनुसार घायल के सिर में गोली लगी है जिनको ईलाज हेतु जिला अस्पताल जाया गया है। जहां से बेहतर उपचार हेतु एसआरएन प्रयागराज रेफर किया गया है। चौकीदार के अनुसार वह देख नही पाया कि कौन कहां से आया था। चौकीदार कमरे से लगभग 10- 15 मीटर दूरी पर बैठा था। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के प्रत्येक पहलुओं की जांच की जा रही है।

# बेलपत्र के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक



**● सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जुटे श्रद्धालु, दिन भर हर हर महादेव की रहीं धूम**

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयो में भक्तो का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में भांग, धतूरा, बेलपत्र और पुष्प के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिवधामो में सुबह चार बजे से ही भक्तो के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भोलेनाथ की आरती होने के बाद दर्शन पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा। सुरक्षा में लगे लोग पूरे मुस्तैदी के साथ जुटे रहे। जिले के घुइसरनाथ धाम एवं बेलखरनाथ धाम में शिवभक्तो ने जलाभिषेक किया। साथ ही भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए ओम नमः शिवाय का जाप भी किया। बेलखरनाथ एवं घुइसरनाथ धाम में सुबह चार बजे आरती होने के साथ ही दर्शन पूजन शुरू हो गया। सुबह भीड़ अधिक होने के कारण भक्तो की लम्बी कतार लगी रहीं। वही सोमवार को पहुंचने वाले अधिकांश भक्तो के हाथ में जल था। घुइसरनाथ धाम में गर्भगृह में पहुंचकर लोगो ने शिवलिंग पर भी जलाभिषेक किया। धतूर बेलपत्र और पुष्प चढ़ाकर भक्तो ने भोलेनाथ को प्रसन्न करने का प्रयास किया। दर्शन करने के बाद लोग भस्म लगाकर आशीर्वाद लेना नहीं भूले। इस दौरान शिवालयो में हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय की धूम रही। उधर शिवभक्त रूद्राभिषेक भी कर रहे थे। दर्शन पूजन का क्रम सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। उधर बाबा भयहरणनाथ धाम एवं हौदेश्वरनाथ धाम में भी आज सावन के तीसरे सोमवार पर भक्तो का तांता लगा रहा।

## बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** हरि इण्टर प्राइजेज ने बैंक आफ बड़ौदा की मुख्य शाखा पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। साथ ही मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करके कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बंध में शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी फर्म मे. हरि इण्टर प्राइजेज का खाता नं. 0560400050504 है जो बीओबी की मुख्य शाखा में है। विगत 3 अगस्त को प्रार्थी के चेक संख्या 002021 से किसी व्यक्ति ने कृष्णा मुरार के पक्ष 350000/- रूपए मूल्य चेक लगे होने का सुबह मोबाइल पर मैसेज आया। कृष्ण कुमार को मै जानता भी नहीं हूं। साथ ही मैने इस नाम से कोई चेक भी नहीं काटा है। बैंक द्वारा मैने पेमेन्ट रूकवा दिया। इससे पेमेन्ट नहीं हो पाया। शिकायतकर्ता ने एसपी से मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम कोर कमेटी की बैठक में दी गयी जानकारी



**प्रतापगढ़।** डॉक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्टेट टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश के वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर ए0 डी0 शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। बैठक में डी आरटीबी सेंटर के नोडल डॉक्टर वकील अहमद द्वारा मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के विभागध्यक्ष द्वारा टीबी नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए आग्रह किया गया एवं ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मरीजों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 संदीप सक्सेना द्वारा जनपद में चल रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति के बारे में चर्चा की एवं सभी सूचकांकों को विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में डबलू0एच0ओ0 कंसलटेंट डॉक्टर कार्थी विजय, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला पीपीएम समन्वयक, पीएमडी टी समन्वयक, एसटीएस, एसटीएलएस एवम् टीबी एचवी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## हरषुबाबा कृपा समिति का भव्य भंडारा आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**सावन के पावन माह में हरषु बाबा कृपा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। समिति के द्वारा रविवार को यह आयोजन किया गया ,जिसमें दोपहर से ही शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा और शिव भोले महाकाल के जयकारे का उद्घोष और भक्तिभाव श्रद्धालुओं का जमावड़ा आने जाने वालों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही आने जाने वाले लोगों को श्रद्धा भाव से प्रसाद के लिए समिति के पदाधिकारियों का उन्हें बुलाना और भीड़ में प्रसाद को पाना एक अद्धभुत भाव प्रकट करते साफ देखा गया। इधर दिव्य प्रसाद को लेकर तृप्त हुए श्रद्धालुओं में जमकर उत्साह दिखा। समिति के राकेश शर्मा, धीरेन्द्र मिश्रा मोनू, तेजस्वी भट्ट, सचिन मौर्य, रजनीश वैश्य, संदीप तिवारी नें बताया कि सावन माह में यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें कावरियों तथा शिवभक्तो को प्रसाद ग्रहण कराया जाता है ,जो निरंतर चलता रहेगा।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ 'गौरव' का 32वाँ अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ %गौरव% 321ई का 32वां अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इसका उदघाटन क्क्छ्स्न ला. डॉ. क्षितिज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलाध्यक्ष ला. बलबीर सिंह बग्गा, मुख्य वक्ता ष्ट सौरभ कांत श्रीवास्तव, अधिष्ठापन अधिकारी उप मंडलाध्यक्ष प्रथम ला. डॉ अर्पण धर दूबे और दीक्षा अधिकारी उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय ला. उदय चंदानी, कैबिनेट सचिव सुधीर भल्ला, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष गुप्ता, कैबिनेट कोषाध्यक्ष ऋषि जायसवाल, कैबिनेट अधिकारी मनोज खत्री, उमेश कक्कड़, मो. मुस्तफा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सत्र 2023-24 की अध्यक्ष ला. डॉली केसरवानी ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ला. मालिनी केसरवानी नें शपथ ग्रहण के उपरान्त अपने सत्र में होने वाले सेवा कार्य और स्थाई परियोजना व वार्षिक कारयक्रमों के बारे में बताया। ला. श्रद्धा केसरवानी ने सचिव पद की शपथ लेते हुए इस सत्र और लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव को एक नई बुलंदियों पर ले जाने की बात की। ला. दीपमाला मिश्रा ने कोषाध्यक्ष की शपथ लेते हुए क्लब के हर कार्यक्रम में समर्पित होने की बात की। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन ला. मनीष केसरवानी, जोन चेयरपर्सन आनंद केसरवानी, कोआर्डिनेटर ला. पियूषकांत शर्मा, जय प्रकाश खण्डेलवाल, सतवीर सिंह, रवि सिंह, राकेश शुक्ला, राजेश कुन्दनानी, हरीश सैनी व लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा अन्य सभी प्रतिष्ठित सामाजिक एवं विविध स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों भी उपस्थिति थे जिनहोंने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। लायंस क्लब 'गौरव' के सेवा भाव और समर्पण से प्रभावित होकर पांच नये सदस्यों विकास केसरवानी, सत्येन्द्र सिंह, गुरूदीप सिंह बग्गा, मनीष चौरसिया एवं रवि केसरवानी ने लायंस क्लब 'गौरव% की सदस्यता ग्रहण की।

स्वागत भाषण चार्टर अध्यक्ष ला. डा बृजभानु सिंह तथा संचालन ला. शिशिर खरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष ला. प्रेम खण्डेलवाल ने अतिथियों और उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

लोकमित्र
कौशाम्बी, मंगलवार ,6 अगस्त 2024



संक्षिप्त खबरें

## रसूलपुर गिरसा में रामपथ गमन मार्ग में ग्रामीणों ने अंडर पास बनवाए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे के रसूलपुर गिरसा गांव में राम पथ गमन मार्ग के निर्माण में गांव का रास्ता बंद हो रहा है , ग्रामीणों ने अंडर पास बनवाने के लिए प्रदर्शन करते हुए राम पथ गमन मार्ग में अंडर पास बनाए जाने की मांग करते हुए डीएम कौशाम्बी को ज्ञापन सौपा है। नगर पालिका भरवारी के वार्ड नंबर 5, रसूलपुर गिरसा गाँव के बगल से जा रहें राम वन गमन मार्ग में गाँव के मुख्य मार्ग कों फ्लाइ ओवर बनाकर बंद किया जा रहा है, जिसके विरोध में और फ्लाइ ओवर पुल में छोटा सा अंडर पास की मांग कों लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने डीएम कौशांबी को ज्ञापन सौंपा है,डीएम ने ग्रामीणों की मांग कों मानकर आम जनमानस के आवागमन के लिए गाँव के मुख्य मार्ग में फ्लाइ ओवर के नीचे छोटा सा अंडर पास बनाये जाने का आश्वासन दिया हैं। इस दौरान भूपेंद्र मौर्य , हरिश्चंद्र , संजय मौर्य , विनोद गौतम , हरिमोहन , गुरु प्रसाद , जगदीश , श्याम चंद्र , मुकेश , शिवचंद्र सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## देवर ने कुनबे संग घरेलू विवाद में भाभी को पीटा

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के चौराडीह गांव में रविवार की शाम घरेलू विवाद को लेकर देवर ने कुनबे संग भाभी को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चौराडीह गांव की शर्मिला पत्नी रामधीरज कोरी के अनुसार उसका पति प्रयागराज शहर में रहकर मजदूरी करता है।वह अपने छोटे -छोटे बच्चों के साथ घर पर रहती है। उसका देवर के साथ घरेलू विवाद चल रहा है। रविवार की शाम वह घरेलू कार्य कर रही थी।इसी दौरान उसका देवर अपने कुनबे के साथ उसके घर पहुंचा और उसी विवाद को लेकर गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने मोबाइल के जरिए पति को मामले की जानकारी दी। घायल ने थाने जाकर आरोपी कुनबे के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## पति ने देवर संग मामूली विवाद में पत्नी-बेटे को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक काजीपुर गांव में रविवार की शाम मामूली विवाद में पति ने देवर संग पत्नी और बेटे को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।काजीपुर गांव की कौशल्या देवी पत्नी रंजीत सरोज के अनुसार रविवार की शाम वह घरेलू कार्य कर रही थी।इसी दौरान उसका पति किसी बात से नाराज होकर बेटे गुड्डू की पिटाई करने लगा।उसके बीच-बचाव करने पर वह उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने देवर के साथ मिलकर डंडों से उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया।मां को पिटता देख उसे बचाने गये गुड्डू को भी पीटा। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## चोरों ने घर के बाहर बंधी दो भैंसों को किया पार

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के उजिहिनी फरीदपुर गांव में रविवार की रात घर के बाहर बंधी भैंसों को चोरों ने पार कर दिया। सुबह भैंसों को घर के बाहर न देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने मवेशियों की खोजबीन की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है। उजिहिनी फरीदपुर गांव की महनुमा बानो पत्नी सैफ उद्दीन मवेशी पालक हैं। उसके अनुसार वह अपने जानवरों को घर के बाहर बांधती है। रविवार की रात वह भैंसों को चारा पानी खिलाकर परिवार संग घर के छत पर सोने चले गयी। इसी दौरान चोरों ने उसकी दोनों भैंसों को पार कर दिया।सुबह भैंसों को घर के बाहर न देख उसके होश उड़ गए। उसने तमाम जगह मवेशियों की तलाश की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा।इससे निराश होकर भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## भाई ने कुनबे संग जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर अधेड़ को दी धमकी

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के काठगांव में भाई ने कुनबे संग छोटे भाई की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। रविवार को अधेड़ के विरोध करने पर वह सभी उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

काठगांव गांव निवासी रामप्रताप पुत्र लाला के अनुसार गांव में उसकी कीमती जमीन खाली पड़ी है। रविवार को बड़े भाई ने कुनबे संग उसकी जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। जानकारी पाकर वह मौके पर पहुंचा।उसने जमीन पर कब्जा करने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने पर वह सभी उसके साथ मारपीट पर आमादा हो गये और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित अधेड़ ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## छात्रा संग छेड़खानी का विरोध करने पर महिला को दी धमकी

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि पति की मृत्यु हो जाने के बाद वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है।उसकी एक बेटी गांव के बाहर स्थित एक स्कूल में साइकिल से पढ़ने जाती है। पड़ोसी गांव का एक युवक आए दिन उसकी बेटी को परेशान करता रहता है। सोमवार की दोपहर उसकी बेटी स्कूल से घर लौट रही थी।इसी दौरान वह युवक वहां पहुंचा और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा ने घर जाकर मां को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि छेड़खानी का विरोध करने पर युवक ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। चीख-पुकार सुनकर लोगों को आता देख वह युवक धमकी देता हुआ वहां से चला गया।पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## एमवी इंस्टीट्यूशंस की आरुषि गौतम ने हासिल किया प्रथम स्थान

**चायल, कौशाम्बी।** डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ ने बीटेक अन्तिम वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें रसूलाबाद कोइलहा गांव स्थित मधु वाचस्पति इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा आरुषि गौतम ने 8.51 सीजीपीए हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।सभी ब्राचों में 7 सीजीपीए से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से आरुषि गौतम 8.51, सिविल इंजीनियरिंग से हेमंत चौरसिया 8.15, कंप्यूटर साइंस से प्रियंका सिंह 8.5, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से दीपक गुप्ता 7.65 ( डिक्टेशन के साथ), मैकेनिकल इंजीनियरिंग से योगेंद्र कुमार मिश्रा 7.47, प्रमुख रहे। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर वाचस्पति, कुल सचिव समर अब्बास, निदेशक डॉक्टर एसपी गौतम, डीन इंजीनियर अजय सिंह एवं सभी फैकल्टी ने इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रूप नारायणपुर गोरियो में दो साल में भी नहीं पुरा हुआ निर्माणाधीन पानी टंकी का निर्माण कार्य

**● कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों की लापरवाही से गांव की सड़के हुई कीचड़ युक्त व फैली गंदगी**





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश के तहत ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर जल, जल जीवन मिशन के तहत विकास खंड सिराथू के रूप नारायणपुर गोरियो गाव में लगभग 227.91 लाख की लागत से दो वर्ष पहले पानी टंकी के निर्माण कार्य शुरू किया गया था । लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी पानी टंकी निर्माण कार्य और पाइप लाइन बिछाने के कार्य में समय सीमा का ध्यान नहीं रखा जा रहा है जो को अभी तक अधूरा है।

जल जीवन मिशन के तहत सिराथू के रूप नारायणपुर गोरियों ग्राम में पानी टंकी के निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा घर घर एनएल कनेशन देने के लिए गलियों में पाइप लाइन भी बिछानी है। लेकिन यह काम भी अधूरा है। जब काम शुरू हुए तो ग्रामीणों में खुशी था की उनके घर तक सीधा पानी आएगा। पेयजल के लिए पानी लाने के लिए दूर तक नही जाना पड़ेगा। लेकिन अब ग्रामीणों का यह सपना भी चूर चूर होते नजर आ रही है। जिस ठेकेदार द्वारा पानी टंकी बनाया जा रहा है उनके द्वारा अभी भी निर्माण कार्य जारी ही रखा है। जबकि अब तक पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो जाना चाहिए थे। ग्रामीणों के कहना ही की बार बार अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी पानी टंकी का निर्माण कछुआ की चाल से चल रहा है।

### ● क्या कहते है ग्रामीण

रुप नारायणपुर गोरियों गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरजीत सिंह का कहना है की करोड़ों की लागत से बन रहे पानी टंकी का निर्माण दो साल में भी नहीं पूरा हुआ , पानी टंकी के निर्माण का कार्य कछुआ गति से चल रहा है ।

दिलीप सिंह का कहना है की पानी टंकी के निर्माण कार्य में लगी कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों व ठेकेदारों की मनमानी के चलते निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है ।

राम भवन का कहना है की कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा गांव में इंटर लॉकिंग व खड़ंजा मार्ग के बीच से पाइप लाइन तो बिछा दी गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया है जिससे बारिश में गांव में जलभराब व कीचड़ भरा रहता है ।

प्रदीप कुमार का कहना है की पाइप लाइन बिछने के बाद गांव में गलियों का बुरा हाल है हर तरह गांव में गंदगी फैली है जिससे संक्रमण की बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है।

### ● क्या कहते है एक्सियन जल निगम

मामले में एक्सियन जल निगम जयपाल सिंह का कहना है की जल्द ही निर्माणाधीन पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा । अगर जल निगम द्वारा खोदी गई इंटरलाकिंग निर्माण प्रधान ने करवाया है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल लाइन में बने अंडर पास पुल के नीचे पानी भरा होने के कारण लोग रेलवे लाइन पार कर इस पार से उस पार जाते है , ताजा मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव के नजदीक रेलवे लाइन में बने अंडर पास पुल के नीचे पानी भरा होने के कारण वृद्ध रेल लाइन पार कर रहा था तभी वृद्ध रेलवे ट्रैक के डाउन लाइन पर वन्दे मातरम ट्रेन की चपेट में आ गया जिसने वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार निवासी ज्ञानी पुत्र राम सहाय 65 वर्ष के रूप में करते हुए औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के घरवालों की माने तो कनवार रेलवे स्टेशन के पास बने अंडर पास पुल के नीचे पानी भरा होने के कारण सोमवार की सुबह वृद्ध खेत जानें के लिए रेलवे लाइन पार कर रहा था। वृद्ध की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया।

## समस्याओ के निस्तारण हेतु लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वाधान में लेखपाल संघ सिराथू के अध्यक्ष सुनील दिवेदी व मंत्री कमल सिंह की अगुवाई में लेखपालों ने एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवस्ताव को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा । सौपे गए ज्ञापन के हवाले से लेखपालों ने बताया की खतौनी अंश निर्धारण कार्यक्रम में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की कमी के साथ-साथ सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामियों का उल्लेख किया गया है। इन समस्याओं के कारण सहखातेदारों के अंश त्रुटिपूर्ण हो गए हैं, जिससे किसानों को क्रेडिट कार्ड और बैनमा जैसी सेवाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि न्यायालय में वाद बढ़ रहे हैं और लेखपालों पर कार्रवाई हो रही है। लेखपालों ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा की त्रुटिपूर्ण अंशों को सुधारने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए इसके अलावा, ऑनलाइन खसरा फीडिंग और प्रिंट की वेबसाइट में सुधार की आवश्यकता भी जताई गई है।

लेखपालों ने प्रशासन से इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह , लेखपाल संघ सिराथू अध्यक्ष सुनील दिवेदी , मंत्री कमल सिंह सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

## एसडीएम ने अधिवक्ताओ के संग की परिचयात्मक बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवस्ताव ने सोमवार को सिराथू तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप वादकारी के हित में कार्य करते हुए बार और बैंच के बीच बेहतर तालमेल करने की बात कही। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह ने कहा की सभी को आपसी तालमेल के साथ काम करना चाहिए । बैठक के अंत में नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में बार और बैंच के संबंध मधुर रहेंगे। इस दौरान मौजूद अधिवक्ताओ ने भी बारी बारी से अपने विचार रखते हुए तमाम मुद्दों पर चर्चा की ।

इस मौके पर एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवस्ताव के साथ प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह , नायब तहसीलदार अतुल कुमार , अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिव सेवक अग्रहरी , पूर्व अध्यक्ष बसंत सिंह , बालेंद्र धर दिवेदी , महामंत्री उमाकांत शुक्ल , बद्री प्रसाद त्रिपाठी , हरिमोहन गुप्ता , जयदीप पांडेय , प्रदीप रस्तोगी , हेमंत जौहरी , चौधरी करन सिंह , राम करन सिंह , धनंजय सिंह यादव , राघवेंद्र कुमार , मनोज सिंह , मो सफीक , सरकार आलम , देवेंद्र सिंह , दीपक मौर्य , अतुल श्रीवास्तव , शिव सिंह , सतीश मिश्रा , संजय मालवीय , जे पी, कमलेश , राजेश गुप्ता सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विकास के मामले में हाफ रहा है डिप्टी सीएम का जिला........!

**▶▶ हफ्ता भर होने को है नहीं हुई जिले में सीडीओ की तैनाती**
**▶▶ एक अधिकारी के जिम्मे तीन विभागो की जिम्मेदारी**
**▶▶ आठ ब्लाकों में पांच बीडीओ देख रहे कामकाज**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** डिप्टी सीएम के जिले में विकास विभाग हाफ रहा है सीडीओ सेवानिवृत्त हो गए, जिला विकास अधिकारी का गैर जनपद तबादला हो गया है, आठ ब्लॉक की व्यवस्था पांच बीडीओ देख रहे हैं, ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की जिले की विकास की रफ्तार क्या होगी , माना यह जा रहा था की डिप्टी सीएम को यह मंत्रालय मिलने के बाद जिले का विकास रफ्तार पकड़ेगी कितनी रफ्तार है विकास की इसका अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। अब सवाल यह है की क्या जनपद विकास की रफ्तार पहले जैसे पकड़ेगा भी या नहीं।

जिले की सियासत में दो कद्दावर नेता हमेंशा आमजन के बीच चर्चा में रहे , एक तो सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य , दूसरे पूर्वमंत्री इंद्रजीत सरोज इनके कार्यकाल के दरमियान विकास का जो पैमाना तैयार हुआ है वह आज तक लोग उसी पैमाने पर विकास को आंकते है यही कारण है की सियासी हल्के में बात जब विकास की होती है तो उनका नाम जरूर याद किया जाता है। प्रदेश सरकार में जब जिले के कद्दावर नेता केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम पद की जिम्मेदारी मिली तो हर किसी को लगा की जनपद में विकास का पैमाना बदलेगा गुजरते वक्त के साथ जो हुआ जैसे हुआ वह किसी से छिपा नहीं है। बात करे मौजूदा दौर की तो डिप्टी सीएम का विभाग जिले में आमजन के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है पिछले दिनों मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी के सेवानिवृत्त हुए एक हफ्ता होने को है अभी तक नए सीडीओ के तैनाती की कोई सुगबुगाहट नहीं है यह बात अलग है की उनकी जिम्मेदारी डीसी एनआरएलएम सुखराज बंधु निभा रहे हैं , इनके पास जिला विकास अधिकारी का भी चार्ज है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की वह तीन तीन जिम्मेदारियों को किस मुकाम तक निभा पाएंगे शायद यह बता पाने की जरूरत नहीं है। लगभग यही हाल ब्लॉक का भी है जिले की आठ ब्लाकों में तीन खंड विकास अधिकारी के अलावा दो सहायक खंड विकास अधिकारी है जबकि तीन ब्लाकों की कमान जिला कार्यक्रम अधिकारी , सहायक अभियंता लघु सिंचाई व जिला कृषि रक्षा अधिकारी देख रहे है। लगभग यही हाल जिला पंचायत से होने वाले विकास कार्यों का भी है।

## चाचा ने हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में भतीजी-बहू को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के चौराडीह गांव में सोमवार की सुबह चाचा ने हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में भतीजी और बहू को डंडे से पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा थानाक्षेत्र के चौराडीह गांव की अनारकली पत्नी पुस्सालाल के अनुसार उसके जेठ ने घर के बाहर लगे हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप लगा रखा है।सोमवार की सुबह उसकी पुत्री मानसी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान जेठ भी वहां पानी भरने के लिए पहुंच गया।वह पहले पानी भरने को लेकर उसके साथ विवाद कर गाली गलौज करने लगा और उसकी बाल्टी को फेंक दिया। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया।ननद मानसी को बचाने पहुंची बहू केतकी को भी उसने पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी चाचा के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## कटैया विद्यालय के बच्चों को डायट ऑडिटोरियम हाल में किया गया सम्मानित




लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड नेवादा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया के बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के कारण डायट ऑटोडोरियम हाल में सम्मानित किया गया।

बेसिक शिक्षक परिवार कौशांबी के सौजन्य से डायट ऑडिटोरियम कौशांबी में परिषदीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2.0 एवम वृक्षारोपण पखवाड़ा 2.0 का आयोजन हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य मैम सुश्री निधि शुक्ला , विशिष्ट अतिथि आदरणीय बीएसए सर डाक्टर कमलेंद्र कुशवाहा, डायट प्रवक्ता गण एवम क्षेत्राधिकारी सिराथू श्रीमान अवधेश विश्वकर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद के कुल 101 छात्र-छात्रा जो विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय आय आधारित प्रवेश परीक्षा, जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा, खेल प्रतियोगिता, स्पेल बी प्रतियोगिता, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता आदि में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया के 8 बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कटैया विद्यालय के बच्चों को सम्मानित होने पर ग्राम प्रधान फरीद अहमद, विद्यालय अध्यक्ष पन्नीलाल, विद्यालय प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश, सहायक अध्यापक रीता देवी, जयप्रकाश पांडेय, आकाशदीप पुरी, प्रज्ञा तिवारी, इशरत फातिमा व ग्रामीण एवं अभिभावकों ने खुशी व्यक्त किया। और बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया।

## बीआरसी सरसवां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत पेरेंट्स काउंसलिंग के प्रथम सत्र का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** बीआरसी सरसवां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां डॉ0 जवाहर लाल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का नामांकन एवं स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के विषय में अभिभावकों को प्रेरित किया।


कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन दयाशंकर एआरपी सरसावां खुद दिव्यांग होने के बावजूद अपने जीवन में आ रही कठिनाइयों के बारे में तथा अपनी सफलता के बारे में अभिभावकों को जानकारी दिया तथा छोटेलाल पाल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा अपने निजी अनुभव एवं दिव्यांगता पर विचार व्यक्त कर अभिभावकों के ज्ञान को समृद्ध किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह, अनिल सिंह, एवं फिजियोथैरेपिस्ट पंकज साहू द्वारा अभिभावकों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता की पहचान,कारण तथा रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा समेकित शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के विषय में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।तथा दिनांक 23 अगस्त को बी आर सी सरसावां में लगने वाले मेडिकल असेसमेंट कैंप में बच्चों को प्रतिभा कराकर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जागरूक किया गया।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान में हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा

पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढ़कर 38 लाख तक पहुंच गई।समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सड़क, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं।पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुतहिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हज़ार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1.73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्बा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिन्दू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट और कोई डालता है। पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनते हैं लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दो साल पहले वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला- मौलवियों के विरोध के चलते वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को ाब अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था।पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिन्दू लड़कियों के अपरहण के मामले दर्ज किए गए, कहने की जरूरत नहीं कि वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं। चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिन्दू मजदुर हैं, और वह भी तीन-तीन पीढियों से लगभग बंधुआ मजदुर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। कराची शहर में हिन्दू आबादी डॉक्टर जैसे पेशे में सर्वाधिक है, तो सब्जी बेचने वाले भी अधिकांश हिन्दू हैं। पाकिस्तान का शिक्षा तंत्र सबसे जहरीला है, स्कूली किताबों में हिन्दुओं को खलनायक बताया जाता है और आजादी की लड़ाई में मुस्लिम लीग और कांग्रेस की भूमिका को हिन्दू-मुस्लिम टकराव, वहां की किताबों में देश के हिन्दुओं की वफादारी को भारत के साथ जोड़ा जाता है, वहां किसी भी किताब में किसी हिन्दू चरित्र की तारीफ की ही नहीं जाती। पाकिस्तान के संविधान के आर्टकिल 20-22 में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख था लेकिन जुलाई, 1977 में जिया उल हक ने देश में माशर्ल लॉ घोषित किया और संविधान में बदलाव कर गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता पर कई पाबंदियां लगा दीं, पाकिस्तान में राष्ट्रपति मुस्लिम ही बन सकता है और सभी उच्च पदों पर मुस्लिम आयतों के साथ शपथ लेना अनिवार्य है। इसके कारण वहां हिन्दुओं को सदैव दोयम माना जाता है।पाकिस्तान में हिन्दुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्यवाही नहीं होती। हिन्दू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है-मोईन जोद्रो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान बनते समय मुहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी लेकिन अब पाकिस्तान %जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तान' में तब्दील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिन्दू आबादी को उठा पड़ रहा है। जनगणना के त्रुटिपूर्ण आंकड़े एक तरफ धर्मांतरण के पाप को ढंकने के काम आते हैं, तो दूसरी तरफ जिस आबादी का रिकार्ड नहीं उसके लिए मूलभूत सुविधाओं की चिंता करने की जरूरत नहीं रह जाती।

# अंधी व्यवस्था पंगु तंत्र के बीच मौत देने वाला शैलटर होम



**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश की राजधानी में विकलांग सिस्टम और परस्पर आरोप लगा कर पल्ला झाड़ लेने वाली राजनीति ने मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के आश्रय के लिए बनाए गए शेल्टर होम को मौत का घर बना दिया। यह न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि दिल दहलाने वाली क्रूरता का भी उदाहरण है जिसने दिल्ली सरकार की तरफ से चलाए जाने वाला शेल्टर होम में एक महीने में 14 बच्चों की जान ले ली है। वहीं इस साल में कुल मौतों की बात करें तो ये संख्या 27 है। . चौंकाने वाली बात ये है कि अभी तक इसका कोई नोटिस नहीं लिया गया था इस शेल्टर होम की अंदर की स्थिति बेहद खराब है. इतना ही नहीं, बच्चों को सिर्फ आधा ही खाना दिया जाता है. आलम ये है कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए बनाया गया आशा किरण होम अब उनके लिए डेथ चैंबर बन रहा है. उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने इन मौतों को सबसे वंचित लोगों के खिलाफ़ अपराध करार दिया. उधर, विपक्षी दलों भाजपा और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया और आश्रय गृह के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया. आतिशी ने मौतों की मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा की, जिसके बाद उपराज्यपाल सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को आशा किरण में हुई मौतों सहित शहर द्वारा संचालित सभी आश्रय गृहों की स्थिति की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। यहां काम करने वाली महिला का कहना है कि जो सुविधा 4 साल पहले यहां बच्चों को दी जाती थी, वो अब नहीं मिलती. पहले बच्चों को दूध, अंडा सब मिलता था, लेकिन अब सब बंद कर दिया गया है और सिर्फ दाल रोटी मिलती है. इतना ही नहीं, करीब दो दर्जन बच्चों को टीबी की बीमारी बताई गई है. इसके पीछे का कारण बच्चों को सही डाइट न मिलना और अधिक संख्या में लोगों को इसमें भर देना है. एसडीएम ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक शेल्टर होम की क्षमता लगभग 500 है, लेकिन अंदर लगभग 950 लोग हैं.ऐसे में सवाल उठता है कि जिस दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में जाना और पहचाना जाता है, वहां कहीं ना कहीं पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर चरमराता नजर आ रहा है. जो जानकारी मिल रही है, उसमें पता चलता है कि बच्चों को ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा है. बीमार हो जाते हैं तो इलाज नहीं दिया जाता. ऐसे में एक महीने में 14 मौत हो जाना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है।आशा किरण में मौत के मामले में दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं. आजतक के हाथ जो दस्तावेज लगे हैं, उनमें इसबात का साफ-साफ जिक्र है कि कैसे महीने दर महीने लोगों की मौत हुई. सबसे चौंकाने वाली बात ये कि जुलाई महीने में ही एक महीने के अंदर 14 की मौत हुई है।पत्रकारों ने मंत्री आतिशी से पूछा कि क्या ये मौतें सरकार के संज्ञान में नहीं आई, क्योंकि विभाग का कोई मुखिया नहीं है. इस पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा, गंभीर रूप से विकलांग व्यक्तियों में सीरियस फिजिकल मॉर्बिडटी भी होती हैं. मृत्यु मेडिकल रूप से इससे जुड़ा होना चाहिए. उन्होंने कहा कि आशा किरण शेल्टर होम में रहने वालों को न केवल गृह चिकित्सा केंद्र में बल्कि दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में भी निरंतर चिकित्सा देखभाल दी जाती है.

हमने तुरंत मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं. संबंधित विभाग के अधिकारी ऐसी जांच में शामिल नहीं हैं. मजिस्ट्रेट रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। भाजपा ने भी इसे लेकर दिल्ली सरकार पर हमलावर है. विपक्षी दल का आरोप है कि ये शेल्टर होम्स की उपेक्षा और खराब रहने की स्थिति के कारण हुआ है. दिल्ली भाजपा की एक टीम भी स्थिति का जायजा लेने के लिए आशा किरण शेल्टर होम पहुंची थी. पार्टी के महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता ने खाने में फंगस के साथ ये तस्वीरें शेयर की हैं. मेनू में विभिन्न आइटम हैं, कुछ भी उपलब्ध नहीं है. शेल्टर होम में रहने वाले लोगों का बीएमआई कम है. सेंटर में गर्मी से मौतों में उछाल आया है और यहां कूलर भी नहीं है. बासी खाना परोसा जा रहा है. रेखा शर्मा ने कहा कि इतने दिनों से यह संस्था चल रही है, इसके कार्यो की ऑडिट कराई जानी चाहिए और इसके लिए समीक्षा की भी जरूरत है. उन्होंने कहा कि अगर, इसके बाद जरूरत हो तो इस संस्था को बंद करवाना भी जरूरी है, क्यों जो लोग वहां हैं, उन्हें हॉस्पिटल में होना चाहिए न कि शेल्टर होम में. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मानसिक रोगियों के लिए शेल्टर होम होते हैं, बल्कि उन्हें अस्पतालों में होना चाहिए। आश्रय गृह में चिकित्सा देखभाल इकाई के प्रभारी की रिपोर्ट में फरवरी में तीन मौतें, मार्च और अप्रैल में दो-दो, मई में एक, जून में तीन और जुलाई महीने में 14 मौतें दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 12 जुलाई से 28 जुलाई के बीच 12 मौतें हुई. 15 जुलाई के बाद से मौतों के रिकॉर्ड से पता चला है कि कई मृतक ÷गंभीर÷ या ÷गहन÷ बौद्धिक विकलांगता से पीड़ित थे और अन्य सरकारी अस्पतालों में भी उनका इलाज चल रहा था. 20 जुलाई को दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। आश्रय गृह के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार यहां रहने वाले लोगों को गर्मियों के दौरान उचित पीने का पानी नहीं मिल रहा था और ऐसी संभावना है कि पानी दूषित हो सकता है. उन्होंने कहा, ÷उन्हें दस्त हो रहे थे. यहां रहने वाले लोगों को अंडे और दूध दिया जाना चाहिए, लेकिन इसे विशेष आहार माना जाता है. गृह का प्रशासक एक या दो बार आता है, लेकिन उसके पास अन्य चीजें भी होती हैं. कुमार ने कहा कि 60 से 70 प्रतिशत लोग दवाइयां ले रहे हैं, लेकिन कुपोषण का इलाज दवाओं से नहीं किया जा सकता है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 196 के तहत जांच शुरू कर दी है. अधिकारी ने आगे कहा कि केंद्र का प्रशासक ही बता सकता है कि अंदर कितने लोग रह रहे हैं, लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

डीसीपी ने कहा, ÷हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार आगे की जांच और एफआईआर दर्ज की जाएगी। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस शेल्टर होम की स्थापना 1989 में रोहिणी के सेक्टर 1 में की गई इसके अंदर 350 लोगों को रखने की क्षमता है.आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल ने इस सुविधा को ÷हॉरर होम÷ बताया. उन्होंने कहा, ÷जिन लोगों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है, उनके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जा रहा है! यह एक हॉरर होम है! 14 लोग मारे गए, जिनमें से 8 महिलाएं थीं. दो मृतक महिलाओं की केस फाइलों में स्पष्ट रूप से लिखा है कि वे कुपोषित थीं. मेडिकल रिपोर्ट में निर्जलीकरण, उल्टी और बिस्तर पर घाव का भी उल्लेख किया गया है.। आशा किरण शेल्टर होम दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आती है। आप विधायक राज कुमार आनंद समाज कल्याण मंत्री थे। हालांकि, 10 अप्रैल को मंत्री पद और आप से उनके इस्तीफे के बाद से इस विभाग के हेड का पद खाली है।तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसी भी मंत्री को विभाग का जिम्मा नहीं सौंपा है।साल 2015 में कैग ने अपनी रिपोर्ट में शेल्टर होम की फंक्शनिंग पर सवाल उठाए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2009 से 2014 के बीच 148 मौतें हुई थीं।

दिल्ली महिला आयोग की 2017 की रिपोर्ट में भी यहां की सुविधाओं पर चिंता जताई थी।सवाल है कि आखिर ये अभागे मानसिक कमजोर बच्चों को यदि पर्याप्त सुविधा नहीं दे सकते थे तो आश्रय घर खोलने की क्या जरूरत थी? यह एक अंधी व्यवस्था और कुप्रबंध का जीता जागता नजीर है राजनीति सिर्फ आरोप प्रत्यारोप के फेर में लगी है जबकि जरूरत सड़ गल रहे सिस्टम को बदलने की है। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# नये अधिनियम से सरकार घटाने जा रही हैं वक्फ बोर्ड की बेहिसाब ताकतों को



**अशोक भाटिया**

केंद्र की एन डी ए सरकार वक्फ बोर्ड अधिनियम में बड़े संशोधन करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में लगभग 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है, जिसे वक्फ बोर्ड की शक्तियों को फिर से परिभाषित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार वक्फ़ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को ÷वक्फ संपत्ति÷ बनाने की शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है। 40 प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार वक्फ़ बोर्डों द्वारा संपत्तियों पर किए गए दावों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किया जाएगा। सरकार के इस कदम का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विरोध किया है और कहा है कि वक्फ बोर्ड की कानूनी स्थिति और शक्तियों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरअसल बीते कुछ सालों में वक्फ बोर्ड से जुड़ी खबरों की बाढ़ सी आ गई थी। मामला सोशल मीडिया के गलियारों से निकल लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद की चौखट पर पहुंच गया। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। एक ओर वक्फ बोर्ड की मनमानियों के चर्चे हैं, दूसरी ओर इसके पैरोकार संशोधन होने पर आर-पार की चेतावनी दे रहे हैं। कुछ कट्टरपंथी तो इतना भड़के हैं कि मानो ईंट से ईंट बजा देने की धमकी दे रहे हों। ऐसे में यह जानना जरुरी है कि वक्फ प्रॉपर्टी क्या होती है? और सरकार अपने बिल में ऐसा क्या संसोधन करने जा रही है कि बवाल मचा है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वक्फ एक्ट में 40 बदलाव पर चर्चा हो चुकी है। इसके साथ ये भी कहा गया है कि अगर %वक्फ बोर्ड% किसी भी प्रॉपर्टी पर दावा करता है तो उसका अनिवार्य तौर पर वेरिफिकेशन होगा। वहीं अगर किसी प्रॉपर्टी को लेकर वक्फ बोर्ड और किसी व्यक्ति या संस्था के बीच विवाद चल रहा है तो उसका भी वेरीफिकेशन कराया जाएगा। पूरे देश में वक्फ एक्ट के विरोध की वजह उसकी वो धारा है जिसे लोग संविधान विरोधी बता रहे हैं। दरअसल वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि इसके फैसले को हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती। %वक्फ% की बात करें तो ये अरबी भाषा का शब्द है। कोई भी मुसलमान अपनी जमीन, मकान या कोई भी कीमती चीज वक्फ को दान कर सकता है। यही वक्फ प्रापर्टी बन जाती है। आगे वक्फ प्रॉपर्टी की देखभाल और मेंटिनेंस की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक वक्फ बोर्ड से जुड़े लोगों की होती हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 1954 में वक्फ एक्ट बनाया। 1995 में नए कानून से हर राज्य में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति मिली थीदरअसल वक्फ बोर्ड को अभी अधिकार प्राप्त है कि वह किसी भी संपत्ति की जांच कर सकता है और अगर किसी संपत्ति पर अपना दावा कर दे तो इसे पलटना मुश्किल हो जाता है। वक्फ एक्ट के सेक्शन 85 में कहा गया है कि बोर्ड के फैसले को सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में चुनौती भी नहीं दी जा सकती। इस प्रस्तावित संशोधन का प्रमुख उद्देश्य वक्फ बोर्ड की शक्तियों और उनके द्वारा संपत्तियों के वर्गीकरण को नियंत्रित करना है। सरकार का कहना है कि संशोधन के बाद बोर्ड किसी भी जमीन पर गलत दावा नहीं कर पाएगा इसलिए भविष्य में शायद ही जमीन विवाद से जुड़ा ऐसा कोई मामला सामने आएगा। कुछ मौलाना इसी बात का विरोध कर रहे है कि उनके धार्मिक मसलों में दखल देने का हक किसी को नहीं है।मुस्लिमों की रहनुमाई का दावा करने वाले असदुद्दीन ओवैसी और कुछ मौलानाओं के साथ-साथ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के लोग भी वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन की खबर सुनकर खफा हैं। उनका कहना है कि ये संशोधन उनके दीनी मामलों में दखल की कोशिश है। आरोप है कि वक्फ बोर्ड गलत तरीकों से दूसरे की संपत्ति पर दावा जता देता है, ऐसे में जमीन के असली मालिक से सिर के ऊपर से छत हट जाती है और वो बेघर हो जाता है।

संशोधन की बात इसलिए क्योंकि वक्फ को लेकर बने कुछ कानून भी अब सवालिया घेरे में हैं। 1954 में पहला वक्फ आया और 1995 में संशोधन हुआ। भारत सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1954 के तहत भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों की जमीन वक्फ बोर्ड को दे दी।-1991 में बाबरी विध्वंस की भरपाई के लिए 1995 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम में बदलाव करके वक्फ बोर्ड को जमीन अधिग्रहण के असीमित अधिकार दे दिए।इसके बाद 2013 में संशोधन हुआ जो सबसे अहम था।अप्रभावी होने के कारण इसकी कटु आलोचना भी हुई। इसकी वजह से अतिक्रमण, कुप्रबंधन, स्वामित्व से जुड़े विवाद, और पंजीकरण एवं सर्वेक्षण में देरी जैसी गंभीर समस्‍ याएं सामने आई । कांग्रेस सरकार ने मार्च 2014 में लोकसभा से ठीक पहले राष्ट्रीय राजधानी में 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को उपहार में दिया।पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2014 में राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड के शुभारंभ के दौरान कहा था कि वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास और लाभ के लिए किया जा सकता है।कहा गया कि यूपीए सरकार में किए गए संसोधनों की वजह से वक्फ बोर्ड हाल के दिनों में भू-माफिया की तरह व्यवहार कर रहा है जिसमें निजी संपत्ति से लेकर सरकारी भूमि तक और मंदिर की भूमि से लेकर गुरुद्वारों तक की संपत्ति पर कब्जा कर रहा है। मूल रूप से, वक्फ के पास पूरे भारत में लगभग 52,000 संपत्तियां थीं। 2009 तक, 4 लाख एकड़ में फैली 300,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां थीं। पिछले 15 साल में यह दोगुनी हो गई हैं।वर्तमान में वक्फ बोर्डों के पास करीब 9 लाख 40 हजार एकड़ में फैली करीब 8 लाख 72 हजार 321 अचल संपत्तियां हैं। चल संपत्ति 16,713 हैं।जिनकी अनुमानित कीमत 1।2 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये संपत्तियां विभिन्न राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा प्रबंधित और नियंत्रित की जाती हैं और इनका विवरण वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया में दर्ज किया गया है।वक्फ बोर्ड सशस्त्र बलों और भारतीय रेलवे के बाद भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूस्वामी है। यूपी में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति है।

यूपी में सुन्नी बोर्ड के पास कुल 2 लाख 10 हजार 239 संपत्तियां हैं, जबकि शिया बोर्ड के पास 15 हजार 386 संपत्तियां हैं। हर साल हजारों व्यक्तियों द्वारा बोर्ड को वक्फ के रूप में संपत्ति की जाती है, जिससे इसकी दौलत में इजाफा होता रहता है। 2022 में, एक आरटीआई जवाब से पता चला कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप सरकार ने 2015 में सत्ता में आने के बाद से दिल्ली वक्फ बोर्ड को 101 करोड़ रुपये से अधिक सार्वजनिक धन दिया है और 2021 में अकेले 62।57 करोड़ रुपये दिए गए। 2019 में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ÷ऐसा कहा जाता है कि इस देश के सबसे अमीर व्यक्ति का आवास, जो मुंबई के अंदर है, एक वक्फ संपत्ति पर बनाया गया है। मैं गलत नहीं कह रहा हूं, है ना? मुंबई की सरकार इस बारे में कुछ नहीं कर सकती।अगर हमारी सरकार होती, तो हम निर्माण को ध्वस्त कर देते÷।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग है। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी। |
| वृष | आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज सकारात्मक सोच और संयमित दिनचर्या आपको सेहतमंद और ऊर्जावान रखेंगी। आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। |
| कर्क | आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमे आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। आज आपके ईमानदारी की हर जगह चर्चा होगी। |
| सिंह | आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीको में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे। सामाजिक कामों में आपकी मौजूदगी से तारीफ मिलेगी। |
| कन्या | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा। आज ऑफिस में टीम वर्क से बेहतर नतीजे मिलेंगे। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। |
| तुला | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई उपलब्धि भी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत |
| वश्चिक | आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बीताएंगे। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। |
| धनु | आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। |
| मकर | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं। आपकी जिद से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। |
| कुम्भ | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह- मशवरा करें। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। |
| मीन | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा मे अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### टूट कर ही निखरे हम

संजोए अपने सपनों कि सेज को मैंने बिखरते देखा है
हाथ आई कलम मेरे, जिसे मैंने नित निखरते देखा है।।
हम अपनी दर्द भरी जिंदगी के पन्ने खोलते लिख कर
हम कुछ बोले नहीं, हमनें तो शब्दों को ही बोलते देखा हैं।।
काश और आस लगाए, जिंदगी गुजार दी अब तक
काश और आस के जगाए दीप को हमने बुझते देखा है।।
ग़म भरी तन्हा रातें कलम संग काटी हैं मैंने अब तक
अपने हक को दूजे संग रह कर ही खुश होते देखा है।।
देख मेरे बहते आंसूओं को हंसते थे मिल वो ज़ालिम
आह भरी चित्कार लिख अपनी , खुद को पढ़ते देखा है।।
दिल उनका मानसिक प्रताड़ना दे भी न भरता जब
मुझ पर क्या बीते ये नज़र अंदाज़ उनको करते देखा है।।
देखो कितना तोड़ा है तुमने पराई संग मिल वीना को
वीना कि अपनी पहचान, इस पहचान को गढ़ते देखा है।।
संजोए अपने सपनों कि सेज को हमने बिखरते देखा है।।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र



# राजा वामदेव के नाम दर्ज भूमि पर अवैध कब्जा

**● स्थानीय प्रशासन में दिखा ठोस निर्णय का अभाव**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बिहार/ प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के जलालपुर बारों स्थित राजा वामदेव के नाम से दर्ज भूमि पर भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया। लगभग 2 माह से देवखरी की जमीन पर थोड़ा थोड़ा निर्माण कर रहे लोगों ने बीती रविवार की देर रात्रि निर्माण पर पक्की छत डालकर अवैध कब्जे को रिहायशी रूप दे दिया। बताते चलें कि राजा वामदेव की देवखरी पर जब से अवैध निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तभी से देवखरी के पुजारी समेत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा राजस्व विभाग के मुखिया उप जिलाधिकारी कुंडा समेत स्थानीय पुलिस प्रशासन हल्का लेखपाल कानूनगो समेत सभी से लिखित/ मौखिक रूप से देवखरी की भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराए जाने हेतु शिकायतें प्रेषित करते रहे। लेकिन विभागों की लापरवाही भरी कार्यशैली के कारण शिकायतकर्ताओं को महज झुनझुना मिला। आखिरकार अवैध कब्जा की मंशा पाले लोग कब्जा करने में सफल हो गए।ताजा मामले में बीते रविवार को जब छत पड़ने की आहट शिकायतकर्ताओं को मिली तो उन्होंने हल्का लेखपाल मुन्ना लाल गौतम,कानूनगो तीर्थराज पांडेय,समेत स्थानीय थाना बाघराय को छत रुकवाने के लिए सूचना दिया। सूचना पाकर हल्का लेखपाल कानूनगो समेत बाघराय पुलिस मौके पर पहुंची और अवैध कब्जा कर रहे शख्स को कार्य रुकवाते हुए बाघराय थाने उठा ले आई। इसके बाद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाघराय पुलिस ने अवैध कब्जा धारक को छोड़ दिया। इसके बाद रविवार की देर रात्रि में छत पड़ गया।गौरतलब है कि आखिर जब कब्जा धारक को हल्का लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में बाघराय पुलिस थाने ले आई तो आखिर देर रात्रि उसे थाने से कैसे छोड़ दिया गया,और फिर रुकी हुई छत पड़ गई। यह बात लोगों को हजम नही हो रही है।वहीं इसके बाद अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह उर्फ रूद्र नेता ने जिलाधिकारी समेत भू माफिया पोर्टल पर भी शिकायत करते हुए उक्त भूमि को कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की है।पूरे मामले के संबंध में हल्का लेखपाल मुन्ना लाल गौतम से जब मीडिया के साथी ने फोन पर वार्ता की तो उन्होंने कहा कि हम लोग कल मौके पर गए थे,नोटिस भी दिए है। मंदिर के जमीन की जिम्मेदारी मंदिर के रखरखाव करने वाले की है। इसको पुलिस के सुपुर्द कराए। मौके से बाघराय पुलिस उसको लेकर बाघराय थाने आई,लेकिन जब पत्रकार द्वारा हल्का लेखपाल से यह पूछा गया कि आपने मंदिर की जमीन पर कब्जा कर रहे व्यक्ति को भूमाफिया के लिए क्या कार्रवाई की तो उन्होंने झुंझलाते हुए कहा कि आप ही उसे भू माफिया घोषित कर दीजिए।वहीं इस प्रकरण में हल्का कानूनगो तीरथ राज पांडेय ने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि मैं कल स्वयं पुलिस के साथ मौके पर जाकर अवैध कार्य को रूकवाया। अवैध कब्जा कर रहे व्यक्ति को थाने पहुंचवाया। इसके बाद किसी और कार्य से डेरवा के लिए निकल गया,लेकिन जाने से पहले हल्का लेखपाल की सुपुर्दगी में उक्त व्यक्ति को थाने में रखा था। हल्का लेखपाल के मंशा के खिलाफ उसी से शिकायती पत्र लिखवाया। इसके बाद लेखपाल शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर नहीं बना रहा था,लेकिन कहने के बाद उसने अपने हस्ताक्षर बनाया। इसके उपरांत जल्द ही पैमाइश करके उचित कार्रवाई चलन में लाई जाएगी।

## जनता की समस्याओं का निराकरण करना ही राजा भैया की पहली प्राथमिकता

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कुंडा प्रतापगढ़।** लगातार कई दिनों से जनता की समस्याओं को सुनकर राजा भैया द्वारा त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सोमवार को राज भवन बेंती जनता दरबार में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने प्रदेश भर से जन समस्याओं को लेकर आए हुए लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया ।

वहीं कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया ।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज के विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिध हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख विहार अनुभव यादव, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, प्रमुख विहार राम चंद्र सरोज, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन , डेरवा चेयरमैन कुंवर बहादुर पटेल, राकेश सरोज जिला पंचायत सदस्य, दिलीप सिंह, संजय सिंह बछरौली, विनोद यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज ग्राम प्रधान उतरार, बब्बन सिंह कुंडा,योगेंद्र सिंह, सानू सोनकर, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला आदि रहे।

## चार वांछित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण थाना प्रभारी राधेश्याम थाना कोहंडौर के नेतृत्व में उ0नि0 जावेद अहमद ने मय हमराह उ0नि0 राजेश कुमार, का0 राममिलन, का0 रितेश झा,का0 अवधेश यादव, द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोहंडौर के मु0अ0सं0 127/24 धारा 191(2),191(3),190,118(1),352,109(1), 288,351(3) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्तगण संदीप यादव उर्फ राहुल पुत्र रामसिंगार यादव निवासी ग्राम गोधपुर पोस्ट किसुनदासपुर थाना कंधरापुर, राजकुमार उर्फ विधायक पुत्र स्व0 रामराज वर्मा निवासी ग्राम अम्बरपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी, सचिन कुमार पुत्र शिवबरन निवासी ग्राम पूरेचन्दी निवासी थाना कोहंडौर यादव पुत्र रघुनाथ यादव निवासी ग्राम लाखीपुर थाना कोहंडौर को थानाक्षेत्र के लौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

# संगठन में एकता बहुत जरूरी – वीसी मिश्रा

**● इंडियन प्रेस काउंसिल के पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़** –इंडियन प्रेस काउंसिल तहसील इकाई कुंडा के पदाधिकारियों की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में कुंडा डाक बंगला में संपन्न हुई । जिसमें सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने पत्रकार हितों पर चर्चा कर सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलनें का वादा किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक वीसी मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न व समस्याओं को देखते हुए संगठन पत्रकारों के साथ तन, मन धन से कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि संगठन में एकता बहुत जरूरी है। हम सभी को एक परिवार की तरह सभी के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए । क्योंकि जब तक हम सब संगठित है। तब तक हम सभी मजबूत है। राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप कुमार ने कहा कि



वर्तमान में सभी पत्रकार संगठन पत्रकारों की भीड़ को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन इंडियन प्रेस काउंसिल का उद्देश्य भीड़ बढ़ाना नहीं है। बल्कि पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए आवाज उठाना मुख्य उद्देश्य है । राष्ट्रीय संगठन मंत्री आनंद शुक्ला ने कहा कि किसी भी पत्रकार के साथ उत्पीड़न की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तथा पीड़ित पत्रकारों को हर सम्भव कानूनी, आर्थिक एवं शारीरिक मदद की जायेगी। जिला संरक्षक अजय मिश्र ने कहा कि संगठन जल्द ही जमीनी स्तर के पत्रकारों की अच्छी टीम बनाकर पीड़ित पत्रकारों की हर सम्भव मदद करेगी । प्रांतीय संगठन मंत्री राम प्रताप पांडे रामू ने कहा कि इंडियन प्रेस काउंसिल जल्द ही अपने पदाधिकारियों व सदस्यों के लिए एक राहत कोष बनाएगी। ताकि वक्त पर पदाधिकारी एवं सदस्यों मदद की जा सके। बैठक में संगठन के विस्तार समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सभी ने अपनी सहमति जताई। इस मौके पर दिलीप साहू, पन्ना लाल पाल, अनुराग तिवारी, अमर नाथ यादव, डीएन मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, अमित तिवारी, संदीप साहू, संतोष गुप्ता सोनू, नितिन नामदेव, अजीत मिश्रा, कोमल मिश्रा, राहुल यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला शिक्षक संघ की लक्ष्मणपुर ब्लाक इकाई गठित

**प्रतापगढ़** – शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को वुमेन टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित पद-भार ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की लक्ष्मणपुर ब्लाक इकाई की नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंपा गया समारोह में सर्व प्रथम शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी , तत्पश्चात नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंप कर पदभार ग्रहण कराया गया समारोह में जिन नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंपा गया उनमें मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय लक्ष्मी सिंह, महामंत्री पूर्णिमा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गरिमा सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपाध्यक्ष प्रिया सिंह, उपाध्यक्ष कंचन यादव,



उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, उपाध्यक्ष स्मिता पाल, कोषाध्यक्ष सुमन यादव, संयुक्त मंत्री सरिता सिंह, मीडिया प्रभारी आकांछा सिंह, मंत्री अनीता सक्सेना, संगठन मंत्री शिखा वर्मा, संगठन मंत्री प्रतिमा सिंह एवं संगठन मंत्री पूनम मिश्रा द्वारा उसे सहर्ष स्वीकार किया गया 7 डॉ0 दयाराम मौर्य 'रत्न', महिला शिक्षक संघ की संरक्षिका डॉ0 शाहिदा खान, अधिवक्ता शांति सिंह, एल0आई0सी0 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य एवं संगठन की प्रदेश महामंत्री अनुष्का मौर्या, जिला अध्यक्ष मीना पुष्पाकर, जिला महामंत्री स्नेहा शुक्ला, जिला समन्वयक शालिनी सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष निर्भय सिंह व मंत्री सुधीर मिश्र एवं शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा उन्हें बधाई दी गयी 7 समारोह का संचालन आनन्द मोहन ओझा द्वारा किया गया समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि 21 वीं सदी महिला सशक्तीकरण की सदी है और यह बड़ी बात है कि आज सभी क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सचेत और जागरूक हो रही हैं उन्होंने कहाकि जिन महिलाओं का विभिन्न पदों पर चयन हुआ है, उनसे यही अपेक्षा है कि वे अपने कार्यो से अपने कौशल का भली प्रकार प्रदर्शन करते हुए अपना एवं संगठन का गौरव बढ़ाएंगी इस अवसर पर सुमन सिंह, नीता सिंह, अनुपमा सिंह, संगीता कोरी, शोभा शुक्ला, साधना सिंह, जीतेन्द्र सिंह, विश्वदीप सिंह, अशोक कुमार तिवारी, कुसुमलता श्रीवास्तव, शिवानी सिंह, प्रभाकर पाण्डेय, शिप्रा सरोज, वैभवश्री शुक्ला, जयश्री शुक्ला, कोमल शर्मा, श्रेया तिवारी, आदि उपस्थित रहे

## राजा सक्षम सिंह योगी बनाये गये लोस प्रतापगढ़ से गौ सांसद, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा गठित भारत की पहली गो संसद विगत 2 अगस्त से प्रारम्भ हुई है। जो दिल्ली के तेरापंथ भवन में चल रही है।

गो संसद के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज की प्रेरणा से बने गौ गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक एवं भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा सक्षम सिंह योगी को प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से गौ सांसद के रूप में मनोनीत किया गया है। पूरे देश के 543 लोकसभा क्षेत्रों से लोगों ने जगद्गुरु शंकराचार्य जी के सानिध्य में गौ सांसद के रूप में दिल्ली में शपथ ली। इसी क्रम में राजा सक्षम योगी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से गौरक्षा की शपथ लेते हुए गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु व गोकशी पूर्णतः प्रतिबंधित कराने हेतु अपना हर संभव प्रयास एवं योगदान प्रदान करने का संकल्प लिया। विदित है कि राजा योगी समाज सेवा के लिए अपना



जीवन समर्पित कर चुके है और पट्टी क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता के रूप में पहचाने जाते है। राजा सक्षम योगी के गौ सांसद पद पर मनोनीत होने की खबर सुनते ही क्षेत्रीय लोगों में खुशी कि लहर दौड़ पड़ी और लोगों में दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई व मंगलकामना सम्प्रेषित की है ।जनसत्ता दल छात्र प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि राजा योगी के इस पद पर मनोनीत होना हम सबके लिए बहुत ही हर्ष की बात है। प्रियांशु ने कहा कि राजा योगी ने पट्टी क्षेत्र का गौरव व मान बढ़ाया है।

## तालाब में डूबने से नवजात की मौत

**बिहार/ प्रतापगढ़** -बाघराय थाना क्षेत्र के सकरदहा चौकी क्षेत्र स्थित कमोली वीरभानपुर गांव निवासी अभिषेक मिश्रा के पांच वर्षीय पुत्र सक्षम मिश्रा की मृत्यु हो गई। बता दें कि रविवार की शाम को बालक सक्षम मिश्रा की मां सक्षम को नहलाने जा रही थी,तो सक्षम का छोटा भाई घर में रोने लगा। मां अंदर चली गई। इसी बीच स्थानीय लोगों के अनुसार घर के बगल में स्थित एक छोटे तालाब में गेंद दिखी तो बालक तालाब में गेंद लेने चला गया तो तालाब में फिसल कर गिर गया। जब मां घर से बाहर निकली तो बालक सक्षम पूर्व स्थान पर नही मिला तो मां इधर उधर ढूंढने लगी। इस दौरान पता चला कि गांव में निशान था तो वह निशान वाली जगह भी सक्षम को ढूंढने चली गई। वहां पर भी बालक को न पाकर वह घर की और लौटी तो अचानक मां की नजर तालाब की तरफ चली गई। तालाब में ही बालक सक्षम का शव उतराया था। बालक का शव तालाब में उतराया देख चीख पुकार करने लगी। इस बीच स्थानीयों की मदद से बालक की बॉडी को तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद आनन फानन में बच्चे को प्रयागराज हॉस्पिटल ले गए, जहां डाक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवली वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत देवली में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**दुलारी देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवली
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**आलोक कुमार पाण्डेय**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवली
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत घरौरा वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत घरौरा में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**मो0 रईश**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घरौरा
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**विकास मिश्र**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घरौरा
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत महुआबन गावी वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत महुआबन गावी में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**मो0 असलम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महुआबन गावी
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**विकास मिश्र**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत महुआबन गावी
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरगपुर वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत खरगपुर में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**राम सेवक**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**विकास मिश्र**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत पूरे वीरबल वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत पूरे वीरबल में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**शाकिरीन बानो**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पूरे वीरबल
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**पारूल सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत पूरे वीरबल
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेलियाही वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत तेलियाही में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**माजिद खाँन**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेलियाही
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**विकास मिश्र**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तेलियाही
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरापुर भीख वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत बरापुर भीख में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**भीम यादव**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बरापुर भीख
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**धर्मेन्द्र कुमार पटेल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बरापुर भीख
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत सण्डवा दुबान वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 05.08.2024

**अल्पकालिक निविदा**

ग्राम पंचायत सण्डवा दुबान में चौदहवां वित्त, पंचम/राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत, इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर, दिव्यांग शौचालय निर्माण/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/सोख्ता गड्ढा निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत कार्य, आर0सी0सी0 निर्माण, सोलर लाइट मरम्मत, कार्य स्ट्रीट लाइट, अधिष्ठापन कार्य प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी, ए0एन0एम0 सेंटर पर शौचालय मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य/खेल का मैदान/मनरेगा पार्क/कुंआ मरम्मत/ह्यूम पाइप, गड्ढा, पुलिया, गिट्टी, एंगिल गड़ारी, सफाई किट, पशु शेड निर्माण/कूड़ादान, ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई/विद्यालय में रेन हार्वेस्टिंग/अपरेशन कायाकल्प/प्रशासनिक मद में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकरण फर्मो द्वारा दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 12.08.2024 तक शीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराए जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी रहेगा।

**कुवर बहादुर वर्मा**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सण्डवा दुबान
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**पारूल सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सण्डवा दुबान
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

# लोहिया के भूले भटके लोगों को जनेश्वर मिश्र ने दिया सदा सम्मान-ओम प्रकाश पांडे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़-** रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग आज महान समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया जी की 91 जयंती पर धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आप एक सच्चे समाजवादी और डॉ राम मनोहर लोहिया के अनुयायी थे। सात बार आप केंद्रीय मंत्री रहे लेकिन आपके पास ना तो गाड़ी थी और ना कोई मकान था। गांव में जो पैतृक संपत्ति थी वही पिताजी के द्वारा बनवाया हुआ पुराना मकान था। आपका जीवन एक खुली किताब की तरह था, जो भी धनराशि आपके पास आती कार्यकर्ताओं के बीच में खर्च कर दिया करते थे। 1962 में डॉ राम मनोहर लोहिया के चुनाव संचालक के रूप में आपने फूलपुर से उन्हें चुनाव लड़ाया। डॉक्टर लोहिया चुनाव तो नहीं जीते लेकिन 45 बूथों पर नेहरू जी चुनाव हार गए। बीबीसी लंदन ने कहा भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अब अजेय नहीं रह गए। प्रयागराज विश्वविद्यालय के महामंत्री तथा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश मंत्री के रूप में आपने राजनीति का शुभारंभ किया। बाबा रामअधार यादव द्वारा दिलाए गए किराए के मकान में आप प्रयागराज में रहते थे। वह भी दूसरी मंजिल पर जबकि उस पर चढ़ने में आपको बहुत कठिनाई होती थी। सीढ़ी पर रेलिंग भी नहीं लगी थी रससा बांधकर उसी को पकड़ कर चढ़ते उतरते थे। बहुत से लोगों ने आपको मकान बनवा कर देने का प्रस्ताव रखा लेकिन आपने इनकार कर दिया। आपको लोग छोटे लोहिया कहा करते थे। फाफामऊ का गंगा जी का नया रेलवे पुल आपकी ही देन है।

प्रतापगढ़ से आपको बहुत लगाव था।आप बराबर चुनाव में या किसी के निमंत्रण देने पर आते थे। संगम लाल शुक्ल पूर्व विधायक के अनुरोध पर नए प्रधान डाकघर का जब दूरसंचार मंत्री थे उस समय निर्माण हुआ ।उसका आपने उद्घाटन किया था। तत्पश्चात आप दास के घर सर्वोदय भवन 97 पलटन बाजार प्रतापगढ़ आए थे। यह चित्र उसी समय का है।आप काफी के बहुत शौकीन थे। लखनऊ में विधानसभा के सामने एक बार डॉ अंबेडकर की जयंती पर छुट्टी के लिए प्रदर्शन राज नारायण जी के आवाहन पर हुआ। हम अशोक पांडे यहां से गए थे पुलिस लाठी चार्ज कर रही थी पुलिस ने जैसे ही खदेड़ा मेरे ऊपर डंडा उठाया इतने में आप सामने खड़े हो गए। तत्कालीन लखनऊ के कप्तान आपके मित्र थे जो इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़े थे। आपके साथ में खड़े थे पुलिस को पीछे हटाया। एक बार हम संगम लाल शुक्ला जी देवी दयाल द्विवेदी लालगंज आपसे मिलने दिल्ली गए आप रेल मंत्री थे। रास्ते में अटैची हम तीनों लोगों की चोरी हो गई सुबह आपके पास गए तो हंसने लगे बोले जब आप लोग अपने सामान की सुरक्षा नहीं कर सकते हैं तो दूसरों की सुरक्षा क्या करेंगे ।नाश्ता कराया काफी पिलाया हमने कहा पुलिस को कहिए कि हमारी अटैची ढूंढ कर दे तो बोले जितने की तुम्हारी अटैची या उसमें पैसा रहा हो हमसे ले लो। जहां मंत्री निवास आपका रहता था। वहां एक सरपत की छान बनवा कर रखते थे ।जिसमें लिखा रहता था ÷लोहिया के भूले भटके लोग÷ वहां लोग आराम करते सोते और आपके यहां खाना भी खाया करते थे।आपको शत-शत नमन विनम्र श्रद्धांजलि।

## महिला ने रिहायशी छप्पर पर कब्जे तथा विरोध पर अभद्रता का लगाया आरोप

**पट्टी प्रतापगढ-** कोतवाली पट्टी क्षेत्र के बेला रामपुर गांव की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय अभय राज यादव ने कोतवाली पट्टी में शिकायती पत्र देकर के आरोप लगाया है कि रिहायशी छप्पर में ही उसका रहन-सहन होता है। जहां से वह असहाय स्थिति में अपना जीवन का गुजर बसर करती है। उसके रिहायशी छप्पर में पड़ोसियों ने कब्जा कर लिया है। आरोप है कि छप्पर में रखे हुए सामान को बाहर फेंक कर खूंटा गाडकर पड़ोसियों ने अपने मवेशी बांध दिए हैं। विरोध करने पर उसे गाली देते हुए जान से मार देने की भी धमकी दी गई।

# महिला के साथ अभद्रता का आरोपी गिरफतार

**प्रतापगढ़** –थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कूढ़ा छोटकी इब्राहिमपुर में विगत 28 जुलाई को एक महिला के साथ उसके पति व परिजनों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के प्रकरण में मु0अ0सं0 157/24 धारा 191(1), 191(2), 190, 115(2), 352, 351(2), 121(1), 132, 194(2), 79, 74 बी0एन0एस0 व 7 आपराधिक कानून(संशोधन) एक्ट के तहत 25 नामजद व 20 से 25 अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान पूर्व में 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारी के नेतृत्व में थाना हथिगवां पुलिस द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम मेंपुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये शख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हथिगवां नन्दलाल सिंह मय हमराह द्वारा आज सोमवार को अतिरिक्त निरीक्षक अनिल कुमार ने मय हमराह हे0कां0 सत्येन्द्र सिंह, कां0 अनिल यादव (द्वितीय) द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-157/24 धारा 191(1), 191(2), 190, 115(2), 352, 351(2), 121(1), 132, 194(2), 79, 74 बी0एन0एस0 व 7 आपराधिक कानून(संशोधन) एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त लवकुश पटेल पुत्र महारानीदीन पटेल निवासी ग्राम कुढ़ा छोटकी इब्राहिमपुर थाना हथिगवां को थानाक्षेत्र हथिगवां के खिदिरपुर चौराहे(प्रयागराज लखनऊ हाइवे) के पास से गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस द्वारा न्यायालय के स्थगन आदेश का अनुपालन न कराए जाने की महिला ने डीएम से लगाई गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी प्रतापगढ़।** न्यायालय के स्थगन आदेश का अनुपालन न कराये जाने और विपक्षी द्वारा दरवाजा फोड़ने के संबंध में आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने डीएम को शिकायती पत्र देकर चौकी इंचार्ज के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।सैफाबाद गांव की रहने वाली शीला गुप्ता का आरोप है कि उक्त आबादी की जमीन में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है। साथ ही विपक्षी के तीन भाइयों द्वारा समझौता नामा भी लिखा गया है कि तीनों भाइयों का उक्त आबादी की जमीन से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। इसे एक मुकदमे के समझौते में कल्लू गुप्ता को दिया गया है। महिला को बेवजह हमारे भाई द्वारा परेशान किया जा रहा है। विपक्षी के तीन भाई आबादी की पीछे की जमीन से कोई मतलब नहीं रखते लेकिन विपक्षी दबंग व सरहंग किस्म का आदमी है और सैफाबाद चौकी पर उसका उठना बैठना है।

इसी बात का फायदा उठाते हुए दीवार में दरवाजा फोड़ कर महिला की आबादी की जमीन को कब्जा करना चाहता है। महिला द्वारा कई बार चौकी पर शिकायत की गई लेकिन चौकी से गई पुलिस विपक्षी के रसूख के कारण उलटे महिला को ही भला बुरा कह कर लौट आती है।महिला ने कई बार आसपुर देवसरा थाना पर भी मामले की शिकायत की लेकिन उनके द्वारा भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और राजस्व टीम को मौके पर भेजने की बात कहकर लौटा दिया जाता है।

लेकिन आज तक न तो राजस्व टीम गई और न ही कोतवाल साहब।महिला लगातार 3 महीने से प्रतापगढ़ जिले के आलाधिकारियों के दरवाजे खटखटा चुकी है लेकिन उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिला।

सोमवार को वह प्रतापगढ़ पुनः जाकर तेज तर्रार व साफ सुथरी छवि के डीएम डॉक्टर संजीव रंजन से मामले की शिकायत करते हुए विपक्षी द्वारा फोड़े जा रहे दरवाजे को बंद कराने और चौकी इंचार्ज सैफाबाद के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती

**प्रतापगढ़।** आज समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर समाजवाद के प्रख्यात चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की 92वीं जयंती उनके फोटो पर पुष्प चढ़कर मनाई गई। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष भैया राम पटेल ने बताया कि पांच अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं गांव में जन्मे जनेश्वर मिश्र के पिता रंजीत मिश्र किसान थे। प्राथमिक शिक्षा बलिया में ली और 1953 में प्रयागराज (पूर्ववर्ती इलाहाबाद) पहुंचे। यहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

हिंदू हास्टल में ठौर मिली। छात्र राजनीति में सक्रिय हुए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने बताया कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक




जनेश्वर मिश्र की जन्मतिथि पांच अगस्त को है। उनकी जन्मभूमि भले ही बलिया रही हो पर कर्मभूमि संगमनगरी ही थी। राजनीति में मुकाम मिलने पर भी उनका जीवन सरल तथा साधारण ही रहा। बतौर सांसद हमेशा नया कटरा स्थित अपने निवास से चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय रिक्शा पर जाते थे और किराया किसी कार्यकर्ता से दिलाते थे। इस मौके पर विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गुलफाम खान, जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, जिला उपाध्यक्ष रमेश पाठक, जिला सचिव सफात अहमद, अनिल यादव, कृष्ण कांत मिश्रा उर्फ गुड्डू मिश्रा, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूर्व प्रमुख शांति सिंह, उर्मिला यादव, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष डॉक्टर राम बहादुर पटेल, सुरेश यादव, सगीर खान, नगर उपाध्यक्ष कुरेशी भाई, जलाल अहमद, सर्वेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
**चित्रकूट-**सावन माह के तीसरे सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसी क्रम में कर्वी के पुरानी बाजार स्थित महाबीर शिव मन्दिर भरतपुरी में भी पूजा अर्चना की गयी। जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार भरतपुरी स्थित महाबीर शिव मन्दिर के महंत बाबा रामदास ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन मास के साथ ही इसके सोमवार का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की जाती है। सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय मास है। सावन के महीने में त्रिदेवों की सारी शक्तियां भगवान शिव के पास ही होती हैं। पुराणों के अनुसार सावन मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना, अभिषेक व शिव स्तुति मंत्र जाप का खास महत्व है। खासकर सोमवार के दिन शिव और शक्ति दोनों प्रसन्न होते हैं। शिव और शक्ति की कृपा से दैहिक, दैविक, भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान शिव के आशीर्वाद से निर्धन को धन, निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है। तीसरे सोमवार को अर्धनारीश्वर भगवान शिव की पूजा की जाती है और चौथे सोमवार को तंत्रेश्वर शिव की आराधना की जाती है।

## दबंग आम रास्ते पर कर रहा अवैध निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में ग्रामीणों ने आम रास्ते पर अवैध निर्माण रोकने की मांग जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवैध निर्माण तत्काल हटवाने की मांग की है।सोमवार को खजुरिहाकला थाना रैपुरा के अनुसूचित जाति के ग्रामीण भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में कलेक्टेऊट आये। कहा कि कई पीढियों से घर बनाकर रह रहे हैं। जहां आम रास्ता चलता है, वहां ज्यादातर अनुसूचित जाति के लोगों का आवागमन है। गांव के दबंग ओमप्रकाश पुत्र मुन्नी सिंह जबरन अवैध पक्का मकान बना रहे हैं। विरोध पर उन्हें जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज करते हैं। गांव का कोई व्यक्ति मुखर होकर



कुछ कहने की हिम्मत नही कर रहा। ओमप्रकाश दबंग किस्म का व्यक्ति है। वे गरीब मजदूर हैं। इसका बेजा लाभ उठाकर आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर रहा है। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम, आभास महासंघ जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती एवम् अन्य ग्रामीण फूलमती, रेखा, रामा, माया, गीता, शोभा, पप्पी, राजरानी, सुकरी, रामबहादुर, अनिल, बुद्धविलाश, संतोष, अभिलाष, चुनकावन, बडा आदि शामिल रहे।

### 25 तक करें आनलाइन आवेदन

**चित्रकूट-**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना हनी मिशन के अंतर्गत हनी बॉक्स एवं सम्बन्धित टूल-किट्स का वितरण किए जाने के लिए जनपद में 20 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। शहद उत्पादन कार्य में रुचि रखने वाले 18 से 50 वर्ष की आयु के एक ही गांव, नजदीकी गांव या समूह के आवेदकों एवं शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित व्यक्ति को पांच दिवसीय गुणवत्ता परक प्रशिक्षण कराते हुए पांच हनी बाक्स प्रति व्यक्ति एवं सम्बन्धित टूल किट्स का वितरण किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र एवं सामान्य, पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है।

### छलांग कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**चित्रकूट-** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउडेशन द्वारा चयनित प्रजायत्न संस्था द्वारा ईएलमएस के छलांग कार्यक्रम में जनपद के विकास खण्ड पहाडी के 25 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संकुल भवन चकौंध में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ संकुल शिक्षक हीरा लाल ने सरस्वती वंदना व माल्यार्पण किया। इस दौरान शिक्षको ने अपने अनुभव को चार्ट पेपर के माध्यम से साझा किया। साथ ही शिक्षको द्वारा असेसमेंट परीक्षण किया गया। जिसमे बीएमआई, पुसअप, पार्शियल कर्लअप, सिट एंड रीच किया गया। इसके बाद खेल गतिविधियों के सिद्धांतों को बताया गया। प्रभावी रूप से पीई 40 मिनट सत्रो के संचालन पर चर्चा की गई। साथ ही सत्र चलाने के लिए फील्ड में ले जाकर डोज हैंड बाल और जीरो काटा गतिविधि शिक्षको द्वारा कराई गयी। इस मौके पर संस्था से अमित, सूर्यकांत, अनुज, प्रेमचन्द्र, नीलू आदि मौजूद रहे।

### 1 किलो 400 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट-**पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रामकुमार एवं आरक्षी अखिलेश तोमर द्वारा कमल निषाद निवासी बहादुरपुर को 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### श्रीजी के पांच बच्चों की टीम हुई इसरों के लिए रवाना




**चित्रकूट-**श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण दल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बेंगलुरू के लिए रवाना हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि 8 अगस्त को आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में छात्रों में विज्ञान, अनुसंधान, तकनीकी व प्रौद्योगिकी के प्रति अभिरुचि को बढाने एवं जिज्ञासा के समाधान के लिए विद्यालय के चयनित छात्र श्रेयस द्विवेदी, ओंकार सिंह, आदित्य अग्रहरि, नैतिक सिंह, अर्जित जैन आदि शिक्षक जे पी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल व निदेशक अजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विज्ञान व प्रौद्योगिकी को बढावा मिलेगा। साथ ही छात्रों में सीखने समझने, सोचने की क्षमता विकसित होगी। सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों के दल को रवाना किया गया।

## कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की पत्रावलियों में लगाएं स्पष्ट आख्या

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लम्बित दावों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में हुई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सभी तहसीलों के 36 आवेदन पत्र लम्बित हैं। उन्होंने बताया कि कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु होने पर कृषक के नाम जमीन होना चाहिए या फिर किसी किसान का बटाईदार हो वह किसान लिखकर दे इसको पात्रता मानी जाती है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि सडक दुर्घटना, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, ठंड, हीटवेव, विद्युत लाइन अन्य दुर्घटनाओं में जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, उनके तत्काल आवेदन पत्रों की जांच कराकर लाभ दिलाया जाए। साथ ही जो प्रकरण आज निस्तारित किए गए हैं, उन पीड़ित व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि जो आवेदन पत्र हैं, उनका अच्छी तरह से परीक्षण अवश्य करले, जो पत्रावली लम्बित है, उनका सही से परीक्षण कर स्पष्ट जांच आख्या लगाते हुए प्रस्तुत करें ताकि पीड़ित व्यक्तियों को लाभ दिलाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट स्पष्ट होना चाहिए, जिन व्यक्तियों की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होती है, उसमें भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट अंकित की जाए, जिन प्रकरणों पर रिपोर्ट दोबारा प्रेषित करने के लिए आवेदन पत्र आपके पास भेजे गए हैं, उनका निस्तारण कर तत्काल भेजें ताकि उन लोगों को लाभ दिलाया जा सके। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज कुमार वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाहीं में 13 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में( थाना महेवाघाट से 01, थाना मंझनपुर से 02, थाना कौशाम्बी से 01, थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 01, थाना पिपरी से 01, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कोखराज से 03, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## लडकी को भगा कर ले जाने वाले को 5 साल की कैद

**चित्रकूट-**ननिहाल गई लडकी को बरगलाकर भगा ले जाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को 5 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि मऊ तहसील क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती 26 जुलाई 2020 को मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी अपने ननिहाल गई थी। इस दौरान खण्डेहा गांव के अर्जुनपुर का निवासी मोहित पटेल पुत्र दुखी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसकी जानकारी मिलने पर दूसरे दिन ही। सिद्धपुर बनाडी से वह अपनी बेटी को घर ले आया। इसके कुछ दिन बाद 21 जुलाई 2020 को मोहित पटेल फिर से अपने रिश्तेदारों के सहयोग से उसकी बेटी को बोलेरो गाडी से भगा ले गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद लड़की को बरामद किया था और बयान दर्ज कराए थे। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सोमवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मऊ थाना क्षेत्र के खण्डेहा गांव के अर्जुनपुर निवासी मोहित सिंह पटेल को 5 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 5 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 0767748 सन 1996 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0450012 सन 1998 का अंकपत्र और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

मो. कमर रईस अंसारी
पुत्र रईस अंसारी
निवासी 1064 / 3
जी0टी0बी0 नगर करैली
प्रयागराज

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1664009 सन 1994 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0308717 सन 1996 का अंकपत्र और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

कुमारी निखत अंजुम
पुत्री अंसार अहमद
निवासी 1064 /3 जी0टी0बी0
नगर करेली प्रयागराज

## गंगा घाट किनारे मछली पकड़ने गए युवक का तीन दिन बाद मिला शव

### पिता ने पुलिस को तहरीर देकर जताई थी अनहोनी की आशंका



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाला एक युवक तीन दिन पहले घर से मछली पकड़ने के लिए गया था जिसके बाद युवक घर नहीं लौटा तो पिता ने युवक की खोजबीन शुरू कर दिया जिसके बाद युवक का चप्पल व झोला गंगा घाट किनारे पाया गया , पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी । सोमवार को युवक का शव संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गंगा घाट किनारे पाया गया , युवक का शव मिलने की खबर पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा के जड़ियन टोला निवासी रामबाबू पुत्र छेदीलाल ने रविवार को कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका 27 वर्षीय पुत्र मोनू शुक्रवार को कड़ा के हनुमान घाट में मछली पकड़ने के लिए गया था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा तो मोनू की काफी खोजबीन की , रामबाबू ने बताया की रविवार की सुबह उसके पुत्र का चप्पल व झोला घाट किनारे पाया गया, पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की थी । वही सोमवार की सुबह युवक का शव संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गंगा घाट किनारे पाया गया, गंगा स्नान के लिए गए लोगो ने घाट किनारे शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के बाद औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर युवक की मौत की खबर पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

### महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना मंझनपुर, संदीपनघाट व महिला थाना व मंझपुर थाना महिला आरक्षी नंन्दनी तिवारी मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के अध्यक्ष बनने पर बालीबाल एसोसिएशन ने जताई प्रसन्नता

**चित्रकूट-**लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुए उत्तर प्रदेश बॉलीबाल एसोसिएशन के चुनाव मे प्रदेशभर के अध्यक्ष और सचिवों के अलावा चित्रकूट के पदाधिकारियो ने हिस्सा लिया। चुनाव में मताधिकार का प्रयोग कर डिप्टी सीएम ब्रजेष पाठक को पुनः संघ का प्रदेश अध्यक्ष और चीफ सेक्रेटरी के पद पर सुनील कुमार तिवारी और कोषाध्यक्ष पर, मो इब्राहिम को निर्विरोध चुन लिया गया है। समूचे प्रदेशभर से इकट्ठा पदाधिकारियो ने प्रदेश अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को बधाई दी है।चित्रकूट बॉलीबाल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी व सचिव तुषारकांत शास्त्री ने बताया कि हम लोग विशेष आमंत्रित सदस्य थे। बैठक में हिस्सा लेकर संगठन के कार्य को आगे बढाने की रणनीति बतायी गयी है। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय खेल अधिकारी अजय कुमार सेठी की देखरेख मे भारतीय बॉलीबाल महासंघ के नामित हरि सिंह महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय की मौजूदगी मे चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर खिलाडी राजकुमार निषाद, राहुल, शिवकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित


सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# पथ विक्रेताओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही है योगी सरकार

## प्रयागराज में पीएम स्वनिधि योजना में अब तक 52,646 पथ विक्रेताओं को मिली आर्थिक मदद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना ने पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भरता का मंच प्रदान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर प्रयागराज में सड़क, फुटपाथ आदि में अस्थायी, निर्मित संरचना से या एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर दैनिक उपयोग के सामान, वस्तु, खाद्य पदार्थ या माल बेचने तथा जनता को सेवाएं देने वाले इन विक्रेताओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है । योजना में बिना किसी गारंटी के स्ट्रीट वेंडर रे को 10 हजार से 50 हज़ार रुपये के मिल रहे कर्ज से उनकी जिंदगी बदल रही है।



पीएम स्वनिधि योजना को लागू करने में योगी सरकार की तत्परता ने प्रयागराज में पथ विक्रेताओं बड़ा सहारा मिला है । प्रयागराज की जिला नगरीय विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव बताती हैं कि इस योजना के तहत जिले में 54,646 पथ विक्रेताओं को इसका लाभ मिला है । प्रयागराज में 50,841 पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया था जिसके सापेक्ष 52,646 पथ विक्रेताओं को इससे आच्छादित किया गया है। जून 2024 तक इस योजना के अंतर्गत प्रथम ऋण के रूप में 526,46 लोगों को इसका लाभ मिला जो लक्ष्य का 103.55 फीसदी है। इसी तरह दूसरे ऋण के लिए जनपद में 21,935 और तीसरे ऋण के रूप में अभी तक 2211 वेंडर्स को इसका लाभ दिया जा चुका है। यह योजना कैश बैक के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा किये जाने वाले मासिक डिजिटल हस्तांतरण को प्रोत्साहित भी करती है।इसमें वेंडर्स को डिजिटल पारंगत बनाने के लिए 200 डिजिटल लेनदेन करने पर 100 रुपये हर माह दिए जाएंगे। एक साल में 1200 रुपये कैशबैक मिलता है। इस तरह डिजिटल लेनदेन से प्रतिमाह कैशबैक प्राप्त होती है जो उसकी अतिरिक्त आमदनी है। डूडा की परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव के मुताबिक जिले में बड़ी संख्या में वेंडर्स डिजिटल लेनदेन से जुड़े हैं जिससे उनको अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है।

> पीएम स्वनिधि योजना में जिले ने लक्ष्य का 103 फीसदी किया हासिल

### आर्थिक सहयोग से बढ़ रही है आमदनी बोले लाभार्थी

**प्रयागराज।** नगर निगम क्षेत्र और नगर पंचायत क्षेत्र में अव्यवस्थित ढंग से अनियमित सामग्री बेचने या सेवायें देने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए यह योजना उनके लिए बढ़ती आय का जरिया बनती जा रही है। सिविल लाइन्स के श्री हनुमंत निकेतन मंदिर के पास फलों के जूस की अस्थायी ट्राली लगाने वाले अशोक मौर्य कहते हैं कि योजना से मिली आर्थिक सहायता से उनकी आमदनी बढ़ी है। रेडी-टू-ईट का मोबाइल ठेला लगाने वाले भोला प्रजापति का कहना है कि योजना से मिले 10 हजार के आर्थिक संहयोग से उन्होंने मेकिंग मशीन खरीदी है और अब वह अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाए दे रहे हैं। इससे उनकी भी आमदनी बढ़ी है।

### फॉगिंग न होने से मच्छरों की भरमार

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** इन दिनों मौसम के बदलाव से लोगों को सर्दी-जुकाम - बुखार से काफी पीड़ित है । ऐसे मे मच्छरजनित के बढ़ती संख्या ने स्थिति की और भी खराब कर दिया है । लोगों को रातों की नींद भी मच्छरों ने दूभर कर दिया है । यही कारण है कि क्षेत्र मे संक्रामक बीमारी फैल रही है । लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों व ग्राम प्रधान ध्यान इस ओर नही दे रहे है ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व मे मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए दवा का छिड़काव और फॉगिंग की जाती थी । लेकिन तीन दशक से फॉगिंग और दवा का छिड़काव बंद कर दिया गया । इससे मच्छर संक्रामक बीमारी, मलेरिया, टाईफाइट , उल्टी, दस्त और आदि तरह - तरह की बिमारी फैल रहा है ।अस्पतालों मे ऐसे मरीज की संख्या बढ़ गई है । जिससे इस लापर क्षेत्र की जनता नीम हकीम के सहारे इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ।

# ओडीएफ गांवों के सामुदायिक शौचालयों में भी बंद हैं ताले

## शौचालय बदहाल, कही लटक रहे ताले तो कहीं गंदगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)-** क्षेत्र में गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में केयरटेकर की रखने के बाद भी ताला लटका हुआ है । कई गांवों में लोग सामुदायिक शौचालय तक जाते है । लेकिन ताला बंद देख खुले में शौच जाने को मजबूर हो जाते है । कई ग्राम प्रधान केयरटेकर की नियुक्ति कर उन्हें बकायदा मानदेय भी रहे हैं । लेकिन ग्रामीणों की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है । ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से गांव में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में बंद ताला खुलवाने की मांग की है । शौचालय न होने से दूरदराज से आने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है । सबसे अधिक लेड़ियारी , डीही खुर्द, कोलसरा, देईबांध में महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती है । शौचालय तो बने है ।निष्प्रयोज बने हुए हैं । कहीं ताला लटक रहा है तो कहीं गंदगी का अंबार लगा हुआ है । शौचालय के तैनात केयर टेकर को प्रति माह छह हजार रुपये मानदेय देने के साथ साफ - सफाई रखने के लिए तीन हजार रुपये मिल रहे हैं । जहां शौचालय खुले है । वहां साबुन, तौलिया ,



निरमा और सफाई के उदाहरण तो बहुत दूर की बात शौचालय में खुद से बाल्टी से पानी भरकर ले जाना पड़ता है । देइंबांध , कोलसरा में सामुदायिक शौचालय का आज तक ताला नहीं खुल सका । लोग मजबूरन खुले में शौच जाने को विवश है । ग्राम पंचायत डीही खुर्द में बने सामुदायिक शौचालय में पानी की सप्लाई न होने के कारण शौचालय में ताला बंद है । लेड़ियारी बाजार पुलिस सहायता केंद्र के बगल बने शौचालय का पुलिस कर्मी उपयोग कर रहे हैं । सामुदायिक शौचालय नीबी में केयर टेकर गीता देवी ने बताया कि समय से मानदेय नहीं मिलता है । जिससे दिक्कत होती है ।चैलारी सामुदायिक शौचालय गांव के बस्ती में स्थित है । जबकि लोग यहां उपरी पाथते है । कभी कभार खुलता हैं । लेकिन चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है । जिससे लोग वहां तक नहीं पहुंच पाते है । इसका वजन यह है कि बस्ती के लोग घरों का गंदा पानी चकरोड तक भरा रहता है । ऐसा नहीं है कि नाली निर्माण नहीं हुआ । गांव प्रधान के द्वारा बनाई गई नालियाँ पूरी तरह से ध्वस्त हो गया । जिससे मार्ग पर जलभराव होने से दिक्कत हो रही है । सहायक विकास अधिकारी ( एडीओ पंचायत ) विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि अगर शौचालय बंद पाए गए और सुविधाओं के साथ साफ - सफाई ठीक नहीं हुई तो केयर टेकर व अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

# विकास कार्यों के चलते पहाडों का अस्तित्व खतरे में

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** पर्वती के अबैध उत्खनन से कोरांव स्थित पहाड़ों के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो चला है । इसके दोहन से जहां क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन को खतरा है । वहीं दूसरी ओर राजस्व के घाटे से प्रशासन को भी काफी क्षति उठानी पड़ रही है । हालांकि अबैध उत्खनन की जानकारी अधिकारियों के संज्ञान में है । लेकिन उत्खनन विभाग सहित आला प्रशासनिक अधिकारी इस मुद्दे पर खामोश है ।

पर्वतों का फैलाव उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश की सरहदों तक है । इनके सहारे - सहारे विशाल भू-भाग पर वनों का जमावड़ा है । यहां कीमती लकड़ियों का और पहाड़ों के उत्खनन के गोरखधंधा का कारोबार जोरों पर है । क्षेत्र में अबैध आरा मशीनों का कारोबार भी फल - फूल रहा है ।

ज्ञात हो कि खनन का कार्य विभाग द्वारा लीज पर कराया जाता है । इसके लिए पट्टाधारकों को एक विशेष भू खंड अधिकृत किया जाता है । इससे सरकार को राजस्व के रूप में अच्छी खासी रकम का संग्रह किया जाता है । इधर पट्टाधारकों के अधिकृत जमीन के अतिरिक्त भाग अपना कब्जा कर उस पर अबैध उत्खनन का कार्य प्रारंभ कर दिया है । इस प्रकार का विशेष करोबार करह, कोहड़ार, चमटीपुर, खरका, गड़री, बैजला, धनेष्ठा, धधुआ, पिपरिया, पिपरहटा, पिपरांव, कोटर, रेगा, पथरपुर, लोहरा , महुली आदि पहाड़ी क्षेत्रों पर फैला हुआ है । यहां हुए उत्खनन का राजस्व सरकारी कोष में नहीं पहुंचता है । इसकी वजह पट्टा सरकारी रूप से अधिकृत नहीं किया गया है । इसका लाभ पट्टाधारकों और अधिकारियों द्वारा डकार लिया जाता है ।

इस समस्या का दूसरा पहलू यहाँ के मजदूरों की हालत से जुड़े हैं । पट्टेधारकों की दबंगई और मजदूरों की रोजी-रोटी की फिक्र ने इनकी स्थिति को निरीह बना दिया है । दिन - रात मजदूरी करने के बावजूद भी इनकी माली हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है । इससे इनके शोषण का अंदाजा लगाया जा सकता है ।

उल्लेखनीय है कि इस कार्य में लगे श्रमिकों की जीवन प्रत्याशी उम्र कम हो जाती है । वजह पत्थर के कण इनके फेफड़े और श्वास नलियों संक्रमित होने के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती है । सरकारी उदासीनता ने इस कार्य को और भी बढ़वा दिया है । श्रम कानूनों के साथ-साथ यहाँ मानवीय संवेदनाओं की धज्जियां उड़ रही है । क्षेत्र में कृषि व्यवसाय चौपट हुआ ।

पहाड़ों के उत्खनन से क्षेत्र में व्याप्त प्रदुषण का खामियाजा किसानों को भी भुगतना पड़ रहा है । किसानी ही इनके रोजी - रोटी का जरिया है । ऐसी स्थिति में इनकी फसल चौपट होने से इनके लिए पेट के ही लाले पड़ जाते है । इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है । बोई हुई फसल प्रदुषण से नष्ट हो जाती है । इसको फूलने और फलने का अवसर नहीं मिल पाता है । इन्हीं फसलों के साथ इनके पूरे मनोरथ नष्ट हो जाते हैं ।

# डामरीकरण का बाट जोह रहा है बहरैचा प्रधान बस्ती संपर्क मार्ग

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । जबकि बहरैचा के पूर्व प्रधान राम जी सिंह बस्ती तक संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है । जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है । बताया जाता है कि प्रधान के घर के पास एक स्थित है । नाली तो बनाई गई है । लेकिन पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से राजमार्ग पर वह रहा है । वहीं बारिश होने पर घर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । जबकि स्टेट राजमार्ग से पूर्व प्रधान राम जी सिंह ने गिट् टी, मोरम संपर्क मार्ग पर तीन लाख रुपये की लागत कार्य कराया गया था । चार सौ मीटर दूर प्रधान बस्ती डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।धर्म सिंह बहरैचा निवासी ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीयकरण



नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । एक दशक पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण भी नहीं कराया गया । जिससे घरों का गंदा पानी इस मार्ग पर बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसो दुर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीयकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर गांव में ही दम तोड़ देती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से दो सौ मीटर गिट् टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग चार दशक पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते बहरैचा पूर्व प्रधान राम जी सिंह बस्ती सड़क की मरम्मतीयकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

# जल भराव से आवागमन बाधित



**नारीबारी (प्रयागराज)।** विकास खण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा में बारिश से में पानी भर जाने से कई वर्षो पूर्व इटवा सम्पर्क मार्ग पर बनी पुलिया नीचे होने के कारण काफी उचाई तक पानी भर जाता है जिससे कई गावो का आवागमन बाधित हो जाता है बता दे कि हल्की बारिश में हर वर्ष देवरा से शंकरगढ़ जाने वाली यह पुल बाढ़ से प्रभावित हो जाती है जिससे आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जान माल के साथ साथ लोगो को कई अन्य खतरों का सामना करना पड़ता हैं साथ ही ग्रामीणों को कई सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ता हैं और स्कूली छात्रों को स्कूल जाने में खतरा बना हुआ है यह पुल नेताओ द्वारा कई बार इस पुल को बनाने के लिए वादे कर चुके है किंतु अभी तक कोई वादे पूरे नहीं किए गए ग्रामीणों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए जल्द से जल्द जल् समस्या का निदान किया जाए।

# धरने पर बैठी आशाएं अधीक्षिका पर वसूली का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा(प्रयागराज)।** सोमवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सैकड़ों आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पर धरना दिया और अधीक्षिका के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे धरने का मुख्य उद्देश्य था कि 1 अगस्त को आशा मंजू के साथ की गई थी मारपीट और अभद्रता। बताया जा रहा है कि आशा मंजू एक प्रसूता महिला को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गई जहां पर शौचालय में पानी न होने के कारण आशा मंजू ने सीएचसी अधीक्षिका अंकिता पांडेय से शिकायत की तो अधीक्षिका ने आशा को खरी खोटी सुना कर वहां से भगा दिया

वही दो दिन बाद स्वास्थ्य केंद्र में कलेस्टर बैठक हुई तो पूर्व से खुन्नस खाई अधीक्षिका ने उसका मोबाइल ले लिया और कहा कि तुम अपना काम ठीक से नहीं करती तुम अपना कार्य ठीक से नहीं करोगी तो तुम्हें निष्कासित कर दिया जाएगा और नेतागिरी करोगी तो तुम्हें चप्पल से मारूंगी। वही आशा मंजू द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि उन्हें अधीक्षिका अपने कमरे में ले जाकर स्टाफ के साथ मारपीट भी की और ए सी ओ,डी सी पि एम, ने लातो से मारने की धमकी दी इसी को लेकर आज सैकड़ो आशायें धरने में उपस्थित रही वहीं धरने में उपस्थित उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की मंडल अध्यक्ष रेखा मौर्य द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है प्रत्येक आशाओं से हर महीने बाउचर जमा करते समय₹500 लिया जाता है और मरीजों से जांच के लिए भी पैसे लिए जाते हैं वहीं प्रसव के लिए आई महिलाओं से भी 2000 से ₹3000 सुविधा शुल्क लिए जाते हैं अगर प्रसूता के परिजनों द्वारा सुविधा शुल्क न दिया जाए तो उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है

वही सी एच सी अधीक्षिका अंकिता पांडेय द्वारा बताया गया कि आशाओं द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है आशायें अपना काम ठीक से नहीं करती। उन्हें काम के लिए कहा जाता है लड़ने को तैयार हो जाती है।

# रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने मनाया स्थापना दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने अपना फाउंडर्स डे सिविल लाइन्स स्थित होटल गैलेक्सी में धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष शशांक जैन ने बताया कि यह क्लब का चौथा स्थापना दिवस है। वर्ष 2021 में इसी दिन रोटरी क्लब ऑफ प्रयागराज प्लैटिनम की स्थापना हुई थी और इस दिन क्लब को रोटरी इंटरनेशनल से चार्टर प्राप्त हुआ था। स्थापना दिवस को चार्टर्स नाईट के रूप में मनाया जाता है। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रतीक पांडेय ने किया। सबसे पहले सचिव सुमित अग्रवाल, अध्यक्ष शशांक जैन और कोषाध्यक्ष विकल्प अग्रवाल ने मंच ग्रहण किया। सभा के आरंभ में अध्यक्ष और सचिव को कालर पहनाया गया। राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के बाद चार्टर अध्यक्ष रितेश सिंह ने सेंटर फ़ॉर साइट के डॉक्टर्स एवं प्लैटिनम के चार्टर एवं वर्तमान सदस्यों और अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अध्यक्ष शशांक जैन ने सभा को संबोधित करते हुए क्लब की स्थापना



और अपने कार्यकाल के दौरान किए गए और भविष्य में होने वाले प्रोजेक्ट्स और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

सत्र 2023-24 में रोटरी फाउंडेशन में पॉल हैरिस उपाधि के लिए दिए गए अनुदान के लिए पूर्व अध्यक्ष पियुष रंजन अग्रवाल और पूर्व मंडलाध्यक्ष सतपाल गुलाटी ने रोटेरियन संजय तलवार, सन्दीप जैन, शशांक जैन और दीपक गुप्ता को पी एच एफ पिन पहनाकर उनका धन्यवाद और अभिनंदन किया। रोटेरियन अजय कुमार शर्मा को %मन की बात% कार्यक्रम आयोजित करने के लिए और रोटेरियन प्रमोद बंसल को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर कपड़े के झोले प्रदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। क्लब के प्रोजेक्ट्स और कार्यक्रम में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए रोटेरियन प्रमेय मित्तल और रोटेरियन पारुल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। रोटेरियन सन्दीप कात्याल ने पूर्व अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों को लीडरशिप अवार्ड्स से नवाजा। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने उपस्थित मीडिया बन्धुओं का सम्मान किया। रोटेरियन दीपक गुप्ता ने सनशाइन राहत कोष हेतु सदस्यों से धनराशि इकट्ठा की। सचिव सुमित अग्रवाल ने सेक्रेटरी अनाउंसमेंट किया और अंत में क्लब ट्रेनर संजय तलवार ने सभी का धन्यवाद किया।

# दिव्यांग शिविर में बनाए गए दिब्यांगता प्रमाण पत्र, उपकरण के लिए किया गया चिन्हित

**कोरांव(प्रयागराज)।** सोमवार को विकास खंड मुख्यालय कोरांव पर दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव की देखरेख में आयोजित शिविर में कुल 106 दिव्यांगों के दिब्यांगता प्रमाण पत्र जहां बनाए गए वहीं शिविर में कुल 252 दिव्यांगों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार उपकरण के लिए भी चिन्हित किया गया। 49 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, 35 दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल, चार दिव्यांगों को व्हीलचेयर व अन्य उपकरणों हेतु चिन्हांकन किया गया। दिव्यांग शिविर में दिव्यांगों को अव्यवस्थाओं का भी सामना करना पड़ा। दिब्यांगता प्रमाण पत्र व अन्य कार्यों के लिए दिव्यांगों को ऑनलाइन भी कराना पड़ेगा। इसकी जानकारी पहले से नहीं दी गई थी। जब शिविर में दिव्यांग पहुंचे तो उन्हें पता चला कि सभी कार्यों के लिए पहले ऑनलाइन कराना होगा। जिससे दिव्यांगों को बाजार में भी भटकना पड़ा। भीषण गर्मी व धूप में दिव्यांगों



के लिए छाया की भी व्यवस्था नहीं की गई थी। जिससे दिव्यांग काफी परेशान दिखे। रीता पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी बढ़वारी ने बताया कि मेरी रीढ़ की हड्डी टूटी हुई है। दिब्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंची तो डॉक्टर ने कहा स्वरूप रानी जाइए। ऐसे में शिविर का क्या मतलब रह गया। इसी तरह बड़ोखर गांव के दिव्यांग जांगीलाल ने बताया कि मेरे हाथ की पूरी उंगलिया कट गई हैं। जब दिब्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचा तो मौजूद डॉक्टर ने कहा कि एक भी परसेंट प्रमाण पत्र नहीं बनेगा। ऐसे में दिव्यांगों में मायूसी भी देखी गई। दिव्यांग शिविर में दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग से संदीप कुमार शुक्ला, संजय यादव, अजय यादव, विनय मिश्रा, उपस्थित रहे। इसी तरह मेडिकल टीम से डॉ वेद प्रकाश पांडेय, डॉ सुभाष चंद्र, डॉ जयशंकर पटेल, डॉ श्री प्रकाश, डॉ संकल्प शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। शिविर की व्यवस्था में एडीओ समाज कल्याण मोहम्मद आरिफ, संत कुमार आदि कर्मचारी लगे रहे।

# सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया की जयंती

## महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि- सोमदत्त सिंह



**कोरांव प्रयागराज-** विधानसभा कोरांव अंतर्गत नगर पंचायत कोरांव में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पण्डित जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई इस मौके पर उपस्थित पार्टी जनों ने उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुषों के बताए हुए पद चिन्हों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होती है जिस प्रकार से जनेश्वर मिश्र ने शोषित वंचित मजदूर किसान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया यह अविस्मरणीय है और देश की जनता उनके द्वारा समाज में किए गए अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है इस अवसर पर सपा विधानसभा अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी की सरकार ने जनेश्वर मिश्र जी के नाम पर तमाम योजनाओं को संचालित करते हुए सम्मान देने का कार्य किया किंतु वर्तमान सरकार उनके नाम पर चलाए गए योजनाओं को बंद करने का कार्य किया उसे यह प्रतीत होता है कि मौजूदा सरकार महापुरुषों को सम्मान नहीं देना चाहती जो की विकृत मानसिकता का परिचायक है। इस मौके पर मुख्य रूप से महताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मंगल देव कोल हारुन अंसारी अश्वनी पटेल अजीत पटेल रविंद्र जैसल शहादत अली नौशाद अंसारी बच्चन जायसवाल राजेश यादव रामानुज यादव आशीष पटेल दीपक पटेल दीपक पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनकामेश्वर धाम में संगम से गंगाजल लेकर पहुंचा कांवरियों का जत्था, किया जलाभिषेक

## बढ़ते शिवलिंग के साथ बढ़ती जा रही आस्था

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालापुर( प्रयागराज)।** सावन मास के तीसरे सोमवार को लालापुर के मनकामेश्वर धाम में भोर से ही गंगा जल लेकर पहुंचे कांवरियों के जत्थे ने हर हर महादेव का नारा लगाते हुए भूत भावन भोलेनाथ का जलभिषेक किया । सुबह से शुरू हुआ कांवरियों का जत्था दोपहर तक आता रहा । कांवरियों के साथ ही ही क्षेत्रीय शिव भक्तो की भीड़ भी दर्शन पूजन के लिए पहुंची और अभिषेक कर भोलेनाथ का आशीष प्राप्त किया । देवाधिदेव महादेव का सबसे प्रिय मास श्रावण मास होता है उससे भी अधिक प्रिय श्रावण मास में पड़ने वाला सोमवार होता है।ऐसी मान्यता है कि सोमवार को महादेव की विधिवत पूजा और जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



लालापुर के पश्चिमोत्तर एक छोटी सी पहाड़ी पर स्थित स्वयं भू शिव लिंग को मनकामेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है । क्षेत्रीय लोगो का मानना है कि सच्चे मन से जो भी भक्त शिव की आराधना करता है उसकी सारी मनोकामनाएं बाबा मनकामेश्वर पूरी करते हैं। मनकामेश्वर मंदिर पुजारी महंत जितेन्द्र तिवारी उर्फ ननकऊ तिवारी व हरी कुश द्विवेदी ने बताया कि आधी रात से ही कावरियों व शिव भक्तों का जत्था जलाभिषेक के लिए आने लगा है। सावन माह में शुरू हुए मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र अपने दल बल के साथ भोर से ही मंदिर में मौजूद रहे। मंदिर के प्रबंधक ग्राम प्रधान शंकर लाल पाण्डेय अपनी पूरी टीम के साथ मेले में मौजूद रहे । इस मौके पर माखन पांडेय, चंदन चांदा आदि कई लोग व्यवस्था के लिए मौजूद रहे ।

# शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 28 को मिली सफलता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में दो कंपनियों एकेडमर एजूटेक एवं वीएनआर सीड्स प्रा.लि. द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 28 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई। निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में कई चरण के साक्षात्कार के बाद फाईनल में कुल 28 बच्चों को सफलता मिली। एकेडमर एजूटेक द्वारा बीएससी एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर, बीटेक बायोटेक, बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बीटेक फूड टेक्नोलॉजी एमबीए एग्रीबिजनेस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी फारेन्सिक साइंस के 22 बच्चों को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार वीएनआर सीड्स प्राइवेट लि0 में बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी हार्टीकल्चर, एमएससी हार्टीकल्चर एवं एमएससी सीड साइंस के 6 बच्चों को सफलता मिली।

प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया।


# आज होंगे पंचायत उपचुनाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** सराय बादशाहकुली, मलखानपुर और मलाकबेला में पंचायत उप चुनाव (ग्राम प्रधान) के लिए पोलिंग पार्टियां सोमवार को रवाना हुई। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। मतदान मंगलवार को और गणना आठ जनवरी को होगी। यह जानकारी विजय सिंह सहायक निर्वाचन अधिकारी ने दी।

# वक्फ एक्ट में कोई भी बदलाव मंजूर नहीं

## ● ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का बड़ा बयान




**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** वक्फ बोर्ड में संशोधन वाला बिल अभी संसद पेश नहीं हुआ है लेकिन उसे लेकर हंगामा पहले ही मच गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसपर एतराज़ जताया है और कहा है कि वक्फ़ एक्ट 2013 में कोई भी ऐसा बदलाव, जिससे वक्फ़ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति बदल जाए या उन्हें हड़पना सरकार या किसी व्यक्ति के लिए आसान हो जाए, हरगिज़ क़बूल नहीं होगा। इसी तरह वक्फ़ बोर्डों के अधिकारों को कम या सीमित करने को भी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं सुन्नी धर्मगुरू मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने भी वक्फ एक्ट में संशोधन को गैरज़रूरी बताया है।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि वक्फ एक्ट में कोई भी बदलाव मंजूर नहीं। वक्फ बोर्ड के अधिकारों को कम करना बर्दाश्त नहीं। इसमें संशोधन होने से वक्फ की जमीन हड़पना आसान हो जाएगा। सरकार इस कानून में कोई संशोधन नहीं कर सकती।ओवैसी ने तो संशोधन बिल को वक्फ बोर्ड की संपत्ति हड़पने की साजिश बता दी है चो वहीं लखनऊ-दारुल उलूम प्रवक्ता सुफियान निज़ामी ने कहा है कि सरकार वक्फ़ एक्ट को मजबूती प्रदान करें, वक्फ़ से अवैध कब्ज़ों को सरकार हटाए, वक्फ़ बोर्ड के हाथों को सरकार मजबूत करें सही नीयत से सरकार बोर्ड की मदद करें, वक्फ़ जमीनों पर सरकारी इमारतों से लें।

वक्फ़ एक्ट में कोई भी बदलाव हरगिज़ क़बूल नहीं होगा।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद क़ासिम रसूल इलयास ने एक प्रेस बयान में कहा कि विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, भारत सरकार वक्फ़ एक्ट 2013 में लगभग 40 संशोधनों के माध्यम से वक्फ़ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति को बदलना चाहती है ताकि उन पर कब्जा करना और उन्हें हड़पना आसान हो जाए।

जानकारी के अनुसार, इस प्रकार का विधेयक अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यह स्पष्ट करना आवश्यक समझता है कि वक्फ़ संपत्तियाँ मुसलमानों के बुजुर्गों द्वारा दिए गए वे उपहार हैं जिन्हें धार्मिक और चैरिटी के कामों के लिए वक्फ़ किया गया है। सरकार ने बस उन्हें नियंत्रित करने के लिए वक्फ़ एक्ट बनाया है।

उन्होंने आगे कहा कि वक्फ़ एक्ट और वक्फ़ संपत्तियों को भारतीय संविधान और शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 भी सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए भारत सरकार इस कानून में कोई ऐसा संशोधन नहीं कर सकती जिससे इन संपत्तियों की प्रकृति और हैसियत ही बदल जाए।

उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने मुसलमानों से संबंधित जितने भी फैसले किए और कदम उठाए हैं, उनमें उनसे कुछ छीनने का ही काम हुआ है, दिया कुछ नहीं, चाहे वह मौलाना आजाद फाउंडेशन का बंद किया जाना हो, या अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप को रद्द करना, या फिर तीन तलाक से संबंधित कानून हो।

उन्होंने कहा कि यह मामला केवल मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगा। वक्फ़ संपत्तियों पर चोट करने के बाद आशंका है कि अगला नंबर सिखों और ईसाइयों की वक्फ़ संपत्तियों का और फिर हिंदुओं के मठों और अन्य धार्मिक संपत्तियों का भी आ सकता है।

# वायनाड लैंडस्लाइड की सबसे पहले जानकारी देने वाली महिला तक नहीं पहुंची मदद, शव मिला

## ● बचावकर्मियों के पहुंचने से पहले ही नीतू जोजो की मौत




**वायनाड,(आरएनएस)।** केरल के वायनाड में 30 जुलाई को हुए विनाशकारी भूस्खलन के बारे में आपातकालीन सेवाओं को संभवत- सबसे पहले सूचित करने वालीं एक निजी अस्पताल की महिला कर्मचारी नीतू जोजो की बचाव दल के पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। चूरलमाला में विनाशकारी भूस्खलन के बाद घर में फंसे अपने और कुछ अन्य परिवारों के लिए मदद मांगने वाली नीतू की कॉल की रिकॉर्डिंग वायरल हो गई है। रिकॉर्डिंग में उन्हें 30 जुलाई की सुबह में हुई भयावहता का विवरण बताते सुना जा सकता है, जब उनका घर भूस्खलन की चपेट में था।इस कॉल रिकॉर्डिंग में नीतू को यह कहते हुए सुना गया कि पानी उनके घर के अंदर बह रहा है, जो भूस्खलन में बह गई कारों सहित मलबे से घिरा हुआ था। वह कहती हैं कि उनके घर के पास रहने वाले पांच से छह परिवार प्रकृति के प्रकोप से बचकर उनके घर में शरण ले चुके हैं, जो तुलनात्मक रूप से सुरक्षित था। नीतू संभवतः घटना की पहली सूचना देने वालों में से एक थीं, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनका शव कई दिनों बाद मिला।

इस बीच, केरल सरकार ने मुंडक्कई क्षेत्र में हुए भूस्खलन में लापता लोगों की पहचान करने के लिए कदम उठाए हैं, जिसके तहत डीएनए परीक्षण के लिए जीवित बचे लोगों और रिश्तेदारों के रक्त के नमूने एकत्र करना शुरू कर दिया है। जहां स्वास्थ्य विभाग ने डीएनए परीक्षण के लिए रक्त के नमूने एकत्र करना शुरू कर दिया है, वहीं नागरिक आपूर्ति विभाग ने लापता लोगों की पहचान करने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड और लिंक किए गए फोन नंबरों का विवरण एकत्र करना शुरू कर दिया है।

उन शवों और शरीर के अंगों की पहचान करने के लिए रक्त संबंधियों से नमूने डीएनए परीक्षण के लिए एकत्र किए जा रहे हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।स्वास्थ्य विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा, पहले चरण में अज्ञात शवों से डीएनए नमूने एकत्र किए गए हैं। जीवित बचे लोगों और रिश्तेदारों के नमूनों का मिलान अज्ञात शवों से एकत्र नमूनों से किया जाएगा।

# वैशाली में श्रावणी मेले के दौरान 9 कांवड़ियों की करंट लगने से मौत



**पटना,(आरएनएस)।** बिहार के वैशाली जिले में रविवार देर रात भयानक हादसा हुआ। यहां हाजीपुर में हाइटेंशन तार से चिपककर 9 कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं।घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में हुई है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी कांवड़िये जेठुई गांव के रहने वाले हैं।पुलिस का कहना है कि गंभीर रूप से झुलसे कांवड़ियों की हालत भी ठीक नहीं है। सभी सदर अस्पताल में भर्ती हैं।हाजीपुर के पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांवड़ियों का जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर बाबा हरिहरनाथ का जलाभिषेक करने जा रहा था।जत्थे के साथ ट्रॉली पर साउंड सिस्टम भी लगा हुआ था, जिसकी ऊंचाई काफी अधिक थी। रास्ते में जा रही 11,000 वोल्ट की हाइटेंशन तार से साउंड सिस्टम छू गया, जिससे पूरी ट्रॉली में करंट फैल गया।इससे मौके पर ही 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा गांव से 500 मीटर दूर हुआ।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हाजीपुर-जंदहा मार्ग को जाम कर दिया और बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।बता दें, सावन का महीना शुरू होने के बाद कांवड़ियों के साथ लगातार हादसों की खबर आ रही है। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुरैना और मेरठ में करंट लगने से 3 कांवड़ियों की मौत हो गई थी।प्रदेश में ही कांवड़ लेकर जा रहे कुछ श्रद्धालुओं की ट्रॉली पलटी थी, जिससे 2 लोगों की मौत हुई थी।

# लोगों की सेहत मोदी सरकार की प्राथमिकता, स्वास्थ्य बजट में 164 प्रतिशत की बढ़ोतरीः नड्डा


**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने लोगों के स्वास्थ्य को मोदी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए दावा किया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना भारत में चलाई जा रही है और स्वास्थ्य बजट के आवंटन में भी 164 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ घोषणाएं ही नहीं करती, बल्कि उसे धरातल पर सफल बनाने के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से काम करती है।विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार सक्रिय और प्रतिक्रियाशील रही है। वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य का जो बजट 33,278 करोड़ रुपए था, आज उस बजट को बढ़ाकर 90,958 करोड़ रुपए कर दिया गया है। स्वास्थ्य बजट के इस आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य के बजट में यह बढ़ोतरी लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता देने और भारतीयों नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




नड्डा ने कहा कि एनडीए की पहली सरकार (अटल बिहारी वाजपेयी सरकार) से पहले देश में एक एम्स था, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान 6 एम्स खोले गए। वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में 22 एम्स को मंजूरी दी गई, जिसमें से 18 ऑपरेशनल और 4 निर्माणाधीन हैं।अपने जवाब के दौरान विपक्षी दलों के हंगामे पर सदन में पलटवार करते हुए नड्डा ने कहा कि राजनीति करनी है तो करिए और सच्चाई सुननी है तो सुनिए।

उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर भी निशाना साधते हुए बीमारी से संबंधित आंकड़ों को केंद्र के साथ शेयर नहीं करने का आरोप लगाया। नड्डा ने सदन के माध्यम से देश को यह भी बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 12 करोड़ परिवार यानी 55 करोड़ से ज्यादा लोगों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं। दुनिया के देश भारत के आयुष्मान भारत योजना का अध्ययन कर रहे हैं। सरकार ने आयुष्मान भारत, मुफ्त दवाइयों एवं जांच सुविधाओं सहित स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य सुविधाओं पर जोर देकर आउट ऑफ पॉकेट खर्च को 62 प्रतिशत से कम कर 47.1 प्रतिशत पर पहुंचाया है।उन्होंने कोविड के संकट काल के दौरान मोदी सरकार द्वारा चलाए गए दुनिया के सबसे बड़े और सफल टीकाकरण अभियान का भी जिक्र करते हुए पिछली सरकारों की तुलना में मोदी सरकार द्वारा तेजी से कामकाज किए जाने का दावा किया।जेपी नड्डा के जवाब के बाद लोकसभा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

# नशे में धुत सरकारी अधिकारी ने एसयूवी से बाइक को टक्कर मारी, लगी आग



**नईदिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां दिल्ली सरकार की एक अधिकारी पर अपनी एसयूवी कार से बाइक को टक्कर मारने का आरोप है। टक्कर के बाद कार और बाइक दोनों में आग लग गई।घटना रविवार तड़के 2 बजे के बाद झंडेवालान इलाके में रानी झांसी रोड पर घटी है। एसयूवी चालक की पहचान आबकारी विभाग में सहायक आयुक्त आरसी मीना के रूप में हुई है।रैपिडो बाइक सवार युवक अस्पताल में भर्ती है।पुलिस ने बताया कि मीना अपनी क्रेटा एसयूवी तेज गति से चलाकर आ रही थीं, तभी उन्होंने रैपिडो बाइक को टक्कर मार दी। बाइक कार में फंस गई और दूर तक घसीटती चली गई।इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हालांकि, आग लगने से पहले दोनों वाहन चालक दूर हट चुके थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। बाद में दमकल विभाग ने आग बुझाई।पुलिस ने मीना को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई।रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि दुर्घटना के समय मीना नशे में धुत थीं। उनके खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और दुर्घटना का कारण बनने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि रैपिडो बाइक चालक के पास लाइसेंस नहीं था। बाइक चालक को हल्की चोटें आई हैं।पुलिस का कहना है कि वह मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है।

# दिल्ली से लेकर पहाड़ों तक भारी बारिश की चेतावनी

## ▶▶ भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट




**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** देशभर के विभिन्न राज्यों में इन दिनों मूसलधार बारिश हो रही है, जिससे कई स्थानों पर जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि 10 अगस्त तक दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में हल्की से लेकर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है.आपको बता दें कि 5 अगस्त को मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है. इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ी राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड्स से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. उत्तराखंड में हजारों श्रद्धालु फंसे हुए हैं, वहीं महाराष्ट्र के पुणे में भी भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है. हिमाचल प्रदेश में आज भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है.दिल्ली में लगातार हो रही भारी बारिश ने जहां दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं सड़कों पर बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी भी हो रही है. आज दिल्ली में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है और अगले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. दिन के दौरान तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है.इसके अलावा आपको बता दें कि राजस्थान में 6 अगस्त तक भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि उत्तराखंड में अगले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है. उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश से लैंडस्लाइड्स की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे कई रास्ते बंद हो गए हैं और यातायात प्रभावित हुआ है.साथ ही आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आज और कल भारी बारिश की संभावना है. वहां के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है. हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश से लैंडस्लाइड्स की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है.वहीं आपको बता दें कि गुजरात के वलसाड में भारी बारिश के बाद जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. वलसाड के डीएम अनसूया आर झा ने कहा कि वलसाड जिले में भारी बारिश के कारण औरंगा नदी उफान पर है. लगभग 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य अभी भी जारी है.

## कांग्रेस बोली 5 अगस्त ब्लैक डे, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने की आज पांचवीं वर्षगांठ है। धारा 370 को निरस्त करने के पांच साल पूरे होने पर जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के एक्स अकाउंट से एक पोस्ट किया गया है। उन्होंने इसे ब्लैक डे करार दिया है।कांग्रेस के पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस के पोस्ट को शेयर कर लिखा- कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त को काला दिवस कह रही है, लेकिन पूरा देश 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने को ऐतिहासिक वर्षगांठ के रूप में मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत को एकजुट, मजबूत और पूर्ण विकसित देश बनाने के लिए कई और निर्णायक कदम उठाए जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के पांच साल पूरे

## ● घाटी में बढ़ाई गई सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर नजर



**श्रीनगर,(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के आज पूरे पांच साल हो गए हैं. इस बीच घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सुरक्षा बल चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए हैं. बता दें कि केंद्र सरकार ने पांच साल पहले यानी 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्ज देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटा दिया था. साथ ही जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा खत्म कर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिया था. इसी के मद्देनजर घाटी में आज सुरक्षा बढ़ा दी गई है.अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे होने पर जम्मू जिले के अखनूर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. इलाके में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है. साथ ही आने जाने वाले वाहनों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है. जिससे घाटी में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन को रोका जा सके.जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अखनूर एलओसी इलाके में जगह-जगह चेकपोस्ट बनाकर गश्त कर रहे हैं.

साथ ही वहां से गुजरने वाले वाहनों और दस्तावेजों की भी गहन जांच की जा रही है. जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है. शहर से लेकर गांव तक कड़ी निगरानी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की घुसपैठ या किसी भी प्रकार की हिंसक घटनाओं को रोका जा सके.इस बीच दक्षिण जम्मू के एसपी अजय शर्मा ने कहा कि, आतंकी गतिविधि को देखते हुए हम हमेशा सतर्क रहते हैं, चाहे वह 5 अगस्त हो या 15 अगस्त. हम अपनी सुरक्षा तैयारियों के बारे में सब कुछ नहीं बता सकते. हालांकि उन्होंने कहा कि, हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सुरक्षा के मामले में हम कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

# बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद सीमा पर हाई अलर्ट

## ● कोलकाता पहुंचे बीएसएफ के डीजी ने लिया जायजा



**कोलकाता,(हि.स.)।** भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और सैन्य शासन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कोलकाता स्थित बीएसएफ के पूर्वी कमान मुख्यालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने सोमवार अपराह्न यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि बीएसएफ के डीजी दलजीत सिंह चौधरी बांग्लादेश के हालात के बारे में जानकारी मिलने के तुरंत बाद कोलकाता स्थित मुख्यालय पहुंचे हैं। यहां उन्होंने बीएसएफ के संबंधित उच्च अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की है और भारत बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के निर्देश दे दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है और बांग्लादेश की ओर से भारत की सीमा की तरफ आने वाले हर एक शख्स पर पैनी नजर रखे जा रही है।उक्त अधिकारी ने बताया कि डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने फिलहाल सुंदरबन का दौरा किया है और यहां बीएसएफ की तैयारियों का जायजा लिया है। ये क्षेत्र समुद्र के रास्ते बांग्लादेश से जुड़ा हुआ है और कई सारे आईलैंड के जरिए भारतीय सीमा में प्रवेश के कई रास्ते हैं। डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने अधिकारियों को चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि बेहतर तालमेल कर किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सके।

## भगवान महाकाल की नगरी में 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**उज्जैन/भोपाल, (हि.स.)।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी में आज सावन के तीसरे सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी निकलने से पहले विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यहां महाकाल लोक के पास शक्ति पथ पर 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाया। इसके साथ ही उज्जैन का नाम सबसे अधिक लोगों के डमरू बजाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। गिनीज बुक से आए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा।

# यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में अगले सप्ताह आखिरी सुनवाई

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** यूपी के मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह अंतिम सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।सुप्रीम कोर्ट ने 5 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट के इस आदेश से 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले पर विचार करते समय हाई कोर्ट ने कानून की गलत व्याख्या की।

एक मदरसे के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य की ओर से दायर याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे मनमाना बताया गया है।



याचिका में कहा गया है कि इस फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। लिहाजा जब तक सुप्रीम कोर्ट मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता पर फैसला लेता है, तब तक हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगे।दरअसल, 22 मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया था। मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री रहते ये कानून पारित किया गया था। हाई कोर्ट ने राज्य के मदरसों और उनमें पढ़ने वाले छात्रों की बड़ी संख्या के मद्देनजर यूपी सरकार से कहा था कि वो मरदसों में पढ़ रहे बच्चों को औपचारिक शिक्षा देने वाले दूसरे स्कूलों में शामिल करें।

इसके लिए अगर जरूरत हो तो नए स्कूल खोले जाएं।उत्तर प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2023 में मदरसों की विदेशों से हो रही फंडिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था।

एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में 8 हजार मदरसों पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। रिपोर्ट के मुताबिक सीमावर्ती इलाकों में 80 मदरसों को 100 करोड़ से ज्यादा का विदेशी फंड मिला है।

# ईयर टैगिंग कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी

▸ पशुधन की संक्रामक रोगों से सुरक्षा हेतु वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लायी जाए



लोकमित्र ब्यूरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि पशुधन की संक्रामक रोगों से सुरक्षा हेतु वैक्सीनेशन कार्य निरन्तर किया जाए और ईयर टैगिंग कार्य में तेजी लाई जाए तथा पशुधन पोर्टल पर अपलोड भी किया जाए। ईयर टैगिंग कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी वर्षाकाल के दृष्टिगत निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों का पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निराश्रित गोवंश को वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता हेतु 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में चारा बुआई का कार्य अभियान के रूप में 15 अगस्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए।धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थल तक पहुंचाने, बरसात से बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था, ईयर टैगिंग कार्य, पशुधन बीमा तथा हरा चारा बुआई के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि जनपदों में उपलब्ध कब्जामुक्त,गोचर भूमि पर अन्य चारा बीज की तत्काल बुआई कराकर शत-प्रतिशत हरा चारा आच्छादन का लक्ष्य ससमय पूर्ण किया जाए। सड़कों तथा ग्रामों में विचरण कर रहे गोवंश को प्राथमिकता के आधार पर संरक्षित कराया जाए और पशुधन को संचारी रोग से बचाव हेतु व्यापक प्रबंधन किया जाए तथा वैक्सीन औषधियों की कोई कमी न होने पाए। पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी जनपदों में भूसा, हराचारा, दाना, पानी, प्रकाश, वैक्सीन, औषधि आदि की उपलब्धता का प्रभावी अनुश्रवण एवं निरीक्षण कर सत्यापित कराया जाए।

# त्वरित व संतुष्टिपरक हो लोगों की समस्याओं का समाधान

▸ जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

लोकमित्र ब्यूरा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की हर समस्या का निराकरण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। जिन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किन्हीं कारणों से नहीं मिल पाया है उन्हें इसके दायरे में लाया जाएगा। जनता दर्शन में मुस्लिम समाज की भी कई महिलाएं भी पहुंची थीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाए। हर बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि कोई भी गरीबों की जमीन, संपत्ति पर कब्जा न करने पाए। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। जनता दर्शन के अलावा मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान भी सीएम योगी ने परिजनों के साथ आए कई बच्चों से मुलाकात कर उन्हें स्नेहिल आशीष दिया।

# अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना, आरक्षण और प्रशासनिक विफलता पर उठाए सवाल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत की और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजूल शब्द के अर्थ को लेकर समझ पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री जी कितने समझदार हैं, उन्हें यह पता लगा कि नजूल उर्दू शब्द है, यह मुसलमानों से संबंधित होगा। अधिकारी उन्हें समझाते रहे कि नजूल का मतलब कुछ और है, लेकिन उन्होंने कहा कि नजूल मतलब यह जमीन मुसलमानों की है। सोचिए वो उर्दू के शब्द नजूल को लेकर पूरा प्रयागराज खाली करवा रहे थे, गोरखपुर में अपने और अपने सहयोगियों के स्वार्थ को लेकर वह शहर खाली करवा रहे थे। इसके अलावा, अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर एंग्लो इंडियन समुदाय की एकमात्र सीट को फर्जी जनगणना के माध्यम से छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पहले लोकसभा और विधानसभा में एंग्लो इंडियन की एक सीट हुआ करती थी। उन्होंने फर्जी जनगणना कराकर एंग्लो इंडियंस की एक सीट भी छीन ली। अब यह सुनने में आ रहा है कि एक मंत्री जी चिल्ला रही हैं कि आरक्षण खत्म हो गया है। ये लोग सरकार में भी रहेंगे और आरक्षण की भी बात करेंगे। पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाई-बहन जिन्हें आरक्षण की चिंता है, वह तुरंत बीजेपी को छोड़ दें।

# कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो





**लखनऊ ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में आच्छादन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आच्छादन के आंकड़ों को प्रत्येक तीन दिन पर संकलित किया जाये। जिन फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय उत्पादकता से पीछे है, उन फसलों की कार्य-योजना बनाकर अगले 1 से 2 वर्षों के भीतर राष्ट्रीय स्तर की उत्पादकता प्राप्त की जाये। कृषि भवन में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने योजना अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि दलहन एवं तिलहन तथा मक्का पर विशेष बल दिया जाये। रबी की बुवाई हेतु किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता कराने हेतु अभी से तैयारी कर ली जाये। चना, मसूर एवं मक्का के बीज जो अधिक उत्पादकता वाले हैं तथा प्रदेश के लिये उपयुक्त भी हैं, उन्हीं प्रजातियों की माँग कर बीज उपलब्ध कराया जाये। बाजरे की फसल को भी बढ़ावा दिया जाना है। इस हेतु अभी से कार्य प्रारम्भ कर दिया जाये। इस दौरान मंत्री द्वारा कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा अनुभाग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि आच्छादन के आंकड़ों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। साथ ही वर्षा के आंकड़ों का भी परीक्षण करें। डिजिटल कॉप सर्वे का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित की जाये। बाजरा, मक्का एवं तिल की उत्पादकता में गिरावट के कारणों पर एनॉलिसिस किया जाये। इस दौरान विभाग के सभी संबंधित योजना अधिकारी उपस्थित थे।

# देश के कृषि सेक्टर का पॉवरहाउस है उत्तर प्रदेश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कृषि सेक्टर के कायाकल्प और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार कृषि विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम (यूपी एग्रीस) की शुरुआत करने जा रही है। योजनांतर्गत न केवल फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नियोजित प्रयास होगा, बल्कि मूंगफली, मिर्च और हरी मटर जैसी फसलों के क्रॉप क्लस्टर और इनसे जुड़े उद्योगों के नए क्लस्टरों के विकास तथा निर्यात बढ़ोतरी का प्रयास भी होगा। सरकार न केवल किसानों को विभिन्न देशों में भेजकर नई तकनीक का प्रशिक्षण भी दिलाएगी, बल्कि कृषि सेक्टर का वित्त पोषण भी करेगी। विश्व बैंक की सहायता से शुरू हो रही यह परियोजना किसान, कृषक उत्पादक संगठन और कृषि उद्यमियों को हर संभव तकनीकी सहायता तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की सुलभता मुहैया कराएगी।

सोमवार को विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 187.70 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि के साथ उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जहां कुल उपलब्ध भूमि के 76त्न फीसदी पर खेती की जाती है। मैनपॉवर हो या कि शुद्ध जल की उपलब्धता अथवा विविध क्लाइमेटिक ज़ोन, उत्तर प्रदेश में हर वह पोटेंशियल है जो इसे देश के कृषि सेक्टर का पॉवरहाउस बनाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सिंचित भूमि का कवरेज भी 86त्न से अधिक है। विगत 07 वर्षों में नियोजित प्रयासों से प्रदेश में विभिन्न फसलों की उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन अब भी बुंदेलखंड, पूर्वांचल तथा विंध्य क्षेत्र में अब भी बहुत कुछ किये जाने की आवश्यकता है।

# हर व्यक्ति की समस्या का किया जायेगा निदान

▸ उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम, सुनी जनसमस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न,भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होघ्, कठोर कार्यवाही की जाय।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय -7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे।उन्होने जनसुनवाई के दौरान।हर व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना। समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।जनता दर्शन मे गौतमबुद्ध नगर, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, कानपुर देहात, आगरा, औरैया, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद,हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर , अलीगढ़, प्रयागराज, बरेली, बस्ती जालौन, मिर्जापुर, फिरोजाबाद, बदायुं, जौनपुर, कौशाम्बी, अमेठी, देवरिया, सहारनपुर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, इटावा, बरेली सहित लगभग 3 दर्जन जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# अल्पसंख्यक महिलाओं के हितैषी होने के भाजपा के दाबे नितांत झूठेः भाकपा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा? गिरीश ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यकों खासकर अल्पसंख्यक महिलाओं का हितैषी होने के जितने भी दावे करे, सच तो यह है कि उसने अल्पसंख्यकों के खिलाफ आर्थिक और सामाजिक युध्द छेड़ रखा है।

उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक महिलाओं के हक में खड़े होने और न्याय दिलाने के तमाम दावे करती है। तीन तलाक कानून ला कर उसने ऐसा ही ढिंढोरा पीटा था। और अब अयोध्या में बालिका के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म पर शुध्द और पूरी तरह से राजनैतिक रोटियाँ सेक रही है। उन्होने कहा कि भाकपा इस दुष्कर्म और हर ऐसी घटना की कठोरतम शब्दों में निंदा करती है। पर भाकपा की यह स्पष्ट राय है कि आरोपी को मौजूदा कानूनों के तहत कठोरतम सजा दी जाये। पर किसी परिवार के जीवनयापन के आर्थिक स्रोत को मनमाने तरीके से रौंद देना कानून विरोधी तो है ही, आर्थिक रूप से उसे पंगु बनाना भी है। सच कहा जाये तो यह जंगल का कानून है जिसने अरब देशों सामंतयुगीन कानूनों को पीछे छोड़ दिया है। बुलडोजर चला कर आर्थिक स्रोतों को विनष्ट करने के साथ ही भाजपा और उसकी सरकार मुस्लिम बालिकाओं के साथ किस तरह का दोहरा वरताव कर रही है, केवल एक उदाहरण से स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश में प्रदेश सरकार ने अपने तुगलकी निर्णय के तहत सान 2022 से अल्पसंख्यक समाज की लड़कियों की शादी के मौके पर दिया जाने वाले अनुदान को बंद कर दिया है। डा? गिरीश ने कहा कि अब यह अनुदान बहुत सीमित संख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग की लड़कियों की शादी में दिया जाता है।

# प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

▸ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को भव्य रूप से मनायेगी राज्य सरकार

▸ काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ 09 अगस्त को शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों व अमृत सरोवरों के तट पर होंगे वृहद कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को वर्षभर मनाने के लिए राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, गृह विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग तथा समस्त जिलाधिकारियों, मण्डलायुक्तों विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।काकोरी ट्रेन एक्शन स्वतंत्रता इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है। एक्शन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राष्ट्रनायकों के जीवन आदर्शों से युवाओं को परिचित कराने के लिए राज्य एवं जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी बताया कि मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक में आयोजन को गरिमामय ढंग से मनाने के विभागों को निर्देश दिए थे।

प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ पूरे वर्ष मनायेगी। उन्होंने बताया कि शताब्दी महोत्सव की शुरूआत 09 अगस्त से होगी। इस अवसर पर शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के किनारे वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, किशोरों, युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम के घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों के संबंध में बुकलेट भी तैयार करायी जायेगी। प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को जनपद एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के आयोजन के अवसर पर प्रथम पुरस्कार जनपद स्तर पर 10,000 रूपये राज्य स्तर पर 51,000 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार जनपद स्तर पर 7500 रूपये तथा राज्य स्तर पर 21,000 रूपये दिया जायेगा। तृतीय पुरस्कार जनपद स्तर पर 5000 तथा राज्य स्तर पर 11000 रूपये की धनराशि दी जायेगी।

सांत्वना पुरस्कार जनपद स्तर पर 07 लोगों को 1000 की दर से, राज्य स्तर पर 5000 रूपये की धनराशि प्रदान की जायेगी। शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों एवं अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उसके नायकों, विभिन्न घटनाओं पर आधारित पूर्ण विवरण जो संबंधित विद्यालयों को जिलाधिकारी के माध्यम उपलब्ध कराया जायेगा, को छात्र-छात्राओं को पढ़कर सुनाया जायेगा। 09 अगस्त को 'एक पेड़ माँ के नाम' रोपित करते हुए शहीद स्मृति उपवन की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त को 'हर घर तिरंगा' फहराया जायेगा।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने की प्रमुख सचिव गृह से मुलाकात

▸ एफआईआर निरस्त करने की मांग

▸ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमा लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा सांसद औरपूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जाति पूछने संबंधी बयान पर सुलतानपुर तथा पीलीभीत के कांग्रेसजनों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से किए गये विरोध प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसजनों पर मिथ्या आरोपों में फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है जो कि निहायती दुर्भाग्यपूर्ण तथा लोकतांत्रिक के मूल्यों के खिलाफ है। घटना का संज्ञान लेते हुए आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव संगठन प्रभारी अनिल यादव, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार तथा जनपद पीलीभीत के अध्यक्ष हरप्रीत पाल छब्बा ने प्रमुख सचिव गृह के कार्यालय पर मुलाकात कर घटना पर उनका ध्यान आकर्षित कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रमुख सचिव गृह को बताया कि पीलीभीत में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों को गिरफ्तार किया गया था परन्तु स्थानीय राजनीतिक दबाव के कारण थाना कोतवाली पीलीभीत पुलिस द्वारा एक प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-0260द्2024 अन्तर्गत धारा 126(2), 132, 281, 323, 189(2), 326 (ळ), 285 बी.एन.एस. एवं धारा 7 कि0एम0एक्ट के अन्तर्गत फर्जी तथ्यों के आधार पर अंकित कराई जिसमें पीलीभीत के कांग्रेस पदाधिकारियों को नामजद किया गया।

# सनातन महासभा भारत की मासिक बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ ।** पूज्य स्वामी कौशिक चौतन्य जी महाराज की अध्यक्षता में सनातन महासभा भारत की मासिक बैठक 4 अगस्त को पूज्य स्वामी कौशिक चौतन्य जी महाराज के आश्रम महानगर, लखनऊ में आयोजित हुई। सनातन महासभा के महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि इस माह पूर्णिमा पर 18 अगस्त को 128वी आदि गंगा मां गोमती महाआरती/सनातन समागम के साथ 11 पूर्व सैनिकों का गौरव सम्मान व हरियाली तीज पर महिला सनातन परिधान के साथ अगस्त माह में पड़ने वाले जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ सनातन संस्कृति रूप में मनाना जाएगा, साथ ही डा. आहुति बाजपेयी जी को हरियाली तीज से सम्बंधित कार्यक्रम निर्धारित करने की जिम्मेदारी दी गई।

इस माह 18 अगस्त को पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गोमती आरती के साथ हर माह की भांति जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ सनातन संस्कृति के अनुसार मनाया जाएगा, साथ ही हरियाली तीज उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में कृष्ण नन्द जी ने कविता पाठ ''राम जी की महिमा अपार बा.....'' से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शिवम मिश्रा जी ने अपने गौरवपूर्ण 314 कार्यक्रम सुन्दरकाण्ड का करने के पश्चात अपनी शैली में सभी सनातनियों को मॉ, मातृभूमि और मात्रभाषा इन तीन बचनों को गांठ बांधकर अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिये अपना सबकुछ निछावर करने वाले श्री निवास राय ने सनातनियों से आग्रह किया कि हमे अपने व्यवसाय पर ध्यान देना चाहिए। विना किसी शर्म व झिझक के हिन्दुओं को व्यवसाय में आगे आना चाहिए जिससे हम अपने ही भाई को बढ़ावा दे सके।

''हम दो हमारे दो और सबके दा'' का नारा देकर एक बृहद हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने हिन्दुओं के उत्थान की बात करते हुए हिन्दुस्थान की बात की। एक आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए बताया कि उ0प्र0 के 22 जिले ऐसे हैं जहां मुस्लिमों की आबादी बेतहाशा बढ़ी है। जिस पर



नियंत्रण जरूरी है। डा0 प्रवीण ने लखनऊ में एक बड़ी रैली करने तथा बाद में दिल्ली के जन्तर मन्तर पर भी रैली करने की मंसा व्यक्त की जिससे सरकार के लोगों को हमारी बात पहुंचायी जा सकें। सनातन महासभा से रमेश चन्द्र वेरी ने जनसंख्या कानून लागू करने हेतु एक बड़े आन्दोलन के लिऐ हमे तैयार रहना होगा।

बग्लादेशी हमारे ही बीच में हिन्दू नाम रखकर रहते है और बाद में हमें धोखा देते हैं ऐसे लोगों की पहचान करनी होगी तथा इनसे सतर्क रहना होगा। पनुन कश्मीर से रवि कचरू ने अपने सम्बोधन में जोर दिया कि हमें कार्यकर्ता बनना है न कि पदाधिकारी जिससे इस मुहिम को आगे ले जा सकें। कमलेश वाजपेयी ने कहा कि हमें कम समय में ज्यादा कार्य करना है हर जगह सनातन की बात करनी है हम कही भी हों वहीं से सनातन का कार्य कर सकते हैं। विजय मिश्रा ने अपने चिरपरिचत अन्दाज में कहा कि हमारे बच्चों और हमें तिथियों की जानकारी होनी चाहिए क्योंकि सारी सृष्टि की गणना तो तिथियों से ही होती है। अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज के अध्यक्ष सी0पी0 अवस्थी ने कहा कि मुसलमान हमारे ऊपर हावी हो रहे हैं हमें अपनी सोच बदलनी होगी अन्यथा हम मुकाबला नहीं कर पायेंगें।

हमारे अपने जयचन्द ही हिन्दुओं के कार्य मे अड़ंगा लगाते हैं इनसे सावधान रहना होगा। बैठक के पश्चात अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ पूज्य कौशिक चौतन्य जी महाराज के आशीर्वाद से उनके कर कमलों द्वारा प्रारंभ हुआ। महाराज जी ने कहा कि हमारे पास उत्साह की कमी है पहले हमें अपनों को मजबूत करना होगा तत्पश्चात ख्याति तो मिल ही जायेगी। हमारी रोजमर्रा की चीजें अधिकांशतः मुसलमान ही करते हैं। अतः हमें संगठित होना होगा और एक दूसरे का सहयोग कर सनातनी लोगों को मजबूत करना है। कार्यक्रम का समापन स्थानीय पार्षद सुनील जी ने किया तथा कहा कि हमारे लिये जो भी कार्य सौंपा जायेगा या किसी भी प्रकार का सहयोग होगा हम उसे अवश्य ही करेंगें। इस विषय पर नेतृत्व भारत रक्षा दल ने किया और अन्य संगठनों में सनातन महासभा भारत, सनातन धर्म सभा, पनुन कश्मीर, सनातन संस्कृति मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से स्वामी कौशिक चौतन्य, स्वामी आनंद नारायण जी, स्वामी हरेंद्र गिरी, श्रीनिवास राय, सी0पी0अवस्थी, रवि कचरू, शिवराम मिश्रा, विजय त्रिपाठी, कौशिक बनर्जी, शैलेन्द्र शुक्ल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सभासद सुनील शंखधर,रमेश चन्द्र बेरी, संजीव पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, अर्जुन द्विवेदी, डॉ विजय मिश्र, पी. पी. शर्मा , भागीरथी विश्वकर्मा, शेफालिका अग्रवाल, विश्वनाथ शुक्ल, प्रदीप पाण्डेय, साधना शर्मा, अनुभव शुक्ल, राजीव शुक्ल, गिरीश चन्द्र जोशी, मनोज सारस्वत, कृष्णानंद राय, ध्रुव बाजपेयी, दीपक बेरी, आरती पाण्डेय, अवधेश विश्वकर्मा, विवेक सक्सेना, शरद श्रीवास्तव, कमलेश बाजपेयी, डॉ शशि मिश्र, विकास मिश्र, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, श्रीमती जयश्री मिश्र, चित्रा द्विवेदी, सुमन पाण्डेय, सुधांशु शुक्ल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएम आवास पर कोर कमेटी की बैठक, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री पहुंचे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सीएम आवास पर बैठक चल रही है। सोमवार शाम करीब 6रू15 बजे बैठक में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री सुनील शर्मा, अनिल कुमार समेत कई मंत्री सीएम आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री की ओर से बुलाई गई टीम 30 और बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक एक साथ हो रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि आज मुख्यमंत्री कि टीम 30 इन 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की ग्राउंड रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद उपचुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। सूत्रों की माने तो बैठक में उन क्षेत्रीय पदाधिकारी को भी बुलाया गया है जिनका नाम बोर्ड, निगम या आयोग के उपाध्यक्ष या अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोर्ट परिसर में तमंचा लेकर पहुंचा युवक



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार दोपहर एक युवक तमंचा लेकर कोर्ट परिसर पर पहुंचा। इसे वकीलों ने संदेह के आधार पर पकड़ लिया। तुरंत पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई। यहां उसके खिलाफएफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वजीरगंज इंस्पेक्टर दिनेश मिश्र के मुताबिक न्यायालय के गेट नंबर तीन पर मोहन रोड निवासी अमन खान को पकड़ा गया है। उसको एक तमंचा के साथ चौक निवासी अधिवक्ता सुहैल अहमद सिद्दीकी ने साथियों के साथ संदेह होने पर पकड़ा था। उसके खिलाफ अधिवक्ता फराहा सिद्दीकी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### बीमारी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैसरबाग इलाके में बीमारी से परेशान युवक ने गले में चाकू मारकर सुसाइड कर लिया। युवक लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से परेशान चल रहा था। घर से दवाई लेने की बात कहकर निकला और रास्ते में चाकू मारकर सुसाइड कर लिया। आसपास के लोगों ने उसे बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बापू नगर केडी सिंह स्टेडियम का रहने वाला रामबाबू धानुक (32) पुत्र शिव प्रसाद साफ सफाई का काम करता था। रामबाबू दवाई कराने के बाद भी जब ठीक नहीं हुआ तो डिप्रेशन का शिकार हो गया। रविवार शाम करीब 5 बजे घर पर दवाई लेने की बात कहकर निकला था। रात 8 बजे ऑडियन सिनेमा कोहिनूर पैलेस के पास गले में चाकू मार लिया। पुलिस ने परिवार को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। भाई धीरज ने बताया मिर्गी के चलते कई बार घर की सीढ़ीयों से भी गिर चुका है। जिससे उसे काफी चोट भी लगी रहती थी। उसका इलाज डॉक्टर नजर अहमद के यहां से चल रहा था। बीमारी के चलते अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी।

### इटौंजा इलाके में ट्रेन से कटी 12 बकरियां

**लखनऊ।** लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक दर्जन बकरियों की कटकर मौत हो गई है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे यह घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सीतापुर की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में यह बकरियां आ गई। बकरी मालिक इन्हें चराने जा रहा था, तभी ट्रेन आ गई और यह हादसा हो गया। बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा इलाके में अर्जुनपुर गांव निवासी अर्जुन बकरी को चराने के लिए निकला था। तभी उसकी एक दर्जन बकरियों का झुंड चरते-चरते ट्रेन की पटरी पर पहुंच गई। उसी समय ट्रेन आ गई, जिससे यह हादसा हो गया। अर्जुन ने बताया कि लगभग पचास से साठ हजार रुपए का नुकसान हुआ है। किसान बकरी पालन का काम करता है और इसी से उनके परिवार का खर्च चलता है। पीड़ित किसान ने सरकार से बकरी के नुकसान को लेकर मदद की गुहार लगाई है।

### कैंट में दुकान जली

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार में स्थित सब्जी मंडी के पास दुकान में बीत रात अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। घटना में एक दुकान पूरी तरह से जल गई। घटना रात करीब साढ़े तीन बजे की है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। दुकान में रखा फर्नीचर सहित करीब 1 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग किन कारणों से लगी, यह अभी नहीं पता चल सका है।

### नाराज हुए कांवड़ यात्री

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी पर कांवड़ यात्रा के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। कांवड़ यात्रा के प्रमुख संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रभारी निरीक्षक ने कांवड़ियों को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान नहीं की। इसकी वजह से कांवड़ियों को करीब 9 किलोमीटर तक बिना पुलिस व्यवस्था के ही कांवड़ यात्रा करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, सैदापुर चौराहा पहुंचने पर कांवड़ियों ने प्रभारी निरीक्षक के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। उन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कांवड़ियों ने कहा कि बिना पुलिस फोर्स के साथ 9 किलोमीटर से अधिक चलना पड़ा, यह उनकी सुरक्षा के लिए खतरनाक था।

### खदरा में उल्टी-दस्त से पांच साल की मासूम ने दम तोड़ा

**लखनऊ।** खदरा में उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि वह उसे लेकर अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन सही उपचार नहीं मिला। इससे उसकी तबीयत बिगड़ती गई। शनिवार देर रात रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। खदरा में बुखार, जुकाम, उल्टी और दस्त से कई लोग बीमार हैं। अधिकांश लोग निजी डॉक्टरों के यहां इलाज करा रहे हैं। पक्का पुल निकट स्थित खदरा निवासी गीता ने बताया कि पांच वर्षीय बेटी राधिका को शनिवार सुबह कई बार उल्टी-दस्त और पेट दर्द होने पर बलरामपुर अस्पताल ले गए। हालत खराब देखकर डॉक्टर ने इमरजेंसी भेज दिया। इमरजेंसी में भर्ती कराने के बावजूद राहत नहीं मिलने पर परिजन रात को उसे निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने हालत गंभीर बताकर राधिका को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार रात दो बजे बीच रास्ते में बच्ची ने दम तोड़ दिया। ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों ने राधिका को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर लौट चले गए। परिजनों ने इलाज में कोताही का आरोप लगाया है। स्वास्थ्य विभाग बच्ची की मौत का कारण जानने को डेथ ऑडिट कराएगा।

### पुरानी पेंशन के लिए यात्रा निकाली जाएगी

**लखनऊ।** इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक सोमवार को वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इप्सेफ के कोर कमेटी की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जहां दो अक्तूबर को गांधी जयंती पर सभी राज्यों के कर्मचारी बापूजी को माल्यार्पण अर्पित करके उनके सिद्धांतों के अनूरूप पुरानी पेंशन बहाली के लिए देशभर में संकल्प यात्रा निकालेंगे। जबकि इप्सेफ के राष्ट्रीय अधिवेशन नवंबर के अंतिम सप्ताह में लखनऊ में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए वीपी मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी, शिक्षक 2 अक्तूबर से महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संकल्प लिया जाएगा कि भारत सरकार पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सेवा नियमावली और न्यूनतम वेतन पर सरकार निर्णय नहीं करेगी तब तक सत्याग्रह जारी रहेगा। उप महासचिव अतुल मिश्रा ने बताया कि नवंबर के अंतिम सप्ताह में इप्सेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन लखनऊ में होगा, जिसमें देश भर से केंद्रीय एवं राज्यों के पांच पांच प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसबी सिंह, महासचिव प्रेमचंद, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार रावत, गिरीश चन्द्र मिश्रा, एनबीआरआई के डा. सुमित यादव, सीडीआरआई से डा. संदीप शर्मा शामिल हुए।

### आयोग की भर्ती लापता, पोस्टर लेकर पिकप भवन पहुंचे युवा

**लखनऊ।** यूपी एसएससी टेक्निकल भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिकप भवन पहुंचे। यहां श्भर्ती लापताश् का पोस्टर लेकर धरना प्रदर्शन किया। आयोग के सचिव से भी मिले और जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे बाबूराम गुप्ता का कहना है कि यूपी एसएससी के थ्रू कंबाइंड टेक्निकल की भर्ती 2016 में आई थी। मार्च 2023 में परीक्षा हुई। मार्च 2024 में रिजल्ट आना था।

# नो पार्किंग में गाड़ी लगाई, 381 के कटे चालान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सड़क पर नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना सोमवार को 381 लोगों को महंगा पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की। सड़क किनारे लगे नो पार्किंग बोर्ड के सामने खड़े वाहनों की फोटो खींचकर मोबाइल से ई चालान काटे गए। यह अभियान कैसरबाग इलाके में मंडलायुक्त कार्यालय के बाहर, रेजीडेंसी, बलरामपुर हास्पिटल के पास चलाकर प्रत्येक वाहन पर 500 रुपये जुर्माना लगाते हुए 381 ई-चालान किए गए।



### आसपास के बिना परमिट यात्री-माल वाहनों पर लगेगा 10 हजार जुर्माना

लखनऊ से सटे गैर जनपद के वाहन, जिनके पास परमिट-रजिस्ट्रेशन नहीं है। उनके लखनऊ सीमा में प्रवेश से शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव बढ़ने से हादसे और जाम की स्थिति हो रही है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली की तरफ से लखनऊ आने वाले यात्री और माल वाहनों पर रोक लगा है।

इसके बावजूद लखनऊ की सीमा में प्रवेश पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर दिया जाएगा।

### स्कूलों की छुट्टी के वक्त खूब कटे चालान

हजरतगंज के आसपास नामचीन स्कूलों के बाहर छुट्टी के पहले अभिभावकों के वाहन सड़क पर पार्क हो गए। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक कर्मियों ने पहले चेतावनी देकर वाहन हटाने के लिए एनाउंसमेंट किया। मगर नहीं हटने पर मोबाइल से फोटो खींचकर ई चालान किए। इस दौरान केडी सिंह बाबू स्टेडियम वाली सड़क पर एक वाहन सवार से कहासुनी भी हुई।

### लखनऊ में यहां गाड़ी खड़े करने पर कार्रवाई

लखनऊ में विधान सभा के चारों तरफ, गौतमपल्ली चौराहे से हजरतगंज तक, हजरतगंज चौराहे से मेफेयर तक, अल्का तिराहा से सेंट फ्रासिंस स्कूल से सहारागंज तिराहे तक, गोल्फ चौराहे से वीवीआईपी गेस्ट हाउस तक, आलमबाग बस अड्डा के सामने सड़क पर, बापू भवन चौराहे से बर्लिंग्टन तक, रविंद्रालय से नत्था तिराहे तक, हुसैनगंज से नाका तक, घंटाघर से बड़ा इमामबाड़ा तक, दुबग्गा तिराहे से छन्दोईया तिराहे तक, कमता तिराहा से बीबीडीयू तक, हुसड़िया चौराहे से हनीमैन चौराहे तक, निशातगंज गुड्स बेकरी चौराहे के सामने सड़क पर नो पार्किंग में गाड़ियों की पार्किंग पर सख्ती शुरू की गई है।

# घर के बाहर बैठी महिला से छेड़छाड़, जानलेवा हमला

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला सुरक्षा को लेकर बेहद सख्त रुख रखते है पर उनके इस मनसूबे पर राजधानी पुलिस पुरी तरह पानी फेरती नजर आती है ऐसा ही एक मामला राजधानी के बाजारखाला क्षेत्र में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला संग वहां शराब पी रहे दबंगों ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपीयों ने धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद उन पर पास पड़े कूलर से हमला बोल दिया। गंभीर घायल महिला का आरएलबी अस्पताल में उपचार किया गया है। पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। घटना रविवार रात की है। बाजारखाला के टुडियागंज शिया खैरात खाने में रहने वाली बुर्जुर्ग महिला कमला ने बताया मैं अपने घर के बाहर बैठी थी और बारिश हो रही थी तभी पास में बने गोदाम से शेरू फहीम और गुलफाम शराब पीकर निकले उसने महिला को अंधेरे में अकेले बैठे देख। इसका फायदा उठाते हुए महिला से छेड़छाड़ की कोशिश की। महिला को छुआ तो विरोध में महिला चिल्लाई। आरोपी ने महिला को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला पर पास पड़े कूलर से सर पर हमला बोल दिया। घर में बैठे महिला के बेटे सोनू ने जब माँ के चिल्लाने की आवाज सुनी तो वो बाहर पंहुचा महिला को तीनो आरोपी बुरी तरह पीट रहे थे उसने जब अपनी माँ को बचाने की कोशिश की तो आरोपी उस पर भी हमलावर हो गये जिससे माँ के साथ वह भी घायल हो गया।

महिला की बेटी ने बाजारखाला थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने केस दर्ज कर लिया पर 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। जिससे स्थानीय नागरिकों में बाजारखाला पुलिस के प्रति आक्रोश दिखा। घटना के संबंध में जानकारी के लिए जब एसएचओ बाजारखाला के सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### भूतनाथ के व्यापारियों ने एसीपी से भेंट कप बाजारों में गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

**लखनऊ।** भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसीपी गाजीपुर अनिरुद्ध विक्रम सिंह से शिष्टाचार मुलाकता की। इस दौरान भूतनाथ मार्केट के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया और बाजारों में पुलिस की गश्त बढ़ाए जाने की मांग की। व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एसीपी गाजीपुर ने शीघ्र ही भूतनाथ के व्यापारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। एसीपी से शिष्टाचार भेंट करने वाले पदाधिकारियों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष सुमित सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, विवेक प्रसाद, मनोज, मनु शुक्ला, शिव मूरत वर्मा, अश्वनी जायसवाल एवं शैलेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# लखनऊ-कानपुर रोड पर आज साढ़े तीन घंटे बाधित



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर रोड पर एलीवेटेड पुल निर्माण तेजी से हो रहा है। इस दौरान सोमवार को लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर सुबह 11.30 से दोपहर 03.00 बजे के बीच एलीवेटेड पुल निर्माण के मद्देनजर पिलर 5 से 10 के बीच पिलर नंबर 7 तक लगभग 500 मीटर तक ट्रैफिक बाधित रहेगा। इस बीच दरोगाखेड़ा, कृष्णानगर कॉलोनी के पास वाहनों को रोककर निकाला जाएगा। यातायात पुलिस ने आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लखनऊ-कानपुर और कानपुर-लखनऊ दोनों मार्ग के बीच का यातायात कानपुर-लखनऊ मार्ग पर ही संचालित होगा। काम के दौरान यातायात का दबाव रहने की संभावना है। ऐसे में ट्रैफिक सामान्य रूप से संचालित कराने के दौरान ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त तैनाती है। इस दौरान वाहन सवार जरूरी होने पर ही लखनऊ-कानपुर राजमार्ग का प्रयोग करें या वैकल्पिक मार्गों के जरिए आवागमन करें।

# एसी मैकेनिक ने दादी को कमरे में बंद कर किशोरी से की छेड़छाड़

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पारा में एसी सही करने आए मैकेनिक ने दादी और मासूम को कमरे में बंद कर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता की मां का आरोप है कि शिकायत पर पुलिस ने दो दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, आरोपित सुलह करने के लिए दबाव बना रहे हैं। पारा निवासी पीड़िता की मां के मुताबिक शुक्रवार दोपहर वह बेटे के साथ काम से निकली थी। घर में 17 वर्षीय बेटी, पांच वर्षीय बेटा व सास थीं। उन्होंने एसी खराब होने की शिकायत दुकानदार से की थी।

शुक्रवार दोपहर बिना सूचना दिए दो मैकेनिक एसी सही करने घर आ गए। इस बीच गुड़ंबा के बेहटा निवासी सलाउ्ददीन ने बेटी से पानी मांगा। बेटी पानी लाने रसोई में गई। इस बीच आरोपित ने कमरे में मौजूद दादी और मासूम बेटे को कमरे में बंद कर दिया।

वहीं, किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की। वहीं दूसरा साथी इस दौरान घर के बाहर से निगरानी करता रहा। किशोरी के चीख पुकार पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। देर रात वह घर पहुंची तो बेटी ने अपनी आपबीती बताई। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार सुबह उन्होंने पारा थाने पहुंचकर शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

रविवार सुबह छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा बढ़ाई जाएगी।

### जालसाजों ने राज्य सूचना आयुक्त का फर्जी अकाउंट बना रुपये मांगे

**लखनऊ।** जालसाजों ने राज्य सूचना आयुक्त मो. नदीम का फर्जी फेसबुक अकाउंट बना लिया। अब उनके परिचितों व रिश्तेदारों से रुपये मां रहे हैं। तहरीर पर विभूतिखंड पलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। हजरतगंज बटलर पैलेस निवासी राज्य सूचना आयुक्त मो. नदीम ने मुकदमा दर्ज कराया कि बीते 29 जुलाई को उनके पास परिचितों की कॉल आई। उन्होंने बताया कि उनके नाम फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया। जिसमें उनकी फोटो लगी हुई है। जालसाज परिचितों से आर्थिक मदद के नाम पर रुपयों की मांग कर रहा है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# बैंक मैनेजर समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कैंसर पीड़िता वृद्धा ने आईसीआईसीआई बैंक की मैनेजर समेत चार लोगों के खिलाफ खाते से 17 लाख रुपये निकालने का मुकदमा विभूतिखंड थाने में दर्ज कराया है। महानगर सेक्टर-सी निवासी वृद्धा शकुंतला सक्सेना कैंसर से पीड़ित हैं। शकुंतला के मुताबिक तीन साल पहले उनके पति व बेटे सौरभ की मृत्यु हो चुकी है। शकुंतला ने बताया कि उनका व उनके बेटे सौरभ का आईसीआईसीआई बैंक कैंट में ज्वाइंट खाता था। आरोप है कि उनके रिश्तेदार शुभी टंडन व इंदिरानगर निवासी सोमनाथ ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर ज्वाइंट खाता विभूतिखंड शाखा में ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद विभूतिखंड शाखा की तत्कालीन मैनेजर मनीषा निगम व सहायक कर्मचारी विजिता मिश्रा के साथ मिलकर उनके खाते 17 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद उनका खाता भी बंद करा दिया। शंकुतला का आरोप है कि जब उन्होंने दोनों आरोपियों से शिकायत की तो उन्हें धमकाने लगे। उन्होंने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड के मुताबिक बैंक मैनजेर मनीषा निगम समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।





# थार से कुचलने की कोशिश

» मामूली विवाद पर दबंगों ने रॉड से पीटा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने 4-5 युवकों को थार से कुचलने की कोशिश की। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें देखा जा सकता है कि 4-5 युवक सड़क किनारे से भाग रहे हैं। एक तेज रफ्तार थार उनके पीछे दौड़ रही है। लड़कों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

घटना विकास नगर थाना क्षेत्र की है। इस घटना से घबराए युवकों ने पुलिस से शिकायत की और थाने में केस दर्ज कराया है। विकास नगर थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शिवानी विहार, विकास नगर निवासी मोहम्मद सुफीयान पुत्र अतिकुर रहमान रात 11 बजे अपने दोस्त नदीम, मोहिब व अन्य के साथ स्कार्पियो से महानगर एरिया में आइसक्रीम खाने के लिए जा रहा था। वे लोग विकास नगर मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी एक गाड़ी बीच रोड पर खड़ी दिखी। उन्होंने दो-तीन बार हॉर्न बजाया लेकिन गाड़ी में बैठे ड्राइवर ने गाड़ी नहीं हटाई। इस पर सुफीयान अपनी गाड़ी मोड़कर आगे बढ़ाने लगा। तभी पीछे से कुछ युवक आए और गाड़ी की चाबी निकालकर कॉलर पकड़ लिया। जब तक सुफीयान कुछ समझ पाते, युवकों ने उन पर रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान सुफीयान तीन हमलावर को पहचान गए। वे विकास नगर के रहने वाले अर्सलान गाजी, समीरत फैजल और तोशीब थे। इनके साथ में 10-12 अन्य युवक भी थे। अर्सलान गाजी ने धमकी देते हुए कहा कि यहां हमारा राज चलता है। यह कहकर सभी दबंग तीनों से मारपीट करने लगे। किसी तरह सुफीयान व उसके दोस्त गाड़ी छोड़कर वहां से जान बचाकर भागे। उन्हें लगा कि भाग जाने से मामला खत्म हो जाएगा। इसके बाद दबंगों ने अपनी थार गाड़ी को घुमाया और कुचलने की नीयत से उनकी तरफ तेज रफ्तार थार दौड़ा दी। सूफीयान व उसके दोस्तों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। जाते-जाते थार पर सवार युवकों ने चिल्लाकर कहा कि हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। अगर पुलिस के पास गए तो जान से मार देंगे। विकास नगर एसएचओ विपिन सिंह ने बताया कि घटना देर रात की है। वायरल वीडियो के आधार पर पहचान कर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनके नाम मो. अरसल गाजी, मो. फैसल, समृद्ध सिंह हैं। अन्य दोषियों की पहचान की जा रही है।

### सावन के तीसरे सोमवार सीएम योगी ने मानसरोवर मंदिर में किया रुद्राभिषेक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन महीने के तीसरे सोमवार को आज अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने भगवान का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सीएम योगी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, भगवान भोलेनाथ को अति प्रिय श्रावण मास के तृतीय सोमवार के पावन अवसर पर आज गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर सभी भक्तों, श्रद्धालुओं एवं चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। हर हर महादेव ! सीएम योगी ने रुद्राभिषेक के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की है।

# सेल्स मैनेजर को लूटकर गए पूर्णागिरी, लौटते ही गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** शराब करोबारी के सेल्स मैनेजर को लूटने के बाद चारों बदमाश पूर्णागिरी दर्शन करने चले गए। लूट के रुपयों से मौज मस्ती कर लौटे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपी बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी के रहने वाले हैं। पुलिस ने लुटेरों के पास से लूट के 1,67,940 लाख रुपये और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी ने इनाम देने की घोषणा की है।

शराब कारोबारी का सेल्स मैनेजर उन्नाव के कब्बाखेड़ा निवासी पंकज कुमार जायसवाल 31 जुलाई की रात शराब दुकानों से पैसा लेकर बाइक से घर जा रहा था। बदमाशों ने रायबरेली हाईवे पर स्थित गोपाल खेड़ा के पास बाइक में टक्कर मार कर ढाई लाख रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया था। लूट में बगैर नंबर की टाटा सफारी गाड़ी इस्तेमाल किया गया था। गाड़ी पर नंबर नहीं होने के कारण लुटेरों का पता नहीं चल पा रहा था। इलाके के 150 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए तो एक संदिग्ध दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस बदमाशों तक पहुंच सकी।

### एक ही गांव के है चारों आरोपी

इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना में शामिल विमल, मोनू, विशाल उर्फ रौनी और सुदेश को गिरफ्तार किया गया है। सभी कुरौनी गांव के रहने वाले है। इंस्पेक्टर ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी कार बुक कर पूर्णागिरी चले गए। आरोपियों ने वहां लूट के रुपये से मौज मस्ती की।तीन दिन बाद लौटे तो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि विमल के साथ उसके गांव के तीन अन्य युवक भी लूट में शामिल थे।



### गाड़ी में सवार होते कैद हुआ लुटेरा

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि बंथरा के कुरौनी निवासी विमल अक्सर भागूखेड़ा में दुकान पर शराब लेने आता था। वहां उसने मैनेजर को रुपये ले जाते देखा था। बीते तीन दिनों से वह लगातार रेकी कर रहा था। घटना के दिन भी वह दुकान के आस-पास था। जब मैनेजर रुपये लेकर जाने लगा तो विमल ने साथियों को बुला लिया। शराब दुकान के पास विमल भी गाड़ी में बैठते सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया था। फुटेज की मदद से आरोपियों तक पुलिस पहुंची।

### लूट के बाद पैदल भागे थे बदमाश

पूछताछ में लूटेरों ने बताया कि गाड़ी मोनू चला रहा था। उसने सेल्समैन की बाइक में टक्कर मारी तो वह गिर पड़ा। कार सवार तीनों वारदात को अंजाम देने लगे तो रोड पर राहगीरों को आता देख वह डर गया और गाड़ी लेकर भाग निकला। उधर, लूटने के बाद तीनों आरोपी पैदल ही भागे। कॉल कर मोनू को रास्ते में बुलाया गया और सभी कार में सवार होकर भाग निकले।

# खदरा में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े, तीन बलरामपुर में भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** खदरा इलाके में उल्टी दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। निजी क्लीनिक पर अधिक संख्या में मरीज पहुंचकर इलाज करवा रहे हैं। तीन मरीज बलरामपुर अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। निजी क्लीनिकों पर रोजाना करीब 50 से अधिक मरीज उल्टी, दस्त और बुखार के भी पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसर बढ़ रही बीमारी से बेखबर हैं।

खदरा स्थित रामलीला ग्राउंड पास निजी क्लीनिकों पर अधिक संख्या में उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। बीमार मरीजों में कांति (55), उमा (45), जैनुद्दीन (40), खबीजा (30), आशीष (28), रिंकी (25), सुजीत (22), संदीप (20), अंबिका निषाद, गोल्डी समेत अन्य मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसमें जैनुद्दीन, कांति, गोल्डी को उल्टी-दस्त की शिकायत पर बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक इलाके में टीम भेजकर सर्वे कराया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में दूषित जलापूर्ति हो रही है। जगह-जगह लीकेज से बदबूदार, मटमैले पानी की आपूर्ति है। लोग सबमर्सिबल का पानी दूर दराज इलाके से भरकर ला रहे हैं।

# सर्राफा दुकान से हुई चोरी की घटना का जल्द होगा खुलासा

▸ जांच में कोतवाली पुलिस के हाथ लगे चौंकाने वाले साक्ष्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** शनिवार की रात्रि नगर के मोहल्ला महावीरगंज स्थित सर्राफे की दुकान के ताला तोड़ हुई चोरी की घटना का जल्द खुलासा होगा। कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही जांच में कुछ चौंकाने वाले साक्ष्य हाथ लगे है। जिससे सर्राफे की दुकान से हुई सोने व चांदी के आभूषणों सहित गल्ले में रखी नकदी की चोरी की यह घटना कोतवाली पुलिस के गले नही उतर रही है।परिणामस्वरूप पुलिस जांच के दौरान मिले साक्ष्यों की तहकीकात में जुट गई है। समझा जाता है कि कोतवाली पुलिस इस तहकीकात के पूरा होते ही चोरी की इस घटना का खुलासा कर देगी।विदित हो कि रविवार की रात्रि में कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नगर के मोहल्ला महावीरगंज निवासी आशीष कुमार पुत्र रामस्वरूप की मोहल्ले में ही हनुमानजी मन्दिर के पास स्थित सर्राफे की दुकान के ताले तोड़कर दुकान में रखी सेफ के चोरी कर ले जाने तथा सेफ में रखे 40 ग्राम सोने और 5 किग्रा चांदी के आभूषण तथा 16 हजार रुपये के चोरी हो जाने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी थी। घटना की सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार राघव द्वारा सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात के फुटेज निकलबाये गये।जिसमे बाइक से आये तीन चोर रेकी करते हुए फुटेज ही सीसीटीवी में कैद हुए हैं। पीड़ित दुकानदार की ही निशानदेही पर पुलिस द्वारा चोरी की गई सेफ दुकान से लगभग दो किमी दूर एक खेत मे बरामद की गयी थी। जिसमे से जेवर व नकदी गायब थी।वही प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार राघव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रविवार को ही घटना का अभियोग दर्ज कर लिया गया था। जांच के दौरान कुछ ऐसे तथ्य हाथ लगे हैं जिनसे आभूषण व नकदी की चोरी की यह घटना बड़ी ही चौंकाने वाली दिख रही है। घटना का अति शीघ्र ही खुलासा कर दिया जायेगा।

# शिवालयों में बम बम भोले की गूंज के साथ हुआ जलाभिषेक

▸ बूँदा बाँदी पर भारी पड़ी श्रद्धा, पूर्णीच्छेश्वर महादेव मन्दिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** श्रावण माह के तीसरे सोमवार को रात से ही बिगड़े मौसम और बूँदाबाँदी शिव भक्तों की श्रद्धा को डिगा नही पायी। खराब मौसम के बाबजूद पटना पक्षी विहार स्थित पूर्ण ईच्छेश्वर महादेव मंदिर में हजारो की तादाद में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। देवाधिदेव भोलेनाथ के बम बम भोले के जयकारों के साथ भोलेनाथ की शिवलिंग का गंगाजल से जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना आदि धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किये गये। समूचा शिवालय श्री शिवाय नमुस्तभ्यम और ÷ॐ नमः शिवाय÷ मंत्रोच्चारण से गुंजायमान हो गया। एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी एवं सीओ कृष्णमुरारी दोहरे द्वारा पटना पक्षी विहार का भ्रमण कर मन्दिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं कांवड़ यात्रा का जायजा लिया गया। इस मौके पर एलआईयू प्रभारी अशोक सारस्वत व धीरज सिंह के अलावा प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा।इसके अलावा नगर के शिव-परशुराम-खाटूश्याम मन्दिर, चिन्ताहरण महादेव मंदिर, बड़केश्वर महादेव मंदिर, गोपेश्वर महादेव मन्दिर, नूहखेड़ा के कुण्डेश्वर महादेव मंदिर एवं डूंडेश्वर महादेव मंदिर मन्दिर में भी जलाभिषेक के साथ भक्तों ने पूजा अर्चना की गयी। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

**प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार राघव ने जीप भेज भरबायी खंडित कांवड़:** रविवार की रात्रि एक अजब ही नजारा देखने को मिला। जलेसर कोतवाली क्षेतरान्तर्गत जलेसर-सिकंदराराऊ मार्ग पर खंडित हुई कांवड़ को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार राघव द्वारा तत्काल गाड़ी को कछला घाट भेज कर पुनः भरबाया गया। प्रभारी निरीक्षक का पुण्य भरा यह कार्य लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है।जानकारी के अनुसार सकरौली थाना क्षेत्र के गांव बेलपीपरी के कुछ युवक रविवार की रात्रि में कांवड़ भरकर वापस लौट रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जलेसर-सिकन्दराराऊ मार्ग पर अचानक एक ट्रिरी के सामने आ जाने से कांवड़ खंडित हो गयी। जिसे लेकर ट्रिरी वाले से कहा सुनी हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार राघव भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने तत्काल एक किराये की गाड़ी के साथ कांवड़ लेकर आये युवकों को उसमें बिठाकर पुनः कांवड़ भरबाने के लिये गंगानदी के कछला घाट भेजा।और गंगा घाट से कांवड़ को भरबाया। सोमवार को तड़के सुबह ही युवको को कांवड़ के साथ रवाना किया गया।

# करीब 23 दिन पूर्व हुई लूट की घटना का सफल अनावरण

▸ एक अभियुक्त को 28000 रुपए, अवैध असलहा कारतूस व एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** थाना कोतवाली देहात में 14 जुलाई को वादी सुरेशचंद्र पुत्र विक्रम सिंह निवासी कपेटा थाना गंजडुंडवारा कासगंज द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी गई कि बाइक संख्या यूपी 87 एन 7820 एटा से घर जाते समय काली पल्सर सवार दो अज्ञात युवक वादी की पुत्री से चैन, माला छीनकर भाग गए हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर मुकद्दमा पंजीकृत किया गया। रविवार को समय करीब 21:30 बजे थाना कोतवाली देहात पुलिस व स्वाट टीम द्वारा उपरोक्त घटना में प्रकाश में आए अभियुक्त वाशू पुत्र रामसिंह निवासी लालपुर थाना कोतवाली नगर एटा को 28000 रुपए, एक अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस (315 बोर) तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित अम्बारी अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है तथा बरामदगी के आधार पर धारा 317(2), 317(5) बीएनएस की वृद्धि की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि हम अपनी मौज मस्ती व शौक पूरे करने के लिये अपने साथी रितेश के साथ चोरी, छिनैती की घटनाओ को अंजाम दिया। हम ने 14 जून की शाम समय लगभग 17.00 बजे अम्बारी के पास एक मोटरसाईकिल सवार महिला की चैन छीनी गई थी। हमारे द्वारा छीनी गई चैन को अपने साथी रितेश के माध्यम से आगरा में बेचा गया था। अभियुक्त से बरामद किए गए 28000 रुपये दिनांक 14 अप्रैल को छिनी गई चैन को बेचकर प्राप्त हुए थे। अभियुक्त का दूसरा साथी रितेश एक अन्य अभियोग में जेल में निरुद्ध है, जिसके विरुद्ध नियमानुसार रिमांड प्राप्त करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री के निधन पर दी शोक श्रद्धांजलि

**अलीगंज/एटा।** दस्तावेज लेखक संघ तहसील इकाई के महामंत्री तथा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जितेंद्र नाथ सक्सेना के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर दौड़ उठी। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।अधिवक्ता के.के यादव के पिता जितेंद्र नाथ सक्सेना के आकस्मिक निधन पर बार एसोसिएशन तथा दस्तावेज लेखक संघ ने तहसील परिसर में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, ओम हरि सक्सेना, बलवीर सिंह यादव, मुकेश सक्सेना, वेद प्रकाश यादव, आनंद शाक्य ,पुष्पेंद्र यादव आदि अधिवक्ताओं के अलावा दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, सुनील कुमार सक्सेना, पन्नालाल, राजेश मोहन सक्सैना, राजीव चौहान, विश्वजीत सिंह यादव, रामबीर पाल, रिंकू सक्सेना, लविश राठौर, मनोज यादव आदि दस्तावेज लेखक संघ के लोग शोक सभा में मौजूद रहे।

## सपा नोएडा महानगर कार्यालय में मनाई गई जनेश्वर मिश्र की 92 वीं जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** समाजवादी नेता व विचारक जनेश्वर मिश्र की 92 वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर कार्यालय कंचनजंगा मार्केट सेक्टर 53 में धूमधाम से मनाई गई।

सभी समाजवादियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र शोषित वंचित पीड़ित की आवाज के साथ समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता तथा उसे जीने वाले लोगों में से थे। साथी ही साथ उन्होंने 9 अगस्त से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के लिए भी सभी नेता और कार्यकर्ताओं को की जान से मेहनत करने के लिए कहा ताकि समाजवादी पार्टी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके और शहर में समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जा सके। पूर्व महानगर अध्यक्ष रेशपाल अवाना ने कहा कि जनेश्वर मिश्र की वाणी और व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जो उनके पास पहुंच जाता वह उनका ही बनकर रह जाता था। प्रदेश सचिव जय करण चौधरी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का व्यक्तित्व विराट था वे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के विचारों के ध्वजवाहक थे ऐसा व्यक्तित्व कभी मरता नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में शालिनी खारी, वीरपाल प्रधान, मोहम्मद नौशाद,गौरव कुमार यादव,महकार तंवर,बबलू पर्चा विमला,सुनील कुमार ,फूल सिंह यादव ,अनुराग यादव ,टीटू यादव, विवेक यादव ,केपी यादव, मोनू खारी, पिंटू यादव, अंकुर यादव, अजब सिंह यादव,अजीम अली जैदी, श्याम कुमार, प्रवीन शर्मा ,राणा मुखर्जी ,रोहित यादव , देवेंद्र, गौरव सिंघल, सतवीर यादव,लोकपाल यादव, चिंटू त्यागी, सोनू त्यागी,अमित यादव, लालू यादव, रामवीर यादव, वीरेंद्र सिंह,अच्छे मियां, राम सहेली, नूरुल हसन, लोकेश यादव ,विपिन चौहान, मनोज प्रजापति ,जलीस अल्वी ,मोहम्मद उमर, कैलाश यादव ,तेज प्रकाश ,सोनू त्यागी, गुलजार हशीब शकील, दीपांशु चौहान, नीतीश चौहान, राहुल यादव ,सौरभ चौहान ,अजय यादव ,सतवीर गौतम , बबलू पर्चा,शिवकुमार यादव, अरविंद चौहान,बबिल यादव, रेणुका मेथी, शिव कुमार, विश्वास, सिकंदर पासवान, नीर अवाना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मोबाइल चोरी के मामले में वांछित तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** पिलुआ पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी के मामले में वांछित तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चुराए हुए एक मोबाइल सहित चोरी के 06 फोन बरामद।जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलुआ पुलिस द्वारा सोमबार को मु0अ0सं0- 100/24 धारा 303(2), 317(2), 61(2) क्कह्.स्. में वाछिंत 03 अभियुक्तों सौरभ कुमार पुत्र अभयपाल सिंह निवासी ग्राम रफतनगर सैथरा थाना निधौली कला, रत्नेश कुमार पुत्र एबरन सिंह निवासी कासिमपुर थाना कोतवाली देहात, अवकेश कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कासिमपुर थाना कोतवाली देहात, को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित एक द्बठ्ठद्बद्बठ्ठद्ब× मोबाइल तथा विभिन्न जगहों से छीने हुए 05 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया।

## खंड स्तरीय बैंक समिति की बैठक का हुआ आयोजन

▸ पेंडिंग पत्रावलियों के निस्तारण हेतु संबंधित को दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** विकास खंड अलीगंज के ब्लॉक सभागार में खंड स्तरीय बैंक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पेंडिंग पत्रावलियों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए तथा अन्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में सखियों को अवगत कराया गया।खंड स्तरीय बैंक समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक एटा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नाबार्ड जिला प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन हर प्रसाद गौतम विकासखंड की समस्त बैंक शाखों के शाखा प्रबंधक एवं बैंक सखियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित समूह के लंबित खाता खोलने एवं सीसीएल पत्रावलियों की बैंक्कार समीक्षा की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें महिलाओं के संगठित करके उनको ट्रेनिंग देकर कौशल विकास किया जाता है तत्पश्चात लोन सुविधा के माध्यम से उनको आजीविका उपलब्ध कराने में राज्य सरकार सहयोग करती है भारत सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक समूह की महिलाओं को लखपति बनना है। बैठक में जिला उद्योग केंद्र की विभिन्न योजनाओं एवं ग्रामीण विकास विभाग की बाबा अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की गई एवं सभी शाखा प्रबंधकों से अपेक्षा की गई कि समय से जनकल्याण की योजनाओं की पत्रावलिया निस्तारित कराकर प्रगति में वृद्धि करें जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सके।

बीडीओ गोपाल गोयल ने बताया कि हर 3 महीने में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक की जाती है जिसमें सरकार की योजनाओं की लंबित पत्रावलियों की बैंक मैनेजर द्वारा समीक्षा की जाती है। बैंक मैनेजर द्वारा सभी को सूची दे दी गई है की 3 महीने में लंबित पत्रावलियों को निस्तारित करें अगर कोई कमी है तो संबंधित को अवगत कराये जिससे कमी पूरी की जा सके। इस महीने के अंत तक समस्त पेंडिंग पत्रावलियों के निस्तारण हेतु लीड बैंक मैनेजर द्वारा संबंधित बैंक शाखों को निर्देश दिए गए हैं।

## शहर की बेटी अभिनेत्री नादिया जिंदल शहीदों को वीडियो हिंद की सेना से श्रद्धांजलि देंगी

▸ म्यूजिक वीडियो हिंद की सेना को 11 अगस्त को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनसिंह रिलीज करेंगे

**लोकमित्र ब्यूरो**




**गाजियाबाद।** शहर की बेटी व उभरती अभिनेत्री नादिया जिंदल देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीदों को स्वतंत्रता दिवस पर श्रद्धांजलि देंगी। वे देशभक्ति संगीत वीडियो हिंद की सेना से शहीदों को श्रद्धांजलि व भारतीय सेना की जाबांजी को सलामी देंगी। हिंद की सेना वीडियो को 11 अगस्त 2024 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा आधिकारिक रूप से रिलीज किया जाएगा। हिंद की सेना दिल को छू लेने वाला देशभक्ति से परिपूर्ण संगीत वीडियो है। वीडियो का गीत उन सैनिकों की भावनात्मक यात्रा को जीवंत रूप से चित्रित करता हैए जो भाईए बेटे और पति हैं तथा भारत के लिए अपने जीवन का बलिदान करते हैं। वीडियो में नादिया जिंदल और क्रेजी स्टार विजेथ मुख्य भूमिकाओं में हैं। दोनों इससे पहले तमिल फिल्म चिल्लाट्टा में अभिनय कर चुके हैं। दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक शिवराहुल ने भी इस गीत में विशेष भूमिका निभाई है। नादिया और विजेथ दोनों ने सेना अधिकारी की भूमिका निभाई हैए जो युद्ध के अंत तक लड़ते हैं। अंत में नादिया पाकिस्तानी आतंकवादियों को हराकर भारतीय ध्वज फहराती हैं।

# 21 तक मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी, 2024 से आगामी 05 वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01.01.2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। वन नेशन वन राशनकार्ड योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 से 05 वर्ष दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।उन्होनें बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह जनवरी 2024 से जुलाई 2024 के मध्य वितरण के पश्चात् उचित दर दुकानों पर स्टॉक में उपलब्ध अवशेष बाजरा का नितरण एवं माह अगस्त 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न के साथ माह अगस्त, 2024 में दिनांक 07 अगस्त 2024 से दिनांक 21 अगस्त 2024 के मध्य प्रातः 06 बजे से सायं 09 बजे तक किया जाएगा। चिन्हित जनपद में प्रत्येक अन्त्योदय कार्ड पर चावल के स्थान पर 02 किग्रा0 बाजरा प्रति कार्ड ''प्रथम आवक प्रथम पावक'' के सिद्धान्तानुसार (उपलब्धतानुसार) वितरित किया जाएगा। इस प्रकार अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ, 19 किग्रा0 चावल एवं 02 किग्रा0 बाजरा (उपलब्धतानुसार) (कुल 35 किग्रा0 प्रति कार्ड) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व निर्धारित मात्रानुसार 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल का वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को चिन्हित जनपद एटा में चावल के स्थान पर प्रति यूनिट 01 किग्रा0 बाजरा (उपलब्धतानुसार) ष्प्रथम आवक प्रथम पावकष् के सिद्धान्तानुसार वितरित किया जाएगा। इस प्रकार जनपद एटा में 02 किग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट, 02 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट व 01 किग्रा0 बाजरा प्रति यूनिट उपलब्धतानुसार (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) वितरित किया जाएगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व निर्धारित मात्रानुसार 02 किग्रा0 गेहूँ तथा 03 किग्रा0 चावल का वितरण किया जाएगा।उन्होंने बताया है कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के आदेशानुसार उचित दर दुकानवार नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी है, जिनके द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न एवं बाजरा का वितरण अपनी उपस्थिति में कराया जाएगा। उक्त वितरण चक के दौरान जिन कार्डधारकों के किसी कारणवश अंगूठा/अंगुली ई0पॉस मशीन में मैच नहीं हो पाती है, तो उन्हें ई0पॉस मशीन के माध्यम से प्रॉक्सी/मोबाइल ओ0टी0पी0 सत्यापन द्वारा वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् दिनांक 21.08.2024 को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे।

## भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को खंडित करने पर ब्राह्मण समाज महासंघ ने दिया ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** दादरी ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत गुलाबठी खुर्द गाँव मे 27 मई को आराध्य भगवान परशुराम जी की प्रतिमा दो बार खंडित की गई।

जिसके विरोध में ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि) ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा के द्वारा ज्ञापन देकर विरोध प्रकट किया।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के. के.मिश्रा,राष्ट्रीय महासचिव लोकेश त्रिपाठी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष-अरुण मिश्रा,अभिलाष मिश्रा,दीपक तिवारी एडवोकेट,रामनारायण पाण्डेय,श्रीमती ममता शर्मा,संजय मिश्रा,उपेन्द्र शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थिति हुए।

## कांवड़ियों ने किया महादेव का जलाभिषेक



▸ बम बम भोले की जयकारों के साथ पूरा वातावरण हुआ गुजयमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज विकासखंड क्षेत्र से रविवार की शाम कांवड़ियों का जत्था जल भरने के लिए रवाना हुआ जिसमें डीजे व ढ़ोल बजाकर बम बम भोले की जयकारों के साथ कावड़ियों ने कपिल घाट अटेना से जल भरकर भोले बाबा को अर्पित किया।सावन मास के तीसरे सोमवार को फर्दपुरा से जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का जत्था रविवार को कपिल घाट अटेना के लिए कूच कर गया। कंधे पर कांवड़ लेकर श्रद्धालु हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए कंपल घाट अटेना की ओर बढ़ते रहे। सोमवार की सुबह जल भरकर कावड़ियों ने ग्राम फर्दपुरा स्थित शिव कृपा धाम मंदिर पर भोलेनाथ का जिला अभिषेक किया। इसको उपरांत बम बम भोले की जयकारों के साथ पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इधर अन्य मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दूध, गंगाजल के अलावा बेल पत्र, धतूरा, कनेर के फूल समेत शिव को प्रिय पदार्थ भी चढ़ाए। शिव भक्तों की भीड़ को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। भारी संख्या में शिव भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित किया। इस अवसर सुधीर कुमार राजपूत, महेश, मुकेश राजपूत, नरेंद्र, अभिषेक, सुभाष, इंद्राजीत राजपूत, भामारपाल, दिलीप राजपूत, कौशल राजपूत, शिवम, मनोज, राहुल विमलेश सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मौजूदा सरकार किसानों के उत्थान के लिये समर्पितः अरविंद मौर्य

**मसौली बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली परिसर मे कृषि विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय किसान मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने कहा कि जलवायु परिवर्तन व मौसम के मिजाज को देखते हुए किसान यदि मोटे अनाजों की खेती करें तो उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज अपेक्षाकृत कम पानी व कम उपजाऊ जमीन में भी अच्छी उपज देने की क्षमता रखते हैं ऐसे में किसान मोटे अनाज की खेती करके कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि मोटे अनाज को को सुपर सीड भी कहा जाता है क्योंकि इसमें पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं।

## डीएम की सराहनीय पहल का असर लगातार जारी

▸ स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए आगे आ रहे जनपद के शस्त्र लाईसैंस धारक

▸ जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में प्रियांश सक्सैना को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला महाराणा प्रताप नगर निवासी प्रियांश सक्सैना ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर प्रियांश सक्सैना को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। प्रियांश सक्सैना ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 11370 को निरस्त कराया है। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। डीएम ने कहा कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षो तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं।

## विभिन्न खेलों के लिए 9 अगस्त को होगें सिविल कर्मचारियों के ट्रायल्स

**उन्नाव।** आगामी 9 अगस्त को जिला स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन किया जाना है, जिसमें सिविल सर्विसेज पर कार्यरत कर्मचारियों, जो वॉलीवाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, कबड्डी, शतरंज जैसे विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करना चाहते हैं, के चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जायेगा। वहीं खेल में प्रतिभाग करने वाले कर्मचारी को ऑन ड्यूटी माना जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया है कि गत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेलों के विकास तथा शारीरिक संवर्धन हेतु निम्न खेलों में इस वर्ष भी जिला स्तरीय ट्रायल्स 09 अगस्त को आयोजित किये जायेंगे। उन्होनें बताया कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले कर्मचारी को डयूटी पर माना जायेगा तथा उनके यात्रा भत्ता आदि का भुगतान उनके विभाग द्वारा वहन किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रेष्ठता कार्य करने वाले दिव्यांगजनों के आवेदन की तिथि बढ़ी

**उन्नाव।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने सूचित किया है कि प्रत्येक वर्ष की भाँति वर्ष 2024 में 03 दिसम्बर को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन-पत्र निदेशालय प्रेषित किये जाने हेतु अंतिम तिथि-10 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त 2024 की गयी है। 12 श्रेणियों की पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं पुरस्कार हेतु प्रस्ताव निर्धारित आवेदन पत्र के साथ पूर्ण विवरण/अभिलेखों सहित कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को दिनांक 20 अगस्त, 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय छात्रवृति योजना के फार्म भरने की तिथि घोषित

**उन्नाव।** राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना हेतु प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.08.2024, पोस्ट-मैट्रिक/टॉप क्लास छात्रवृत्ति आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.10.2024 की गयी है इस आशय की जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है, जिस क्रम में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है।राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र-2024-25 हेतु प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.08.2024, पोस्ट-मैट्रिक/टॉप क्लास छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.10.2024 की गयी है उन्होने बताया है कि । इच्छुक पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राएं ससमय अपना आवेदन कर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र-2024-25 हेतु विस्तृत विवरण एवं जानकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की छात्रवृत्ति हेतु वेबसाइट www.scholarships.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### जनेश्वर मिश्र महान समाजसेवक व राजनेता थेः राकेश वर्मा



**बाराबंकी।** जनेश्वर मिश्र एक महान समाज सेवक और राजनेता थे। उन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और गरीबों की मदद के लिए समर्पित किया। उनके कार्यों और आदर्शों को हमेशा याद रखा जाएगा। उक्त विचार आज जैदपुर विधायक आवास पर खाटी समाजवादी नेता स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किये। श्री वर्मा ने आगे कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ़ निष्ठा के कारण वह छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। जनेश्वर जी को उनके समाज सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा कि जनेश्वर जी ने गरीबों की मदद के लिए कई संगठनों की स्थापना की उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम किया, स्वर्गीय जनेश्वर जी ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। इस अवसर पर मोहम्मद उबेद शानू, मोहम्मद रिजवान संजय, मोहम्मद इक़बाल, नजमुद्दीन,शरीफ कुरैशी प्रधान,लोमलश वर्मा, मनोज वर्मा, प्रवेश यादव समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री ने समाजसेवी को दी श्रद्धांजलि



**सिरौलीगौसपुर।** उ0प्र0 के पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा विधायक जैदपुर गौरव रावत आदि के साथ पत्रकार रामू काका के भाई के अन्तिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बताते चलें कि रविवार को पत्रकार रामू काका के चचेरे भाई रामकरन रावत की कोटवाधाम से कोटवासडक मार्ग पर अमनियापुर,सूर्यबली पुरवा मोड में अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मारकर ट्रक फरार हो गया था परिजन घायल को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गये जंहा इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर गौरव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। कोतवाली बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को स्वर्गीय रामकरन के संस्कार में क्षेत्र के प्रदेश के पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, विधायक गौरव रावत, पत्रकार हिमांशू अवस्थी, प्रधान दादरा, शिवकुमार यादव कामता प्रसाद यादव दिग्विजय सिंह यादव गौरव सिंह रामजी तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने स्वर्गीय राम करन रावत को श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोनू रावत एडवोकेट,पीमा रावत एडवोकेट,अज्जू रावत एडवोकेट बृजेश कुमार रावत,धनलाल रावत एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### गाँव में तेजी सी फैल रहा वायरल बुखार मलेरिया

**निन्दूरा।** गांव में नहीं हो रहा दवा का छिड़काव जिसके चलते वायरल बुखार हुआ मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ हैविकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़िया व मद्रास गांव में इन दोनों वायरल बुखार व मलेरिया के मरीजों की संख्या इजाफा हुआ है लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है ग्रामीणों के कई बार शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में नहीं पहुंची ना ही गांव में दवा का छिड़काव किया जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इनसे संक्रामक रोगों को लेकर लोगों की चिता बढ़ गई है। क्योंकि इन दिनों मलेरिया वायरल फीवर ने भी पैर पसार रखा है। जैसे-जैसे बरसात के समय मौसम बदल रहा है वैसे ग्राम पंचायत गढ़िया गांव में एक दर्जन से अधिक वायरल बुखार से कई दिनों से लोग ग्रसित हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव जाना तो दूर की बात है गांव में ना ही दवा का छिड़काव किया गया है ना ही टीम गांव गई है संतराम रमेश जितेंद्र मनोज आदि ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष गांव में दवा का छिड़काव किया गया था उसके बाद आज तक दवा का छिड़काव नहीं किया गया इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक आरपी वर्मा ने बताया कि जानकारी हुई है गांव टीम भेज कर मरीजों की जांच कराई जाएगी तभी क्लियर होगा की वायरल बुखार है।या मलेरिया

### धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव



**निन्दूरा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को स्कूल प्रांगण में नन्हे मुन्ने नौनिहालों द्वारा भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती के रूप में प्रांगण में धूमधाम से सावन महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम को देखकर उपस्थित जान मंत्र मुग्ध हो गए। विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में सावन माह के तीसरे सोमवार को बड्डूपुर स्थित युगांतर विद्या मंदिर झरसवां में नन्हे मुन्ने नौनिहालों द्वारा सावन महोत्सव बड़े ही हार्सोल्स के साथ मनाया गया।जिसमें विद्यालय के नौनिहाल शगुन यादव अर्णव राज अर्जित रमन मानसी वर्मा अनन्या वर्मा शौर्य वर्मा अनु वर्मा दीपाली मौर्य हर्ष वर्मा आदि नौनिहालों द्वारा माता पार्वती और देवाधि देव महादेव के रुप को धारण किया। छोटे छोटे बच्चों ने शिव तांडव तथा समूह नृत्य की अनुपम प्रस्तुति दी। जिससे उपस्थित जन भक्ति के सागर में तालियां गूंज उठी। इस मौके पर प्रबंधक सूर्य तोष सिंह प्रधानाचार्य अशोक कुमार अध्यापिकाएं नेहा वर्मा प्रिया वर्मा राधा वर्मा अनिल वर्मा आशीष सिंह अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# अब श्रमिकों को गृह जिले में कराना होगा पंजीयन

**श्रम विभाग की योजनाओं पर कार्य करने के लिए सीएससी को भी कराना होगा पंजीकरण**

» जिले में पंजीकृत हैं 1.40 लाख श्रमिक, 45 फीसदी महिलाएं शामिल

एजेंसी

**बाराबंकी।** अब तक किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी पर श्रमिक अपना पंजीकरण किसी भी जिले में करा लेते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। श्रमिकों को अपने गृह जनपद में ही पंजीकरण करना होगा। तभी वह पंजीयन मान्य होगा। इसके लिए शासन की ओर से नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जिस पर श्रम विभाग ने अमल करना शुरु कर दिया है। जिले के श्रम विभाग में एक लाख 40 हजार से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें महिलाओं की संख्या करीब 45 हजार के आसपास है। अधिकांश श्रमिक सन्निर्माण कार्य करने वाले हैं। इनको तमाम तरह की सुविधाएं सरकार की ओर से दी जाती हैं। पंजीकृत श्रमिकों के साथ हादसे होने, महिला श्रमिक की ओर से बच्चे को जन्म, बेटी की शिक्षा सहित तमाम सुविधाएं योजनाओं के माध्यम से दी जाती हैं। इसके लिए श्रमिक को श्रम प्रवर्तन कार्यालय में आवेदन करना होता है। सरकार का जोर है जो भी श्रमिक है, पंजीकरण अवश्य कराएं। अब पंजीकरण जिले में ही हो सकेगा। श्रमिक कार्य चाहे कहीं पर भी करें उसको लाभ गृह जिले में ही मिलेगा। शासन की ओर से इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी की गई है। जिस पर श्रम विभाग ने अमल करना शुरु कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार श्रमिक अब जिले में संचालित सीएससी से ही पंजीकरण कर सकेंगे। अन्य किसी भी जिले में पंजीकरण नहीं होंगे। श्रमिकों को लाभ भी जिलास्तर से ही दिया जाएगा। सहायक श्रम प्रवर्तन अधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि पोर्टल में बदलाव के चलते बंद था। अब खुला है लेकिन अभी उस पर काम नहीं हो पा रहा है।

#### सीएससी संचालक को करना होगा ई-केवाईसी

जिले में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा श्रम विभाग की योजनाओं से संबंधित कार्य करने के लिए श्रम विभाग के पोर्टल पर अपना भी पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा संबंधित सीएससी संचालक को भी अपना ई-केवाईसी कराना होगा। बिना इसके वह श्रमिकों का पंजीकरण समेत अन्य विभागीय योजना संबंधी कार्य नहीं कर पाएंगे। इस संबंध में जिले की सभी सीएससी संचालकों को गाइडलाइन से अवगत कराया गया है।

#### किराए के भवन में चल रहा कार्यालय

श्रम विभाग का कार्यालय शहर के काफी बाहर लखनऊ मार्ग पर ओबरी क्षेत्र में एक किराए के घर में संचालित हो रहा है। तीन कमरों में चल रहे इस कार्यालय में कर्मचारियों का टोटा है। पर जितने हैं उनसे शतप्रतिशत कम लेने का दावा किया जा रहा है। कुछ श्रमिक को जानकारी के अभाव में भटकने के बाद किसी तरह कार्यालय पहुंचते हैं।

#### छह माह से बंद हैं पोर्टल, श्रमिक परेशान

विभागीय योजनाओं का लाभ लेने से लेकर पंजीकरण आदि को लेकर श्रमिक छह से विभाग के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन छह से पोर्टल बंद होने से उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है हालांकि विभागीय अधिकारी जल्द ही पोर्टल खुलने की बात कह रहे हैं। बताया गया है कि पोर्टल में काफी बदलाव किया गया है। कुछ नई व्यवस्थाएं शामिल की गई है। इसके चलते छह माह से पोर्टल बंद चल रहा है। ऐसे में भारी संख्या में श्रमिक योजना का लाभ पाने के साथ पंजीकरण कराने के इंतजार में बैठे हुए हैं।

# महिला के साथ पेड़ में बांधकर उसके साथ की बदसुलूकी

» कई माह से अपने साथ हुई दरंदगी को नहीं सुन रहा था प्रशासन

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** महिला के साथ गांव के दरिंदो के हौसले इतने बुलंद है कि एक महिला को सरेआम खंभों में बंध कर उसके साथ जिस तरह से बदसुलूकी की जा रही है उससे सभ्य समाज का सर शर्म से झुक जायेगा। उससे ज्यादा शर्म की बात यह है कि पीड़िता दो माह से पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारियों के चौखट पर न्याय की फरियाद करते करते थक गई। जब मामला प्रेस क्लब उन्नाव ने उठाया तब जाकर उन्नाव पुलिस की नीद टूटी और मामले की प्राथमिकी कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मामला थाना पुरवा के गांव घसनाखेड़ा का है उस गांव की महिला के साथ घिनौना नंगा नाच उसी गांव के लोगो ने पहले उस पर बदचलनी का आरोप लगाया फिर उसके साथ उसके पति के साथ सामूहिक बदचलनी करने का घिनौना प्रयास किया जब उस महिला ने



UNNAO POLICE

आज दिनांक 05.08.2024 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक महिला के खंभे से बंधे होने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसकी जांच की गई तो प्रकाश में आया कि वीडियो दिनांक 06.05.2024 का है तथा वीडियो मे दिख रही महिला को उसके ससुरालीजन एवं पति द्वारा ही परेशान किया गया। जिसके संदर्भ में थाना पुरवा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

विरोध किया तो उसे सरेआम गांव के बाहर पेड़ में रस्सी से बांधकर उसके शरीर के साथ हद पार कर दी। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। उस पीड़िता ने बया कि उसने मामले की शिकायत कप्तान के अलावा थाने के अलावा उच्च अधिकारियों को दी जब मेरी नही सुनी गई तो प्रेस क्लब उन्नाव के कार्यालय में जाकर अपनी व्यथा बताई जब मीडिया के माध्यम से मेरी बात उठाई गई तब जाकर मेरे मामले में प्रशासन की नीद खुली। पीड़िता ने रोते हुए बताया कि ससुराल में मैंने छोड़कर मायके में रह रही हु। इस मामले में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही की जा रही है।

## आईटीआई मुसाफिरखाना में एक दिवसीय निशुल्क रोजगार मेले का आयोजन 8 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपम रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजीव गांधी आईटीआई मुसाफिरखाना के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 8 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से राजीव गांधी आईटीआई मुसाफिरखाना में एक दिवसीय निशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की दो कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए rojgaarsangam.up.gov.in पर अपनी योग्यता के अनुरूप आवेदन कर सकते हैं रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# चोरों के आतंक से ग्रामीणों की नीद उड़ी

लोक मित्र संवाद

**मौरावां,उन्नाव।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नही ले रही है। अभी दो दिन पहले हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा हो नही पाया कि अपने हौसले बुलन्द बनाये चोरों ने फिर थाना क्षेत्र के गांव बारेंदा में चार घरों को निशाना बनाया और चोरी करने में कामयाब रहे जबकि घटना स्थल के चंद कदम दूरी पर पुलिस का पहरा लगा हुआ था फिर भी चोरों ने अपने काम को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। चोरी ने यहाँ से लाखों का माल पार कर दिया।

थाना मौरवा के गांव बरेंदा में चोरों चार घरों ने लाखो का माल पारकर पुलिस को खुली चुनौती दी। सबसे पहले चोरों ने मोहित मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा निवासी बारेंदा के यहाँ से एक गले का हार, माथ बेंदी, झाला सोने के लगभग दो तोला सोना, व एक



हाफपेटी, हथफूल, पायल चांदी का माल किया पार, दूसरी हुई चोरी में शान्ती पत्नी स्व हनुमान निवासी बारेंदा के यहां से एक हाफपेटी चांदी का एक जोड़ी झुमकी सोने की और घर पर रखा चार हजार रुपये चोरी हुआ और तीसरी चोरी में मनोहर कश्यप पुत्र रघुवीर कश्यप के घर से पायल चांदी के एक चैन, व एक लाकेट सोने का और नगद 2500 रूप्येचोरी हुआ वही चौथी चोरी में सरोज पत्नी गोपी चौहान के घर से दो जोड़ी चांदी की पायल एक चांदी की जंजीर, और एक जोड़ी झुमकी ,झाला, एक चैन सोने की चोरी हुई है।

# गोवंशो पर लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाई

लोक मित्र ब्यूरो

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** गौवंशों को बारिश व धूप से बचाने में लापरवाही विल्कुल न बरती जाए।गौवंशों के लिए साफ चारा पानी की व्यवस्था रखी जाए लापरवाही बरतने पर कार्यवाई की जाएगी।यह बात खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने ब्लाक सभागार में विकास खण्ड के अंतर्गत संचालित अस्थायी गौ वंश आश्रय स्थल स्थापना क्रियान्वयन संचालन प्रबन्धन हेतु विकास खण्ड स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक में कही।सोमवार बीडीओ ने बैठक में उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी , ग्राम प्रधानों, लेखपालों ,सम्बंधित सचिवों सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में किसी



प्रकार की अव्यवस्था न रहे समय से गौशाला में कार्य हो अगर कोई गौवंश बीमार होता है तो उसका तत्काल इलाज किया जाए।बारिश का मौसम चल रहा जिसके लिए सावधानी रखें,टैंक में पानी समय समय पर बदलते रहे कजिससे पीने वाला पानी गन्दा न हो।हारे चारे के साथ ही भूसा चोकर की कमी न रहे।इस मौके पर उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी गयाप्रसाद, प्रभारी एडीओ पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, सेक्टर प्रभारी आशीष वर्मा, अभिषक कुमार, जेई एमआई सतीश कुमार, अवर अभियंता ग्रामीण चेतराम , सचिव वीरेंद्र तिवारी, सतीश वर्मा, राजेश कुमार,सुरेश यादव,कुलदीप वर्मा लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी, रविकांत यादव, सन्ध्या मौर्या, सपना गुप्ता, प्रधान विकेश वर्मा,कुसमेश कुमार,धर्मेद्र वर्मा,जुल्फी मियाँ,अनिल वर्मा,मजीद हासमी,राजबहादुर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## जलाशय की अगली नीलामी 13 को होगी

**उन्नाव।** जलाशय की नीलामी में पर्याप्त प्रतिभागियों की हिस्सेदारी न होने से मुख्य विकास अधिकारी ने नीलामी निरस्त करते हुए अगली तिथि 13 अगस्त नियत की है। जनपद के श्रेणी-पाँच के रूपऊ, डिगिया, गजौली, कुण्ड्रा झील एवं हुसैननगर जलाशयों की नीलामी दिनांक 30 जुलाई को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अपरान्ह् 1:00 बजे से 1:30 बजे करायी गयी थी

# जिला अस्पताल में 33 नवजात बालिकाओं का जन्मदिन मनाया गया



लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** बेटी बचाओं-बेटी पढाओ अभियान के अन्तर्गत जिला महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में 33 नवजात बालिकाओं का 'कन्या जन्मोत्सव' केक काटकर मनाया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा माताओं एवं नवजात बच्चियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सत्य प्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 फौजिया अन्जूम, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, बाल संरक्षण अधिकारी, विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी, प्रभारी सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला महिला चिकित्सालय व वन स्टॉप सेन्टर के कर्मचारी तथा जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्ट ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अजगैन मोहन मार्ग किया अवरुद्ध

» परिजन विरोधी पक्ष पर समझौता न करने पर हत्या करने का लगा रहे थे आरोप

लोक मित्र संवाद

**हसनगंज, उन्नाव।** अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर गांव के पास सड़क पार करते समय संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर जाम लगा दिया।पुलिस के समझाने पर परिजन पीएम के लिए राजी हुई।पोस्टमार्टम में वृद्ध महिला पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई इंजरी नहीं है अपितु मौत अस्थमा( सांस) शाक एंड सेप्टीसीमिया की समस्या होने व फेफड़े की बीमारी के कारण मृत्यु का होना,परिणाम आया है।

कोतवाली क्षेत्र अजमतगढी गांव निवासी बब्बो 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामपाल रावत देर रात साढ़े नौ बजे सड़क पार कर रही थी तभी संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मृतक के दो लड़के सुसील , अनिल का रो रो कर बुराहाल है।गुस्साए मृतक के परिजन ग्रामीणों के साथ अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर के पास शव रखकर जाम लगा दिया घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र फोर्स के साथ पहुंच कर परिजनो हर संभव मदद के साथ कार्रवाई करने का भरोसा देकर जाम शांत खुलवाकर शव पीएम के लिए भेजा।पोस्टमार्टम में महिला की लंग्स लाक होने की पुष्टि हुई।सोहरा मऊ, अजगैन , हसनगंज तीन थानों का फोर्स की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया,

कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि महिला शव की मौत में लंग्स लाक होने की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई इंजरी नहीं है अपितु मौत अस्थमा( सांस) शाक एंड सेप्टीसीमिया की समस्या होने व फेफड़े की बीमारी के कारण मृत्यु का होना,परिणाम आया है।



मृतक के बड़े बेटे सुसील ने 26,07,2024 को कोतवाली में गांव के ही पंकज सिंह, अंकित सिंह, सहित भयंकर सिंह, पर मारपीट एसीएसटी की धराओ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।मृतक के बेटे ने आरोप लगाया की मुकदमा में सुलह की दवाब बना रहे थे सुलह नही किया तो मां को मौत के घाट उतार दिया।

विवाद को देखते हुए मृतक के घर पर सोहरामऊ, अजगैन, हसनगंज तीन थानों का फोर्स सहित नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय रहे।

# घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

» आक्रोशित किसानों ने किया रोड जाम, उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर खुला जाम

लोक मित्र ब्यूरो

**.मौरावां, उन्नाव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नरीचक गांव के किसान का दस दिन पूर्व मोटरसाइकिल से हुए एक्सीडेंट से गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के दौरान हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई। इससे नाराज किसानों ने मौरावां गुरुबख्शगंज मार्ग स्थित अकोहरी रोड में शव को रख कर रोड जाम कर दिया। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी पुरवा, क्षेत्राधिकारी पुरवा, व थाना प्रभारी मौरावां ने सभी को समझा बुझा कर जाम खुलवाया और मृतक के परिवार को शासन से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नरीचक गांव निवासी किसान मोहन (42) पुत्र बिंदई बीती 27 जुलाई को अपने खेत जोत कर दोनों



बैल लेकर अपने घर आ रहा था। तभी गांव के मोड़ के पास अकोहरी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिससे एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई और किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ में चल रहा था, किन्तु 10 दिन बाद इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सुर्जकली, पुत्री निशा 16 वर्ष, महिमा 12 वर्ष, पूजा 8 वर्ष और पुत्र हिमांशु 14 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। मृत्यु से नाराज परिजनों के साथ किसान यूनियन के लोगों ने मौरावां गुरुबख्शगंज मार्ग में स्थित अकोहरी में रोड जाम कर दिया। रोडजाम की जानकारी होते ही मौरावां थाना प्रभारी चन्द्रकान्त सिंह मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने के प्रयास किया लेकिन जाम नही खुला। फिर घटना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी पुरवा उदितनारायण सेंगर व क्षेत्राधिकारी सोमवेन्द्र विश्वास ने मृतक के परिवार से बात की और सभी के समक्ष उपजिलाधिकारी सेंगर ने मृतक के परिवारीजनों को आश्वासन दिया कि मृतक की पत्नी को एक सरकारी आवास, अंत्योदय कार्ड और शासन की तरफ से पाँच लाख रुपए की आर्थिक मदद कराई जाएगी। जिस पर सभी लोंगों ने जाम खोल दिया। वही थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रकान्त सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल ममता ने शव का अन्तिम संस्कार के लिए पाँच पाँच हजार नगद मौके पर ही मृतक की पत्नी को देकर मदद की।

# कुर्सी के हत्थे से पीट कर होटल के अंदर युवक की हत्या

» सोमवार की सुबह होटल मालिक ने मृतक के भाई को दी हत्या की सूचना

लोक मित्र ब्यूरो

**देवा शरीफ, बाराबंकी।** देवा थाना क्षेत्र में मामा नहर पुल के पास स्थित होटल में रविवार की रात एक युवक की कुर्सी के हत्थे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। सोमवार की भोर होटल मालिक ने मृतक के भाई के घर पहुंच कर हत्या की सूचना दी। कुछ ही देर में रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि पुलिस का कहना है कि खाने पीने के विवाद में ही हत्या हुई है। जांच की जा रही है। मृतक के भाई ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से लोगों के फिंगर के नमूने लिये हैं।

**होटल के अंदर की गई हत्याः** देवा थाना क्षेत्र में देवा बाराबंकी रोड पर मामा नहर पुल के पास देवा कस्बा के कटरा मोहल्ला निवासी कन्धई लाल के होटल में मामापुर निवासी अशोक यादव (27) पुत्र स्व. गया प्रसाद की कुर्सी के हत्थे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। सुबह कन्धई होटल पर पहुंचे तो अशोक का शव देख कर हतप्रभ रह गए। उसने मृतक के भाई संतोष यादव निवासी मामापुर के घर पहुंच कर हत्या की सूचना दी। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। हत्या की जानकारी होने पर कुछ ही देर में होटल पर भीड़ जुट गई।

**मौके पर मिले शराब के पाउच व गिलासः** हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। घटना की जानकारी होते ही सीओ सिटी जगत कनौजिया भी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर शराब के कई पाउच व गिलास मिले हैं।

**फॉरेंसिक टीम ने लिया नमूनाः** हत्या की सूचना के बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। टीम ने मौके पर मिले शराब के पाउच, गिलास को कब्जे में लिया है। उनपर रहे फिंगर प्रिंट के साथ ही आस-पास रखे सामान पर भी फिंगर प्रिंट उठाए हैं।

**खाने पीके के विवाद में हुई हत्याः** लोगों ने पुलिस को बताया कि अशोक रात में अकसर कन्धई के होटल पर ही बैठ कर दोस्तों के साथ शराब पीता था और खाना खाता था। मौके पर इसके साक्ष्य भी मिले हैं। कोतवाल अनिल पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या जांच में जो साक्ष्य मिले हैं। उसके मुताबिक हत्या खाने पीने के विवाद में ही हुई है।

# ईई विद्युत पर प्रभारी मंत्री हुए खफा

- सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर करे काम: प्रभारी मंत्री

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले) एवं जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ सोरीश, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अफसर सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं सहित अच्छे कामों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार कीजनकल्याणकारी योजनाओ को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं।

विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अफसरो से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत का शेड्यूल जाना और जनप्रतिनिधियों से क्रॉस चेक किया। एक्सईएनवार जाना कि गत माह कितने ट्रांसफार्मर फूके और कितने 48 घंटे के भीतर परिवर्तित हुए। इसपर ईई विद्युत वितरण खंड प्रथम शैलेंद्र कुमार ने मोबाइल से उत्तर देने का प्रयास किया। इसपर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए बैठक से बाहर भेज दिया और उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। सीडीओ को निर्देश दिए कि जुलाई माह में जिले में शेड्यूल के सापेक्ष वास्तविक आपूर्ति कितनी हुई। इसे स्वयं चेक करे। बिजनेस प्लान में स्वीकृत कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अवश्य दें। मंत्री ने डीएफओ से वृक्षारोपण अभियान की प्रगति जानी। निर्देश दिए कि विधायकगण एवं एमएलसी से अनुरोध कर उनकी निधि से ट्रीगार्ड ले, और उनके क्षेत्र के किसी एक मार्ग पर उनकी मां की स्मृति और सौजन्य से पौध व ट्री गार्ड लगवाए। जेजेएम की समीक्षा के दौरान ईई वाईके नीरज ने परियोजनाओं की प्रगति बताइ। सीडीओ को निर्देश दिए कि अलग-अलग ब्लॉक की 10 परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें रिपोर्ट भेजें। मंत्री के पूछने पर सीएमओ ने बताया जिले में 16 सीएचसी, 62 पीएससी, 583 सब सेंटर हैं। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम को स्वास्थ्य महकमें की ओर से किए जाने वाले प्रयास गिनाए।

सड़कों की समीक्षा के दौरान ईई अनिल यादव ने बताया कि बाढ़ के दौरान पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड प्रथम व तृतीय के तहत 185 मार्गो के ऊपर से पानी चला। 57 सड़कों पर पानी निकलने से कोई क्षति नहीं हुई। लो-लैंड की 19 सड़कों पर अब भी पानी चल रहा है। मंत्री ने सुझाव दिया कि इन सड़कों को सीसी रोड बनाने का प्रस्ताव पर विचार करे। कार्ययोजना बनाने में जनप्रतिनिधियों की सहमति अवश्य ली गई, इसकी मौजूद विधायक से पुष्टि की। बैठक में पीडब्लूडी अफसरों ने कार्ययोजना पढ़कर सुनाई। मंत्री ने निर्देश दिए कि जो कार्ययोजना भेजी गई, आज ही उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दे। बाढ़ की समीक्षा के दौरान ईई बाढ़खंड अजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष 11 कटावरोधी परियोजनाएं बनाई गई। जिले में बाढ़ के दौरान 15 स्थलों पर फ्लड फाइटिंग का कार्य भी किया गया। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने बाढ़ कटान के बचाव के लिए हुए कामों पर संतोष जताया। डीपीआरओ को निर्देश दिए कि डीएम-सीडीओ के मार्गदर्शन में 02 माह के भीतर सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता का एक मॉडल विकसित करें, जो प्रदेश के लिए मिशाल बने। डीपीआरओ ने सफाई कर्मियों की उपलब्धता और इस वर्ष बनने वाले 18 अंतेष्टि स्थलों की प्रगति बताइ।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कानून व्यवस्था के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने बाढ़ पीड़ितों को सरकारी किट के अलावा डीएम के मार्गदर्शन में सामाजिक संगठनों के सहयोग से विशेष किट तैयार कराई गई है। इस किट के अंदर मच्छरदानी, छाता, टॉर्च मय बैटरी, दो सेनेटरी पैड पैकेट, गर्म पानी रखती हेतु 02 लीटर का थर्मस शामिल है। जिसका वितरण कराया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने इस नवाचार के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने मौजूद जनप्रतिनिधियों से योजनाओं पर उनका फीडबैक भी जाना।

## इस लूट तंत्र के युग में एक नेता ऐसा भी, जो किसानों के लिए कोई रात सड़क तो कोई जल मे बिता दे

लोकमित्र ब्यूरो



**मैगलगंज-खीरी।** आज कल क्षेत्रों मे देखा जाये तो हर घर मे एक नेता मिलेगा जो सिर्फ नाम के लिए और अपने काम के लिए नेता बना फिर रहा होगा, और ऐसे हि तमाम किसान नेता मिलेंगे, जो सिर्फ अपने मतलब के लिए किसान नेता बने बैठे, ऐसे समाज मे एक नेता ऐसा जो बिना किसी भेदभाव हर एक इंसान कि समस्या मे साथ खड़ा हो जाता है जी हा हम बात कर रहे है भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री श्यामू शुक्ला कि जो अपने घर से ज्यादा सड़को पर रात बिताते है बच्चो के साथ से ज्यादा आम जनता और किसानो के साथ मिलेंगे जो अपने परिवार के बारे मे ना सोचकर दुसरो के बारे मे सोचे, आम गरीव लाचार असहाय लोगो के लिए खुद को कुरवान कर देने लिए तत्पर रहने बाले श्यामू शुक्ला जैसा व्यक्तित्व हो पाना बहुत मुश्किल है।

आज कल सबसे ज्यादा लोग सिर्फ अपने फायदे के बारे मे सोचते है लेकिन श्यामू शुक्ला किसान के फायदे के बारे मे सोच कर कही भी कभी भी प्रदर्शन करने को तैयार हो जाते है बिना किसी बात से डरे तब लोगो मे भावना आती है कि ज़ब आधे से ज्यादा काम हमारा श्यामू शुक्ला करा रहे है तो हम राजनितिक पार्टियों सिर्फ हमारा बोट लेने का काम कर रही है। लोगो से बात करने पर लोगो ने कहा कि श्यामू शुक्ला होना आसान नहीं है दर्जनों झूठे मुकदमे लिखे होते हुए भी प्रशाशन कि नाक मे दम कर देना, जेल के भीतर भी सिर्फ किसानो के साथ गलत तो नहीं हो रहा यह जानकारी लेने बाला महान व्यक्तित्व का धनी हि हो सकता है। श्यामू शुक्ला इतना मृदुल स्वभाव रखते है कि अपनी बुराई करने बाले व्यक्ति कि जरूरत पर भी उसके साथ बिना कुछ सोचे खडे हो जाते है, उनका कहना है हमारा काम लाचार असहाय पीड़ित समाज कि आवाज उठाना है, वहा पर मुझे यह नहीं देखना है कि यह मेरा प्रशंशक है या फिर कोई बुराई करने बाला वहा पर मुझे सिर्फ मेरा कर्तव्य दीखता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उचित दर विक्रेता द्वारा कर धारकों को नहीं दिया जा रहा राशन



**मसौली।** पूर्ति निरीक्षक ने विकास खण्ड हरख द्वारा ग्राम पंचायत बंदगीपुर की उचित दर विक्रेता कुसुमा देवी की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा कार्डधारकों से सम्पर्क कर वितरण की जांच किए जाने पर यह तथ्य संज्ञान में आया कि उक्त कोटेदार द्वारा कार्डधारकों का अंगूठा ईपास मशीन पर लगवा लेने के बावजूद कार्डधारकों को वास्तविक रूप से राशन नही दिया जा रहा है। मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण न करके प्रति कार्ड 01 से 03 किलो की कटौती की जा रही है। चीनी का निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विक्रेता द्वारा जांच के समय स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गया और आंगनवाड़ी योजना के खाद्यान्न का वितरण विगत 03 त्रैमास से न किए जाने आदि अनियमितताओं के आधार पर जिलाधिकारी के आदेशानुपालन में श्रीमती कुसुमा देवी उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबन्ध पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विक्रेता को विधिवत आरोप पत्र जारी किया गया।

### मोहित सूद वाल्मीकि ने डॉ अंजलि सिंह गम्भीर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**गाजियाबाद।** ग़ाज़ियाबाद एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की धर्मपत्नी नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन रजी श्र भारत सभी कदम शिक्षा की ओर की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती डॉ अंजली सिंह गंभीर के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर उनको भगवान गौतम बुद्ध का चित्र और बुके देकर शुभकामनाएं दी । इस अफसर पर मोहित चौधरी ने कहा कि उनकी यह कामना है कि ईश्वर उनकी झोली में संसार की सारी खुशियां डालें और वे इसी प्रकार पूर्ण तत्परता और समर्पण भाव के साथ समाज की सेवा करते रहें।

### नगर निगम वाहन चालक संघ के अनुरोध पर 72 ड्राईवर के टेम्पो आए पटल पर



**गाजियाबाद।** नगर निगम वाहन चालक संघ गजियाबाद के अनुरोध करने पर पाचो जोनों के वाहन चालकों के कई महीनो से टेम्पो खड़े करा रखे थे । उनका मुद्दा नगर स्वास्थ्य आधिकारी के सामने नगर निगम वाहन चालक संघ के अध्यक्ष संजय चड्डा व पदाधिकारियों ने रखा था जिसमें नगर स्वास्थ्य आधिकारी डॉ मिथलेश ने कार्यवाही करते हुए सभी पांचों जोनों के इस्पेक्टरों ओर चीफ़,जेड ओ को बुलाकर पांचों जोनों में टेम्पो चलवाने को कहा जिसमें सभी जोनों में टेम्पो चलवा दिए गए हैं जिसमे नगर निगम वाहन चालक संघ गजियाबाद के पधाधिकारीयो ने डॉ मिथलेश का बुगा और मिठाई खिलाकर स्वागत और आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर अध्यक्ष संजय चड्डा, महामंत्री आकाश पार्चा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव , उपमंत्री सुन्दर बेनीवाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र वेद, प्रचार मंत्री,राजेश परचा कार्यालय मंत्री राजन राजोरिया, मिडिया प्रभारी मोहित सूद वाल्मीकि मुख्य सलाहकार मुकेश जीनवाल, अनिल मकवाना, रवि मेहरा, राजू वेद आदि पदाधिकारी शामिल रहे ।

### मार्वल्स ब्लास्टर ने राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब को 3 विकेट से हराया




**गाजियाबाद।** गिरिराज आईपीएल सीजन 4 का लीग मैच में मार्वल्स ब्लास्टर व राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। दीवान क्रिकेट ग्राउंड नंदग्राम पर खेले मैच में मार्वल्स ब्लास्टर ने राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब को 3 विकेट से हरा दिया। मैच में टॉस जीतकर राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब ने पहले करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 142 रन बनाए। सन्नी ने सबसे अधिक 37 रन बनाए। विकास ने 29 व तिलक शर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। रवि ने 2 विकेट लिए। मार्वल्स ब्लास्टर ने 143 रन का लक्ष्य 13.3 ओवर में 7 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। अजीत भारती ने 29 गेंद पर 77 रन की पारी खेली, जिसमें 13 चौके व 3 छक्के शामिल थे। रंजन वर्मा ने 23 गेंद पर 38 रन बनाए। अतुल ने 22 रन देकर 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार 77 रन की शानदारपारी खेलने वाले अजीत भारती को दिया गया।

### जीडीए के जेई पर लगाया रिश्वत लेकर अवैध निर्माण करवाने का आरोप

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी दीपक कुमार ने एक पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भेज कर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के जेई पर घूस लेकर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है पत्र में कहा गया है कि नेहरू नगर थाना सिहानी गेट में जीडीए की ओर से केवल तीन मंजिल निर्माण को ही मंजूरी दी गई है लेकिन उनके पिता सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 से साठ-गाँठ कर कर चौथी मंजिल पर अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं इसकी शिकायत उन्होंने जीडीए से की है लेकिन वहां से कोई कार्यवाही नहीं की गई । दीपक कुमार का आरोप है कि चौथी मंजिल पर इस अवैध निर्माण को करने के लिए सुरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा ₹50000 की घूस दी गई है इसलिए उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है उन्होंने मुख्यमंत्री से शिकायत कर जीडीए के अधिकारियों एवं आरोपी सुरेंद्र कुमार गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है ।

## प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को दी सौगातें



- प्रभारी मंत्री ने सैम श्रेणी के शिशुओं को दुलारा, बाटी पोषण पोटली

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न लाभार्थियों को सौगात दी।

प्रभारी मंत्री ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा की मौजूदगी में पीएम आवास योजना के पांच लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, 05 लाभार्थियों को बाढ़ राहत किट, 05 लाभार्थियों को कुम्हारी कल्प चाक प्रदान की।

उन्होंने सैम श्रेणी के आदि कुपोषित 05 शिशु को दुलारते हुए सुपोषण किट (पोषण पोटली) वितरित की। कलेक्ट्रेट परिसर में 05 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल की सौगात दी।

## अमन ट्रैवेल्स, ब्लू हार्स व के एस पलिया की तीन डबल डेकर बसे हुई सीज

- बगैर परमिट वाहन पर धौरहरा पुलिस ने की कार्यवाही
- हजारों यात्रियों का लगा रहा जमावड़ा

लोकमित्र ब्यूरो



**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली पुलिस द्वारा सिसैया ढखेरवा हाइवे के कोतवाली तिराहे के पास से डबल डेकर तीन निजी बसों को बगैर कागज के सवारियां ढोते पकड कर खडी करने की कार्यवाही की है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा पकडी गई बसो में एक सैकडा यात्री यात्र कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक खीरी खीरी के निर्देश पर सक्रिय कोतवाली धौरहरा पुलिस के कस्बा चौकी प्रभारी रामजीत यादव ने रविवार शाम लगभग छः से सात बजे के बीच सिसैया ढखेरवा हाइवे के कोतवाली तिराहे के पास चेकिंग अभियान में देवरिया व आजमगढ़ से सोनीपत-रोहतक तक अमन ट्रैवेल्स की निजी बस नंबर् क्र--16--क्क-- 1551,ब्लू हार्स नं क्क--31--, ञ -0770 व च र पलिया टूर एण्ड ट्रैवेल्स नंबर क्क--31--ञ--8537 को बगैर वैद्य प्रप्त्रो के सडक पर चलने के कारण कोतवाली पुलिस ने पकड कर सीज करने की कार्यवाही की है।

इस मामले में कस्बा चौकी प्रभारी रामजीत यादव ने बताया कि बगैर परमिट के डग्गामारी में चलने के कारण तीनो बसो को सीज करने की कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो उपरोक्त सभी गाड़ियों में देवरिया व आजमगढ़ की सवारियो का हुजुम कोतवाली के पास जमा रहा।

## मेडिकल संचालक द्वारा इलाज के दौरान किशोरी की मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**जेबीगंज-खीरी।** पसगवां में गौतम मेडिकल स्टोर पर इलाज के दौरान किशोरी की मौत को लेकर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

विकास खण्ड पसगवां के पड़ोसी गांव मुनफ्फरपुर के निवासी टिंकू पुत्र मेबाराम ने बताया मे अपनी पुत्री कुमकुम उम्र 18 वर्ष को पसगंवा के गौतम मेडिकल स्टोर पसगवां पर लेकर गया जहां दवाई मांगी तब मेडिकल संचालक ने कहा की आपकी बहन के बोतलें चढ़ाई जायेगी तब यह ठीक होगी, जिसके बाद मेडिकल संचालक द्वारा बोतल चढ़ाने का काम शुरु कर दिया गया और एक बोतल के बाद दूसरी बोतल चढ़ाई तब मेरी बहन की हालत बिगड़ने लगी,और कुछ ही देर बाद मेरी बहन ने हलचल करना बन्द कर दिया तब मेडिकल संचालक ने मुझसे कहा मोहम्मदी सिंह हास्पिटल ले जाओ जहां रास्ते में ले जाते समय मेरी बहन की की मौत हो गयी मेने मेडिकल संचालक के खिलाफ थाना पसगंवा में तहरीर दी। जिसपर पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए गोतम मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया है ब मृतक कुमकुम का पुलिस की मौजूदगी में अन्तिम संस्कार किया गया है वही परिजनों का रो रो बुरा हाल है।

## विकासखंड गौरीगंज में दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का किया गया आयोजन

- कैंप में दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण हेतु किया गया चिन्हित

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांगजन विभाग एवं एल्मिको (भारत सरकार का उपक्रम) जीटी रोड कानपुर नगर की ओर से आज विकासखंड गौरीगंज में दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 154 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया, जिसमें मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल के 24, ट्राईसाईकिल के 53, व्हीलचेयर के 18, कान की मशीन के 2, बैसाखी हेतु 54, स्मार्ट छड़ी के 2, स्मॉल ट्राईसाईकिल के 1 तथा कुल 154 दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग /सहायक उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि विकासखंड अमेठी परिसर में 6 अगस्त 2024 को, विकासखंड मुसाफिरखाना परिसर में 7 अगस्त 2024 को, विकासखंड परिसर जगदीशपुर में 8 अगस्त 2024 को तथा विकासखंड तिलोई परिसर में 9 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथियों एवं विकासखंडों में अपने अभिलेखों यथा दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति तथा एक फोटो लेकर कैंप में उपस्थित होकर अपना चिन्हांकन करा लें जिससे उन्हें आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सके।

### 200 शैय्या जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में ऑपरेशन थिएटर का किया गया उद्घाटन

**अमेठी।** राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा 200 शैय्या जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में स्थापित सर्जरी विभाग में जनरल सर्जरी, ऑर्थो सर्जरी एवं सिजेरियन सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया गया। ऑपरेशन थिएटर के संचालन से जनरल सर्जरी, ऑर्थो सर्जरी एवं सिजेरियन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे क्षेत्रीय आम जनमानस एवं संदर्भित रोगियों को बेहतर आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध होगीं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, 200 शैय्या जिला रेफरल चिकित्सालय की प्राचार्या डॉ रीना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहम्मद आजम खान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाजपा को वैश्य समाज ने पोषित किया




लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा ।** देश में स्वतंत्रता की क्रांति का बीज बोने वाले महात्मा गांधी की फसल आज तक कांग्रेस काट रही है। राम मनोहर लेहिया का बोया सपा और हिन्दुत्व की खेती को बोने वाले अशोक सिंघल की फसल को भाजपा ने काटा। भाजपा को वैश्यों ने पोषित किया।

देश में 72 प्रतिशत रोजगार देने वाला वैश्य समाज है। देश को 69 प्रतिशत राजस्व वैश्य समाज देता है। देश भर के मंदिरों के बनने में 90 फीसदी योगदान वैश्य समाज का है। केन्द्र शासित सहित 36 राज्यों में वैश्य समाज का एक भी राज्यपाल नहीं। आजादी के स्वतंत्रता आंदोलन में तन-मन-धन से 27 फीसदी सहयोग करने वाला वैश्य समाज था। इसके बाद भी राजनीति में पिछड़ा है वैश्य समाज। जो साथ चल रहे हैं वो राज कर रहे हैं। हम एक सूत्र में नहीं इसलिए हाथ मल रहे हैं। यह ओजपूर्ण वक्तव्य लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में राष्ट्रीय वैश्य परिषद द्वारा आयोजित वैश्य महापंचायत में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वैश्य समाज की कुलदेवी माता महालक्ष्मी के चित्र पर वरिष्ठ समाजसेवी रितेश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विनय अमित गुप्ता, विनोद अग्रवाल ने माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य वक्ता विनय अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में 2-2 उपमुख्यमंत्री में से एक भी वैश्य समाज से क्यों नहीं। देश में कोई भी मुख्यमंत्री और उपमुक्यमंत्री किसी भी राजनीतिक दल से नहीं है। देश में वैश्य समाज के एक मात्र मुख्यमंत्री केजरीवाल को गांधी बनने से रोका जा रहा है। वैश्य समाज संघर्ष करना नहीं जानता इसलिए राजनीति में आज भी पिछड़ा है। बसपा, सपा और कांग्रेस तीनों वैश्य समाज के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी हैं। लेकिन राजनीतिक पदों पर वैश्य समाज के लिए जगह नहीं। निर्दलीय खड़े होगे तो पार्टी बुलाकर टिकट देगी। स्थायी नहीं फ्लोटिंग वोटर बनिए। अपने समाज के लिए हमेशा खड़े रहे। पार्टी नहीं वैश्य समाज को प्राथमिकता दें। जो पार्टी आपके भाई बंधुओं को टिकट दे,उसे जिताएं। किसी राजनीतिक दल का पिट्ठू बनकर सम्मान हांसिल नहीं किया जा सकता है।

## कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में गंदगी देख कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित पटेल सहायकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की बिल्डिंग में ऊपर के कमरे जो मौके पर खाली पाए गए उनमें जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय तथा परियोजना अधिकारी डूडा के कार्यालय को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय ककवा का आकस्मिक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने विकासखंड अमेठी के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय ककवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अन्य संबंधित कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की और शिक्षकों को बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के लिए शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस आकस्मिक निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों की स्थिति को बेहतर बनाना और शिक्षा के मानक को ऊँचा उठाना था।

लोकमित्र
प्रतापगढ़, मंगलवार, 06 अगस्त 2024



## संक्षिप्त खबरें

## 5 अगस्त ऐतिहासिक दिन- राम मंदिर की आधारशिला रखी, ऐतिहासिक है ये तारीख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** साल 2019 और 2020 में 5 अगस्त को 2 ऐतिहासिक घटनाएं भारत के इतिहास में दर्ज हुई। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया तो अगले साल अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी गई. एक घटना ने देश को एकजुट किया तो वहीं दूसरी ने देश की सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान दी।5 अगस्त, ये तारीख भारत के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण है. पांच साल पहले साल 2019 में मोदी सरकार ने बड़ा फैसला करते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रभाव को खत्म कर दिया था. इसे बेहद ऐतिहासिक कहा गया. वहीं अगले साल 2020 में भी 5 अगस्त की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई. इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 492 साल से चले आ रहे राम मंदिर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भूमि पूजन किया था। साल 2019 में 5 अगस्त वो ऐतिहासिक तारीख है जिस दिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को खत्म कर दिया था. साथ ही राज्य को दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था. वहीं दोनों को केंद्र शासित राज्य बना दिया था. सरकार का यह फैसला कश्मीर घाटी में बढ़ रहे अलगाववाद और आतंकवाद पर बहुत कड़ा प्रहार था. इसकी चोट से पाकिस्तान भी बौखला रहा था।

### आतंकवाद भी एक बड़ी समस्या

बता दें कि धारा 370 भारत सरकार के किसी भी फैसले को जम्मू-कश्मीर में लागू होने से रोकता था. जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, यह सिर्फ कहने वाली बात थी. इसकी वजह से कश्मीर घाटी के कुछ परिवार मालामाल हो रहे थे. वहीं घाटी में अलगाव चरम पर था. इसकी वजह से आतंकवाद भी एक बड़ी समस्या बना हुआ था. हालांकि, धारा 370 को हटाने के दौरान संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया. लेकिन इसके बावजूद भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे सदन में रखा था।

### राम मंदिर की रखी गई आधारशिला

साल 2020 में 5 अगस्त को श्रीराम मंदिर की आधारशिला की ऐतिहासिक घटना घटी. बड़ी बात यह है कि इस शुभ घड़ी का इंतजार हिन्दू समाज पिछले 491 वर्ष से कर रहा था. इसके लिए लगातार संघर्ष चला और पता नहीं कितने लोगों ने कुर्बानी दी. वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी.

### 500 साल का इंतजार हुआ खत्म

जानकारी के मुताबिक 21 मार्च 1528 को मुगल आक्रांता बाबर के आदेश पर उसके सिपहसलार मीर बाकी ने राम मंदिर को ध्वस्त कर दिया था. फिर उस जगह पर एक ढांचा खड़ा कर दिया था. जिसे बाद में बाबरी मस्जिद भी कहा गया. हालांकि उस ढांचे को 6 दिसंबर 1992 को गिरा दिया गया था. इसके बाद कई सालों तक कोर्ट में केस चला और फैसला हिंदू समाज के पक्ष में आया।

## दरिन्दो के बुद्धि- शुद्धि के लिए करवाया अभिषेक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर- अयोध्या ।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के भैरपुर टिकरा मजरे भार्गव तिवारी का पुरवा में आचार्य प्रवीण कुमार प्रभु जी के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में व्याप्त कुरीतियों भ्रष्टाचारों एवं दरिंदों की बुद्धि की शुद्धि के लिए कई घंटे तक भगवान भोलेनाथ का पाठ करते रहने पर दूध ,दही ,मख्न, गंगाजल ,आदि से मिट्टी का पार्थिव बनाकर अभिषेक उक्त गांव के निवासी समाजसेवी डॉक्टर दिनेश तिवारी को प्रमुख यजमान के रूप में संकल्प दिलाते हुए कई घंटे तक अभिषेक करवाते रहे हैं। आचार्य प्रवीण महाराज ने कहा कि सावन में यह माना जाता है कि पूरे महीने भगवान भोलेनाथ माता पार्वती, नन्दी के साथ मृत्व लोक पर विचरण करते हैं। मानव द्वारा भोले नाथ की पूजा से जल्द प्रसन्न होकर उचित (मनवांछित) फल देने का कार्य भोलेनाथ करते हैं। अभिषेक में पूर्ण रूप से सहयोग कर रही डा श्री तिवारी की पत्नी श्रीमती बीना तिवारी पुत्रवधू संध्या तिवारी पुत्री दीपा तिवारी एवं पुत्र गौरव तिवारी प्रेरणा तिवारी उर्फ परी रुद्र प्रताप तिवारी उर्फ अभी व अभिनव तिवारी एवं सिद्धि द्वारा उक्त आचार्य के मार्ग दर्शन द्वारा करवाये जा रहे अभिषेक में समर्पित भाव से सहयोग करते रहे हैं। उक्त अभिषेक के पूर्व आचार्य प्रवीण कृष्णा प्रभु जी महाराज ने भगवान भोलेनाथ पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शांति रहो लेकिन आपकी शांति अधर्म को प्रश्रय देती हो तो वहां पर शांति से ज्यादा महत्वपूर्ण क्रोध हो जाता है।भगवान शिव के रूद्र रूप का यही तो रहस्य है।द्वेषवश किसी से किया गया क्रोध जहाँ अनिष्टकारी और अहितकारी होता है,वहीं किसी के हित में किया गया क्रोध स्वयं के लिए भी शुभकारी और हितकारी ही होता है।क्रोध किया यह महत्वपूर्ण नहीं अपितु क्रोध क्यों किया यह महत्वपूर्ण है। उक्त कार्यक्रम में अपना विचार व्यक्त करते आचार्य प्रवीण महाराज ने कहा लोकहित,लोकमंगल और धर्म को ग्लानि से बचाने के लिए किया गया क्रोध भी कल्याणकारी होता है,यही भगवान शिव के रौद्र रूप का संदेश है।भगवान शिव तो कल्याण स्वरुप हैं इसलिए उनका रूद्र रूप भी कल्याण कारक ही है।सामर्थ्यवान होकर अन्याय और अनीति को सहते रहना यह अन्याय को बढ़ावा देने जैसा ही है। लोकमंगल, लोकहित और धर्म रक्षार्थ किया गया क्रोध भी जीव के शिव बनने का एक मार्ग है।

## रूदौली के सम्पूर्ण समाधान दिवस में हो रहा झूठां समाधान अधिकारी झूंठी रिपोर्टो के नही ले रहे संज्ञान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील के समाधान दिवस में समस्या के निस्तारण में अधिकारियों व कर्मचारियों की ढुल मुल रवैया के चलते फरियादियों की समस्या का समाधान नही हो रहा है । फरियादी बार बार समस्या लेकर तहसील के चक्कर लगाने को मजबूर है । शासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी यदि फरियादियों की फीड बैक लेकर झूठी रिपोर्ट लगाने वालों पर ठोस कार्यवाही करें तब चाहे कुछ रुदौली में सुधार आये।इसकी कुछ निम्न बानगी है । ग्राम गोगावां निवासी लालू प्रसाद ने शिकायत किया कि ग्राम गोगावां की गाटा संख्या 144 चकमार्ग व नाली की भूमि पर अरुण कुमार,राजेश कुमार व अरविन्द कुमार पुत्रगण स्वामी नाथ ने कब्जा कर रक्खा है बार बार शिकायत के बाद भी खाली नही हो रहा है। , विद्युत विभाग ने पीड़ति के घर बिना विद्युत कनेक्शन के ही विद्युत बिल और बाद में वसूली के लिए आरसी भेज दी। पीड़ति ने संपूर्ण समाधान दिवस में 6 माह पूर्व शिकायती पत्र दिया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई पीड़ति दर दर भटक रहा है।सम्पूर्ण समाधान में पीड़ित को न्याय नही मिला।

रुदौली तहसील के ग्राम पुराय निवासी सुकई पुत्र राम बहादुर ने शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके मकान में विद्युत कनेक्शन नहीं है न ही उसकी इतनी हैसियत है कि वह विद्युत कनेक्शन ले सके ।सोलर लाइट से गुजर कर रहा है इसके बावजूद विद्युत विभाग द्वारा उसके विरुद्ध विद्युत बिल बकाया दिखाते हुए तहसील में आरसी भेज दी गई अब वसूली के लिए पीड़ति को संग्रह अमीन परेशान कर रहे हैं पीड़ति ने बताया 6 माह पूर्व सम्पूर्ण समाधान में शिकायत किया लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ।, मोहल्ला पूरा खान रुदौली निवासी अकील अहमद पुत्र बहाउद्दीन ने शिकायती पत्र देकर कहा उसके द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन चौकी इंचार्ज नयागंज में फर्जी आख्या से मामले का निस्तारण दिखा दिया शिकायती पत्र में दिए गए घटनाक्रम के संबंध में अपनी आख्या में कुछ लिखा ही नहीं। पीड़ति ने चौकी इंचार्ज नयागंज के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की याचना की है। रुदौली निवासी अर्शिया ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान में ग्राम गोगावां की चकरोड खाली कराने के लिए शिकायती पत्र दिया गया था फर्जी आख्या देकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। मौके पर कोई निस्तारण नहीं हुआ। ग्राम मखदूमपुर निवासी मुगीस उद्दीन खान ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया की नफीस अहमद ने रास्ते में दीवार का निर्माण कर रास्ता को अवरुद्ध कर दिया है जिससे ग्राम वासी परेशान है बताया कि 6/7/24 को उसके द्वारा शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।फर्जी निस्तारण कर कार्रवाई समाप्त कर दी गई। पीड़ति ने रास्ता खाली कराए जाने का आवेदन किया।

# सीएम योगी का दो दिवसीय अयोध्या दौरा आज

## अयोध्या के विकास कार्यो एवं कानून-व्यवस्था की करेंगे समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अयोध्या** उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय 6 व 07 अगस्त 2024 को जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकाप्टर से 06 अगस्त 2024 को हेलीपैड रामकथा पार्क अयोध्या में पहुंचेंगे, जिसके बाद हनुमानगढ़ी एवं श्रीरामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी सायं आयुक्त सभागार में जनपद अयोध्या के विकास कार्यो एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। तत्पश्चात सर्किट हाउस अयोध्या में पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और इसके बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। 07 अगस्त 2024 को सीएम योगी सरयू अतिथि गृह से ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र दास महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। तत्पश्चात दिगम्बर अखाड़ा में ब्रहमलीन परमहंस रामचन्द्र महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री हेलीपैड रामकथा पार्क अयोध्या से जनपद अम्बेडकरनगर के लिए रवाना होंगे।

## अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म मामला-आरोपी के आधा दर्जन अवैध ठिकानों की रिर्पोट तैयार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भदरसा कस्बे मे सामुहिक दुष्कर्म के मामले में योगी सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई जारी है। नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मुईद खान की अवैध संपत्तियों की रिपोर्ट प्रशासन द्वारा तैयार कराई जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर इसकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल सकता है। राजस्व विभाग की टीम उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी के निर्देशन में मुख्य आरोपी मुईद खान की उन भूमियों की तलाश में जुटी हुई है जो उसने अवैध तरीके से अर्जित की है या फिर जो सरकारी जमीन पर हैं और उन पर मुईद खान ने अवैध कब्जा कर वहां इमारतों का निर्माण कर लिया है। उप जिलाधिकारी सोहावल ने बताया कि मुईद खान के उस निर्माण को मंगलवार को ढहाया जाएगा, जिसमें पुलिस चौकी संचालित थी। वह कब्रिस्तान की भूमि है। जिस भवन में बैंक संचालित है उसकी कुछ भूमि तालाब की भूमि में है। उन्होंने बताया कि अन्य भूमि की भी जांच की जा रही है। यही नहीं आरोपी मोईद खान के करीब आधा दर्जन अवैध ठिकानों की जानकारी राजस्व टीम को प्राप्त हुई है।राजस्व विभाग की तीन टीमें लगाई गई हैं। ये टीमें 7 दिनों से भदरसा में आरोपी के द्वारा अवैध कब्जे और अवैध निर्माण की छानबीन में लगी हुई है। बेकरी के निकट रोड पर निर्मित शॉपिंग कंपलेक्स की दुकानें खाली कराई जा रही हैं।

इसमें चल रही पंजाब नेशनल बैंक की भदरसा शाखा को भी खाली करने का आदेश दिया जा चुका है। बताया कि पुलिस चौकी सहित अन्य जमीनों की पैमाइश करके शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार व लेखपालों के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# समाज के दरिंदो की पैरवी का सामूहिक बहिष्कार करने का प्रस्ताव अधिवक्ता संघ में पारित करें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भदरसा गैंगरेप पीड़ति मासूम नाबालिक बेटी के प्रकरण में आरोपित अभियुक्त मोईद खान व राजू खान के मुकदमे की पैरवी रुकवाने के संबंध में आज एक प्रतिनिधिमंडल अधिवक्ता परिषद अवध अयोध्या इकाई के अध्यक्ष अरविंद कौल, महामंत्री रत्नेश सिंह और जिला उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस पांडेय से मिला और उनसे यह मार्मिक अनुरोध किया कि इस वीभत्स तरह से 12 वर्षीय मासूम बेटी के साथ सामूहिक दरिंदगी लगातार ढाई महीने तक उसका अश्लील वीडियो बनाकर और उसकी हत्या की धमकी देकर उसके साथ लगातार अमानवीयता की गई ,उसने हम पूरे अयोध्या वासियों को शर्मसार कर दिया है हम अधिवक्ता परिषद अवध अयोध्या इकाई व अधिवक्ता संघ के सभी सम्मानित अधिवक्तागढ़ इस घृणित प्रकरण से बेहद आहत महसूस कर रहे हैं अतः अंतरात्मा की आवाज पर हम लोगों को यह महसूस होता है कि समाज के दरिंदो की पैरवी का सामूहिक बहिष्कार करने का प्रस्ताव आपके द्वारा अधिवक्ता संघ में पारित कराने की कृपा करें ,ज्ञापन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह अधिवक्ता राम प्रकाश पाठक , हरि मंगल सिंह, कर्मवीर सिंह, राजेंद्र यादव ,अधिवक्ता कुलदीप सिंह, उपेंद्र कुमार मिश्रा, अवनेंद्र कुमार सिंह, राधा रमन सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी ,मनोज कुमार सिंह ,राघवेंद्र तिवारी सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावितों की मदद पहली प्राथमिकता-राम चन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रूदौली -अयोध्या।** रूदौली तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव कैथी मांझा के 95 पशुपालकों को सोमवार को रौनाही तटबन्ध पर भूसे का वितरण किया गया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी रूदौली प्रवीण कुमार यादव व राजस्व टीम मौजूद रही।रूदौली तहसील क्षेत्र के सरयू के कछार में बसे कैथी मांझा गांव के पशुपालकों की प्रमुख समस्या चारे के प्रबंध है बाढ़ के समय जलभराव के चलते मवेशियों के लिए चारे का प्रबंध करना काफी मुश्किल कार्य है।ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने 95 पशुपालकों को 485 कुंतल भूसे का वितरण कराया गया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा,राजस्व निरीक्षक अनिल यादव,कुलदीप सैनी व रामराज,गया प्रसाद राम बक्स,धर्मराज,रामबरन आदि लोग मौजूद रहे।

## शीतला सिंह 93वीं जयंती पर संगोष्ठी आज

**अयोध्या।** पत्रकारिता के पुरोधा वरिष्ठ पत्रकार स्व. बाबू शीतला सिंह की 93 जयंती के अवसर पर मंगलवार को जनपद के सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब सभागार में जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा इस मौके पर एक संगोष्ठी का भी आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त गौरव दयाल व विशिष्ठ अतिथि आईजी अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार होंगे साथ ही स्थानीय समाचार पत्र जनमोर्चा समिति के फाउंडर अतुल सिंह, स्थानीय संपादक राम कुमार सिंह की तरफ से संगोष्ठी का आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी बाबू जी के जेष्ठ पुत्र सूर्य नारायण सिंह देते हुए बताया कि संगोष्ठी में इसके अतिरिक्त जिले तमाम गणमान्य आमंत्रित हैं।

## स्व जनेश्वर मिश्र व स्व गंगा सिंह यादव की मनाई गई जयंती चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**लोकमित्र ब्यूरो**




**अयोध्याधाम।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर स्व जनेश्वर मिश्र व पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव की जयंती मनाई गयी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की , इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि पण्डित जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थे,समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे %छोटे लोहिया% के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं के गांव में हुआ था। उनके पिता रंजीत मिश्र किसान थे। बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा। जनेश्वर को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना आगे रहे कि उन्हें लोग %छोटे लोहिया% के तौर पर ही जानने लगे। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव को पार्टी के प्रति समर्पित नेता थे उनके कार्यकाल में पार्टी ने विधानसभा व लोकसभा तथा जिला पंचायत के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था आज उनकी जयंती पर दिल से नमन करते है, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, संजय सिंह,रियाज अहमद टेनी, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, विरेन्द्र गौतम, शिव शंकर शिवा, शहबाज लकी, ऋतुराज सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल,अभय दिवेदी, प्रदीप यादव, मिर्जा सनी, शावेज़ जाफरी एडवोकेट, अरुण यादव मो इफ्तेखार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# मिल्कीपुर में अखिल भारतीय कोरी समाज की बैठक हुई आयोजित

## उपचुनाव में कोरी बिरादरी के उम्मीदवार को समर्थन देने का किया गया ऐलान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रमुख राजनीतिक दलों के संभावित उम्मीदवारों में हलचल तेज हो गई है। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी से विधायक पद की दावेदारी करने वाले प्रधान संघ के जिला सचिव एवं युवा मुकुल आनंद कोरी अपनी टीम के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। उपचुनाव में भाजपा से टिकट मिलने पर बीडीसी संघ, प्रधान संघ, अधिवक्ता संघ द्वारा समर्थन दिए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद अब कोरी समाज द्वारा भी विधानसभा उपचुनाव में कोरी बिरादरी के उम्मीदवार का समर्थन किए जाने का ऐलान किए जाने के बाद अब नए समीकरण उभर रहे हैं। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को इनायत नगर में कोरी समाज की बैठक के दौरान टिकट मिलने के उपरांत मुकुल आनंद को समर्थन देने पर विचार करने का संकल्प लिया गया। कोरी समाज की बैठक में वैसे तो संगठन की कार्रवाई की समीक्षा होनी थी। मगर उपचुनाव के दृष्टिगत समाज का नजरिया विषयक पर भी मैराथन चर्चा की गई। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दुखन देवी इंटर कॉलेज परिसर मीठे गांव में अखिल भारतीय कोरी समाज का सम्मेलन एवं बैठक कोरी समाज के वयोवृद्ध ब्रह्मा दीन कोरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती द्वारा किया गया। बैठक में कोरी समाज की उन्नति, विकास और राजनीतिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नंदलाल कोरी ने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव के लिए सपा, भाजपा सहित राजनीतिक दलों द्वारा कोरी समाज की उपेक्षा की गई है। तथा कोरी समाज को मौका नहीं दिया जा रहा है। जबकि मिल्कीपुर विधानसभा में कोरी बिरादरी के मतदाताओं की संख्या करीब 52000 है। बैठक के दौरान निर्णय हुआ कि किसी भी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उपचुनाव में कोरी बिरादरी को टिकट दिए जाने पर पूरा कोरी समाज लगकर समर्थन करेगा। अगर राजनीतिक दलों द्वारा कोरी बिरादरी को टिकट नहीं दिया जाता है तो कोरी समाज अपना अलग से उम्मीदवार उपचुनाव में उतरेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी राम प्रसाद रसिक ने कोरी समाज की एक जुटता पर ध्यान देने के लिए कहा गया। नागेश्वर नाथ कोरी ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के अन्य बिरादरी के उम्मीदवार का पिछलगू बनने से अच्छा है उपचुनाव में बिरादरी के उम्मीदवार का एकजुट होकर समर्थन किया जाए। बैठक के दौरान दशरथ लाल, वरुण चौधरी, लव कुश कोरी, लल्लन कोरी ने एक सुर में समाज के ही उम्मीदवार को आगामी उपचुनाव में समर्थन की वकालत की। अपने संक्षिप्त परिचय के दौरान उपचुनाव में भाजपा संभावित उम्मीदवार मुकुल आनंद ने समाज के प्रति अपनी निष्ठा को प्राथमिकता पर रखते हुए समाज की उत्थान के लिए उत्तरोत्तर संघर्षशील रहने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में कोरी समाज के गांव में जागरूकता रथ के द्वारा हक हकुब की अलख जगाने की योजना पर भी मंथन हुआ। सोते हुए समाज को जागृत करने के उद्देश्य से मिल्कीपुर में कोरी समाज का एक बड़ा सम्मेलन करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। अंत में अपने अध्यक्षीय भाषण में ब्रह्मा कोरी ने आने वाले उपचुनाव में स्वजातीय उम्मीदवार को मजबूत करने तथा इसके लिए मुकुल आनंद के समर्थन पर विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोराम, लवकुश, यमुना, रामनाथ, चंद्रकेश, बच्चू लाल, भगवती, स्वामीनाथ, राम राज, जामवंत, श्याम सुंदर, राम जियावान, संतोष, अमरनाथ कोरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भदरसा रेपकांड में पीड़िता से मिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल- कहा जांच के बाद दोषियों पर हो सख्त कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिला महिला चिकित्सालय में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में भदरसा कांड की पीड़िता से मिलकर उसका हाल जाना। पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव नें कहा जांच के बाद दोषी पाये जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई सरकार करे । उन्होंने कहा इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए ! सत्ताधारी दल इस जघन्य काण्ड को राजनीति का मुद्दा बना रहा जिसकी जितनी निंदा कीजिए उतना कम है।महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती रेनू राय ने कहा हम लोगों की संवेदना पीड़िता के साथ है। सरकार को पीड़िता के लिए उपयुक्त चिकित्सीय प्रबंध करना चाहिए तथा इस मुद्दे को राजनीतिक रंग ना देकर न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेकर बालिका के समुचित सुरक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए।प्रतिनिधि मंडल मे जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ,महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, महिला जिलाध्यक्ष रेनू रॉय, महिला मोर्चे की महानगर अध्यक्ष सविता यादव, उमेश उपाध्याय,रोहित यादव शामिल रहे !

# अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक हुई संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक हुई संपन्न। शहर के एक स्थानीय होटल में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद अयोध्या की जिला कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह व जिला महामंत्री देवेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के ब्लॉक नगर महिला युवा इकाई के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह व प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह ने सभी पदाधिकारी के साथ वार्षिक कार्य योजना निर्धारित करने व सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा की।

बैठक के दौरान राजेश सिंह ने कहां की हमारे संस्था के द्वारा बैठक की गई जिसमें आजीवन सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया, व संगठन को कैसे मजबूत बनाना है इस पर एक रणनीति बनाई गई , इसके साथ ही आयोग में गठन व आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग की योजना भी बनाई गई। वही भदरसा रेप कांड के मामले में श्री सिंह ने कहा कि यह बहुत निंदनीय व शर्मसार घटना है ऐसे लोगों को केवल फांसी की सजा सुनाई जाए। और सरकार ऐसे नीच कार्य करने वालों के लिए कोई कठोर कानून बनाए। संगठन में मुख्य रूप से निखिल सिंह, विपिन सिंह ,विनय सिंह, जंग बहादुर सिंह, रविन्द्र सिंह, राकेश सिंह पत्रकार सहित दर्जनों लोगों ने आजीवन सदस्यता ज्वाइन किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आज बैठक में हर महीने कुछ निर्धारित शुल्क जमा करने की योजना बनाई गई जिससे उस शुल्क का कोई भी सदस्य जरूरत पड़ने पर उपयोग कर सके, इसके साथ ही कोई गरीब बेटी का विवाह भी उस शुल्क से कराया जा सके। संगठन ज्वाइन करने वालों में श्री निखिल सिंह ने कहा कि इस संगठन के साथ जुड़ने में ही भविष्य तलाशा जा सकता है और कोई संगठन में जुड़ने का कोई मतलब नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ,नगर उपाध्यक्ष व आर बीएस होटल संचालक अनिल सिंह, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अजेंद्र राजा देव भारती, महिला जिला अध्यक्ष प्रसून लता सिंह, महिला जिला उपाध्यक्ष रेनू सिंह, मीडिया प्रभारी अमरदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्कूलों में मां के नाम छात्रों ने लगाए पौधे

## पौधारोपण में छात्रों के साथ माताएं भी हुई शामिल





**बलरामपुर।** केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में माता के नाम पौधारोपण योजना के तहत विद्यालय परिसर में बच्चों के माताओं के साथ पौधारोपण करके उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया ।

कक्षा 3 के छात्र रवि एवं उनकी माता नेहा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया । साथ ही छात्रों को उन्होंने प्रेरित किया कि घर या सार्वजनिक स्थानों पर भी इसी प्रकार अपनी माता के साथ मिलकर पौधे लगाए एवं उनके संरक्षण का संकल्प ले ताकि हम पर्यावरण को प्रदूषण से बचा सके।

कार्यक्रम के तहत माता एवं छात्रों को प्रेरित किया गया कि प्रत्येक पौधे के साथ एक तख्ती लगाएं, जिसमें छात्र और उनकी माता का नाम हो।

उसकी सुरक्षा का उत्तरदायित्व भी लिया जाए। प्रभारी प्रधानाध्यापक महमूद उल हक़ ने विद्यालयों में पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन करने की बात कही। शिक्षिका नंदिनी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरणीय मुद्दों जैसे- जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों की कमी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ जितेंद्र, अल्पना, अमित और कदम वालंटियर माया यादव का विशेष सहयोग रहा।

इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर क्षेत्र में भी प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलमा खान के नेतृत्व में बच्चों की माताओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया साथ ही छात्र-छात्राओं को कचरा प्रबंधन के तरीकों के बारे में बताते हुए विद्यालय परिसर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर अभ्यास कराया गया। इसके अलावा पानी की बचत व पुनर्चक्रण पर जागरूकता फैलाने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को प्राचीन भारतीय साहित्य में वर्णित प्रकृति व मानवता के बीच के संबंधों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिल्पी श्रीवास्तव, वंदना सिंह, अखिलेश तिवारी व कदम वालंटियर तमन्ना का आदि शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक विशेष योगदान रहा है।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा घायल

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से शातिर लुटेरा घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) शैलेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर संतोष पाठक सोमवार सुबह गौरीशंकर महादेव मंदिर पर जाने वाले कावड़ियों की सुरक्षा में तैनात थे। मुंगराबादशाहपुर रोड पर आने–जाने वाले वाहनों को दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति सुजानगंज की तरफ से आ रहे थे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वे लोग भागने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। रामपुर मोड़ पटेल नगर रोड के पास पहुंचे तो नील गायों का झुण्ड देखकर उनकी बाइक फिसलकर गिरी तो बदमाश भी जमीन पर गिर गये। पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा तो एक बदमाश ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने गोली चलाई तो बदमाश के दाएं पैर में जा लगी। साथी के घायल होने पर दूसरा बदमाश भाग निकला।

## फंदे से झूलती मिली महिला, ससुरालजनों पर प्रताड़ना का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** शास्त्री नगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तुषार बरनवाल की पत्नी सुषमा बरनवाल(41वर्ष) आज सुबह फंदे से झूलती पाई गई ।घर के दूसरे तल पर से बॉडी ग्रिल में लगी रस्सी से झूलती पाई गई। मृत युवती के भाई संजय बरनवाल जौनपुर से सुल्तानपुर पहुंचने वाले हैं। प्रताड़ना की दास्तान बताते बताते संजय बरनवाल फोन पर रोने लगे। सुल्तानपुर आते समय चलती गाड़ी से उन्होंने बताया कि उनकी बहन को ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था ।उनकी बहन के 16 साल 14 साल के दो बच्चे हैं ।

उनकी बहन का पति घर में खाना नहीं खाता था,वह पत्नी से नफरत करता था,सताता था।रोज पीने की आदत थी।उसने बच्चों को अपनी दहशतगर्दी से खामोश रखता था।।वह अपनी पत्नी को एक नौकरानी की तरह रखता था ।पता चला है कि एक माह पूर्व समाज के लोगों ने घर जाकर घण्टो समझाया था, ससुरालीजनों ने जबरन सुलहनामे पर हस्ताक्षर करने का बनाया था दबाव।इत्ते से भी पति की छाती ठंढी नही पड़ी तो ससुरालीजनों ने मृतक महिला के फोन का सिम तोड़ कर फेंक दिया था।वह बच्चों के फोन से डर डर कर अपनी दास्तां बताती थी।



पीड़ित ने बहनोई का चाल चलन संदिग्ध बताया है। ।मृतका के भाई संजय बरनवाल ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या की गई है! वह सुल्तानपुर पहुंचकर नगर कोतवाली तहरीर देंगे ।

जब तक मैं सुल्तानपुर पहुँचुंगा नही शव की अंत्येष्टि रोकी जाए। उन्होंने बताया की शादी के तकरीबन डेढ़ दशक बीत गए उनकी बहन कभी ससुराल में खुश नहीं रही।इधर पति ने तुषार ने आरोपों का खंडन किया है।कहा कि पुलिस के आने के बाद हम लोगों ने बॉडी फंदे से उतारी है।उधर रिश्ते के साढू और बरनवाल सेवा समिति जिला देवरिया के के प्रवीण बरनवाल भी जनपद सुल्तानपुर पहुँच रहे हैं।उन्हें बताया कि यह प्रायोजित मर्डर है, मामले की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए।

# स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** इंडिया ताइक्वांडो के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 2 अगस्त 2024 से 4 अगस्त 2024 तक कानपुर के दी स्पोर्ट्स हब स्टेडियम में किया गया जिसमें जिले की तरफ से चार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में अथर्व अग्रहरि तेजस शुक्ला साक्षी तिवारी अजीत द्विवेदी रहे।

जिनमें से साक्षी तिवारी अंडर 59 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक एवं अजीत द्विवेदी अंडर 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह जानकारी जिला ताइक्वांडो संघ सचिव प्रणय चंद शुक्ला ने दी। साथ ही साथ यह भी बताया कि साक्षी तिवारी एवं अजीत द्विवेदी ने इसी माह 29 जुलाई से 31 जुलाई के बीच रायबरेली में



हुए विद्या भारती राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक अर्जित किया है। दोनों खिलाड़ी आगामी होने वाली राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही साथ शुक्ला जी ने यह भी बताया कि कानपुर में हुई प्रतियोगिता के टीम कोच प्रसून चंद्र शुक्ला एवं मैनेजर अंजलि तिवारी रही खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष एडवोकेट श्री राजेंद्र प्रताप दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह फौजी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रमेश सिंह टीनू भैया ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

# अयोध्या रेप केस को लेकर विहीप व बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन, सपा नेता का फूंका पुतला

**बलदीराय/सुलतानपुर।** विहीप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता का पुतला फूंका। बलदीराय थाना क्षेत्र के बिंदेश्वरीगंज कस्बे में पुतला दहन के दौरान बजरंग दल बिहीप कार्यकर्ताओ ने दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपी सपा नेता को फांसी दिए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि इस घटना में इंडी गठबंधन के चरित्र को उजागर कर दिया है।समाजवादी पार्टी के एक नेता की करतूत ने हिंदू संगठनों को हमलावर होने का मौका दे दिया है मामला राम की नगरी अयोध्या से जुड़ा हुआ है अयोध्या में एक सपा नेता ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया और ब्लैकमेल करके कई महीनो तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा जब उसे पेट में दर्द हुआ और परिवारजनों से अस्पताल



दिखाने ले गए तो डॉक्टर ने जो कहा उसके बाद परिवारी जनों की होश उड़ गए नाबालिक प्रेग्नेंट निकली इसके बाद उसने अपने साथ हो रही शोषण की जानकारी परिवार को दी। बजरंग दल जिला संयोजक गौरव पांडे ने कहा कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या को समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कलंकित करने का घोर अपराध किया है। एक गरीब 12 वर्षीय नाबालिग लड़की को सपा नगर अध्यक्ष मोईद खान द्वारा पिछले दो माह से ब्लैकमेल करते हुए जबरदस्ती बलात्कार किया जा रहा है जिस कारण नाबालिक बच्ची गर्भवती हो गई। जब पीड़ित के परिवार को पता चला तो उसने थाने में मुकद्दमा पंजीकृत कराया जिस पर सपा नेताओं द्वारा पीड़ित को समझौता करने के लिए डराया धमकाया जा रहा है। बिहीप के प्रखंड अध्यक्ष रवि पाठक ने कहा कि अपराधी को अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद का पूरा संरक्षण मिला हुआ है। बलात्कारी को सांसद ने हर तरह से बचाने का प्रयास किया है जिस कारण कई दिन तक थाने में पीड़िता का मुकद्दमा पंजीकृत नहीं हो पाया। सचिन सिंह ने कहा कि इंडी गठबंधन का पीड़िता के पक्ष में किसी तरह का कोई बयान नहीं आया है जिससे गठबंधन की सोच साफ पता चलती है कि वो अपराधी को बचाने का कार्य कर रहा है। मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इस मामले की जांच फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर बलात्कारी को फांसी की सजा दी जाये। मोइद खान मुर्दाबाद के नारे लगाये गए और कहा कि गठबंधन को अपराधी के खिलाफ मुंह खोलना चाहिए।

पुतला दहन में सचिन सिंह , कल्लू सिंह, अमित पांडेय, राहुल सिंह, दिनेश सिंह, जैनेन्द्र मिश्रा, जितेंद्र साहू ,हरिओम सिंह, सुनील सिंह, जिला मंत्री सोहन लाल, बिट्टू हलदर आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नाबालिग समेत तीन वाहन चोर गिरफ्तार, नौ बाइक बरामद

**कानपुर देहात।** अकबरपुर थाना पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार किए हैं। इनमें एक बाल अपचारी है। इनके पास से नौ दो पहिया वाहन बरामद हुआ है।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डे ने पत्रकारों को बताया कि अकबर पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों में अमन यादव उर्फ निहाल, मदन यादव उर्फ ज्ञान प्रकाश सिंह हैं जो अकबरपुर के ग्राम कुम्भी के रहने वाले हैं। तीसरा आरोपित नाबालिग है। इनके पास से चोरी की नौ बाइक भी बरामद हुई है।एएसपी ने बताया कि यहां से वाहन चोरी करने के बाद कानपुर नगर में ले जाकर लोगों को बेचते थे। उनका एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है। पुलिस टीम को इनाम दिया जाएगा।

# अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार

## ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहर में जबरदस्त ढंग से हो रही विद्युत कटौती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 15 घंटे की विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जहां गांव के लोग परेशान हैं वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैये से शहर के लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सात से आठ घंटे की हो रही अघोषित कटौती से शहरवासी भी त्रस्त हैं।

बारिश और धूप की आंखमिचौली से उमस भरे माहौल में लोगों, खास कर बच्चों का बुरा हाल है। बिजली विभाग के लोग फॉल्ट के नाम पर बिजली सप्लाई का ना होना रटारटाया जवाब देकर फुर्सत पा जाते हैं। जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से कतराते रहते हैं।

इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बड़ोखर ब्लॉक और महुआ ब्लॉक के तमाम

> ➢सदर विधायक की बिजली अधिकारियों को फटकार, कहा कि अघोषित कटौती बर्दाश्त नहीं

गांव के लोगों ने अपना विरोध जाहिर करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया। अधिकारियों ने स्थिति ठीक करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद भी हालात जस के तस हैं। विद्युत कटौती की इस समस्या को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आगाह किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जनपद में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अन्तर्गत 01 से 19 वर्ष के आयु के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जनपद में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाना है। जनपद में कुल 2519086 बच्चों (01 से 19 वर्ष ) को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान 10 अगस्त 2024 को आयोजित किया जायेगा। छूटे हुए बच्चों को आच्छादित करने के लिए 14 अगस्त 2024 को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाना है। अभियान में समस्त आगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से एवं निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों,



मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में सभी छात्र/छात्राओं के माध्यम से एल्बेण्डाजोल खिलाई जायेगी। आगनवाड़ी केन्द्रों पर 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चे, 06 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालक/बालिकायें, ईट भट्ठों इत्यादि पर कार्य करने वाले श्रमिक एवं घुमन्तू लाभार्थियो, निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में 06 से 19 वर्ष तक के सभी छात्र/छात्राओं को शिक्षकों के माध्यम से आच्छादित किया जायेगा। किशोर जुवेनाइल होम-किशोर जुवेनाइल होम में सभी किशोरों को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से आच्छादित किया जायेगा। उक्त अभियान में एल्बेण्डाजोल टैबलेट निम्न अनुसार खिलाया जायेगा। 01 से 02 वर्ष लच्छित आयु वर्ग को आधी खुराक (200 मि0ग्रा0)02 चम्मचों के बीच में चूरा बना कर/पीस कर स्वच्छ जल के साथ खिलाया जाये। 02 से 19 वर्ष को एक गोली (400 मि0ग्रा0) 02 चम्मचों के बीच में चूरा बना कर/पीस कर स्वच्छ जल के साथ खिलाया जाये अथवा गोली को अच्छी तरह चबाकर खाने को कहा जाये। बेहतर परिणाम हेतु गोली को चबाकर पीस कर/चूरा बनाकर खिलाया जाये। अभियान के सफल संचालन हेतु 30 जुलाई 2024 को आयोजित जनपद स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक में जिला अधिकारी महोदय द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुरूप शत-प्रतिशत आगनवाड़ी केन्द्रों पर तथा समस्त निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में समस्त छात्र/छात्राओं को 10 अगस्त 2024 को तथा छूटे हुए बच्चों को 14 अगस्त 2024 को एल्बेण्डाजोल दवा खिलाना सुनिश्चित करें।

## वोल्टास बेको प्रोडक्ट खरीदने से पहले हो जाए सावधान

**जौनपुर।** अगर आप भी वोल्टास बेको का कोई प्रोडक्ट लेने जा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। बेहतर सर्विस सुविधा का दावा करने वाले वोल्टास बेको की सर्विस सबसे घटिया है। कंपनी अपने प्रोडक्ट को बेचते समय टोल फ्री नंबर जारी करती है कि आप एक फोन कॉल करेंगे और आपके घर तक सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन कम्पनी का ये दावा झूठा साबित होता नजर आता है। ऐसा हम इसलिए बोल रहे हैं, क्योंकि आप अपने सामान के रिपेयर के लिए कस्टमर केयर के नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराते कराते थक जायेंगे, लेकिन आपकी समस्या का समाधान नहीं होने वाला।धर्मापुर विकास खंड के कुछमुछ गांव के रहने वाले राजन मिश्रा ने वर्ष 2020 में वोल्टास की फ्रिज और वाशिंग मशीन एक साथ खरीदी। कुछ ही महीने में फ्रीज ने कूलिंग करना बंद कर दिया तो राजन मिश्रा ने कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज कराई। कई बार शिकायत करने पर तकरीबन एक महीने बाद फ्रीज रिपेयर हुई। अभी कुछ दिनों पहले वाशिंग मशीन भी खराब हो गई, चूंकि मशीन अभी वारंटी में चल रही थी तो इसकी शिकायत 24 जुलाई 2024 को कस्टमर केयर के नंबर पर दर्ज कराई गई। कस्टमर केयर की तरफ से बताया गया कि 48 घंटे में मकैनिक विजिट करेगा और मशीन बना दी जाएगी लेकिन एक हफ्ते से ज्यादा का समय गुजर गया और मकैनिक का आना तो दूर एक फोन कॉल तक मकैनिक की तरफ से नहीं आया।कस्टमर केयर वालों ने जौनपुर में उनके सर्विस सेंटर का नंबर दिया लेकिन जौनपुर के सर्विस सेंटर आरएस कम्यूनिकेशन वाले को फोन लगाते लगाते थक गए पर उनका फोन रिसीव ही नहीं किया जाता।

# जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के स्थापना, संचालन प्रबंधन आदि के संबंध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पशु चिकित्साधिकारी सोमवार और मंगलवार के दिन गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे और रजिस्टर पर अंकित करेंगे कि कितने पशु गौशाला में है। उन्होंने गौशालाओं में खड़ंजा, नाली, कीचड़ की समस्या की समीक्षा की और निर्देशित किया कि यदि कहीं भी समस्या हो तो उसकी सूचना संबंधित खड़ विकास अधिकारी को दिया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि गौशालयों में पर्याप्त संख्या में केयरटेकर नियुक्त किए जाएं और ऐसे केयरटेकर की नियुक्ति की जाए, जिनमें जिम्मेदारी और सेवा भाव की भावना हो।उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देशित किया कि शहर में निराश्रित गोवंश न दिखे। सोनीपुर वृहद गौशाला के निर्माण के संबंध में जानकारी ली और इस महीने के अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवंशो के भरण पोषण के भुगतान, भूसा टेंडर के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कान्हा गौशाला के लिए जगह चिन्हित करें। सभी गौशालाओं में सोलर लाइट, सीसीटीवी लगाए जाने के निर्देश दिए। विकास खण्ड धर्मापुर की चोरसण्ड और सुईथाकला के गैरवाह गौशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारी को दिए।

इस अवसर पर डीएफओ प्रवीण कुमार खरे, अपर पुलिस अधीक्षक शहर बृजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें - परिवहन निरीक्षक

**मुरादाबाद।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत संभागीय परिवहन कार्यालय में सोमवार को फिटनेस कैंप लगाया गया। कैंप में कुल 22 स्कूली वाहनों निरीक्षण किया गया व निरीक्षण के बाद उनको प्रमाण पत्र जारी किया गया। परिवहन निरीक्षक हरिओम ने बताया कि जो स्कूली वाहन मानक के अनुरूप नहीं थे, उन स्कूल संचालक को हिदायत दी गई है कि बिना फिटनेस वाहनों का संचालन न करें। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें, यदि कोई स्कूली वाहन खराब है तो उसका संचालन बच्चों को लाने या ले जाने में न किया जाए।परिवहन निरीक्षक ने आगे कहा कि स्कूली वाहनों के मानक सामान्य वाहनों से अलग हैं, स्कूली वाहन की स्पीड लिमिट 40 किलोमीटर प्रति घंटा निश्चित है । स्कूली वाहनों में पैनिक बटन, जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा इत्यादि होना अनिवार्य है। स्कूल चालक की निर्धारित वर्दी खाकी है एवं कंडक्टर की वर्दी स्लेटी कलर की है। यदि स्कूली वाहन में बच्चियां जाती है तो उनके लिए महिला कंडक्टर आवश्यक है।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक सम्पन्न

## अखण्ड भारत संकल्प दिवस को लेकर हुई विस्तृत चर्चा



**जौनपुर।** श्री हनुमान मंदिर सीहीपुर के प्रांगण में अन्तर्राष्टीय हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी बैठक हुई जहां मुख्य वक्ता के रूप में तरुण शुक्ल प्रान्तीय महामंत्री अन्तर्राष्टीय हिन्दू परिषद उपस्थित रहे। बैठक का संचालन चन्द्र प्रकाश तिवारी विभाग महामंत्री व सुधीर कुमार जिला मंत्री ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये श्री शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल/राष्ट्रीय छात्र परिषद अपने क्षेत्र के नौजवानों में खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन ग्राम, न्याय, नगर पंचायत, ब्लॉक, तहसील व जिला स्तर पर करायें। साथ ही आगे कहा कि सभी आयाम की समितियों का जल्द से जल्द गठन कर समिति सूची प्रान्त को भेजें।

आगामी 14 अगस्त से अखण्ड भारत संकल्प दिवस, नाग पंचमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन करना है। उन्होंने जिले में सभी के प्रयास से 200 श्री हनुमान चालीसा केन्द्र चलाए जाने का लक्ष्य भी रखा। इसी क्रम में प्रान्त अध्यक्ष राष्ट्रीय छात्र परिषद डॉ वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमें प्रेम सौहार्द की भावना से एकजुट होकर संगठन का कार्य करना चाहिए। आपस में वैमनस्यता व बुराइयों को दूर करने की आवश्यकता है। एडवोकेट प्रभाकर तिवारी उपाध्यक्ष हिन्दू एडवोकेट फोरम काशी प्रान्त ने कहा कि जिले में कार्य कर रहे सभी आयामों के प्रमुख अपनी समितियों का शीघ्र गठन कर संगठन के उद्देश्य के अनुरूप कार्य करें। इस अवसर पर राकेश श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, रमेश मिश्र विभाग उपाध्यक्ष, विवेक उपाध्याय जिला मंत्री, जितेन्द्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष, कृष्ण कुमार उपाध्याय महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, संजय शुक्ल वार्ड अध्यक्ष, गोविन्द कुमार, सचिन श्रीवास्तव, शैलू चौहान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नये कार्यकर्ताओं को सौंपा गया दायित्व

राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव उर्फ पंकज, नगर उपाध्यक्ष संतोष मिश्र, नगर महामंत्री शशांक सौरभ, नगर मंत्री सुजीत सिंह, नगर उपाध्यक्ष शिव कुमार वैश्य, राम आश्रय तिवारी उर्फ रामू ब्लॉक उपाध्यक्ष सिकरारा, संतोष सिंह ब्लॉक मंत्री सिकरारा, सुरेंद्र प्रजापति नईगंज वार्ड उपाध्यक्ष अन्तर्राष्टीय हिन्दू परिषद, जय सिंह चौहान उपाध्यक्ष नगर पंचायत गौराबादशाहपुर बनाये गये। इस पर उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से सभी नये पदाधिकारियों का स्वागत किया। यह मनोनयन अहिप के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने सभी से विचार–विमर्श करके यह घोषणा किया जिस पर सभी ने सहमति जतायी।

# करदाता राष्ट्र हितैषी है- डॉ अनुभव अग्रवाल

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में "इनकम टैक्स: ओल्ड रेजीम वर्सस न्यू रेजीम" शीर्षक पर सेमिनार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग के द्वारा सोमवार में ÷इनकम टैक्स÷ ओल्ड रेजीम वर्सस न्यू रेजीम÷ शीर्षक पर सेमिनार हॉल में एक विशेष व्याख्यान आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने आमंत्रित वक्ता सीए डॉ. अनुभव अग्रवाल को पौधा प्रदान करके सम्मिलित छात्राओं को कार्यक्रम की महत्वता बताकर एवम शुभकामनाएं देकर की। इसके उपरान्त सीए डॉ. अनुभव अग्रवाल ने आयकर नई व्यवस्था के विशेषताओं, प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को समझाया की यह कैसे पुरानी व्यवस्था से भिन्न है और एवम करदाता - राष्ट्र हितैषी है।
कार्यक्रम के आयोजन से लेकर सफलतापूर्वक संपन्न होने में विभाग की वरिष्ठ फैकल्टी डॉ. संगीता अग्रवाल, वाणिज्य विभाग समन्वयक एवम डॉ. अर्पिता घोष ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही कार्यक्रम का संचालन डा. आयुषी अग्रवाल ने तभी धन्यवाद ज्ञापन सुमित शर्मा ने किया।

## पी0जी0ए0टी0 भूगोल अर्थशास्त्र एवं हिंदी में एडमिशन आज से

प्रयागराज। प्राचार्या जगत तारन गर्ल्स पी0जी0 कालेज ने बताया हैं कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा पी0जी0ए0टी0 2023 में सम्मिलित छात्राएं जो भूगोल, अर्थशास्त्र एवं हिन्दी विषय में एम0ए0 में प्रवेश लेना चाहती हैं, वे महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर https://admissions.jtgdc.ac.in/ पर 06 अगस्त से ऑनलाइन फार्म भरकर प्रोसेसिंग शुल्क रू0 200/- जमा करें। भरे हुए फार्म का प्रिन्टआउट लेकर समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लगाकर अपने मूल प्रमाणपत्रों एवं मूल टी0सी के साथ महाविद्यालय में 09 अगस्त से 11.00 से 1.00 बजे तक सीट आबंटन के लिए सम्पर्क करें। महाविद्यालय में काउंसिलिंग के बाद फीस का विकल्प महाविद्यालय के एडमिन पोर्टल पर दिया जायेगा। प्रथम चरण में विषयवार कट ऑफ एवं हेल्प लाइन नम्बर महाविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट jtgdc.ac.in को देखती रहें।

## सेंध काटकर चोरों ने खंगाला घर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के सारंगपुर निवासी मानिक चंद्र शर्मा पुत्र स्व जयराम शर्मा बीती रात परिवार के साथ घर में सोया थी अज्ञात चोरों ने दीवाल मे सेंध कर घर मे रखा बक्सा उठा ले गये जिसमें कुछ रुपये, राशन कार्ड व आधार कार्ड सहित सामान उठा ले गये मानिक चंद शर्मा ने बताया कि मेरे घर मे कई बार सेंधामारी हुआ लेकिन आज तक हमारा मुकदमा दर्ज नही हुआ ग्रामीणों का कहना हैं कि जब से देशी शराब का ठेका खुला है तब से आये दिन इस तरह की घटनाये आम बात हो गई है सूचना पाकर चौकी प्रभारी रवि कटियार अपने हमराहियों के साथ मौका मुआयना किया और कहा कि शराब के दुकान के खुलने और बंद होने का समय समय पर चेकिंग होती रहती हैं अगर नियम विपरीत दुकान खुली मिली तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी आगे उन्होंने कहा कि चोरी का खुलासा जल्द से जल्द किया जायेगा ।

## भारत स्काउट एंड गाइड की आवासीय शिविर में चौथे दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को बताई गई बारीकियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र भारत स्काउट एंड गाइड मुख्यालय उत्तर प्रदेश के निर्देशन में बेसिक कोर्स सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्काउट एंड गाइड के पाठ्यक्रम की बारीकियां को शिविर को संचालन करने के लिए आए सोनभद्र जनपद से सैयद अनवर हुसैन स्काउट प्रशिक्षक,विजेंद्र कुमार विश्वकर्मा जौनपुर, नितेश प्रजापति प्रतापगढ़, प्रतिमा सिंह व भानुमति रायबरेली के प्रशिक्षक ने अपने व्याख्यान और प्रयोगात्मक ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने आए 24 स्काउट सेक्सन व 23 गाइड सेक्सन के शिक्षक और शिक्षिकाओ को प्राथमिक सहायता,आपात स्थिति में घायल की कैसे मदद करें, किसी जानवर या कीटाणु, सांप ,कुत्ता बंदर के काटने पर पहली सहायता कैसे करे व घायल मरीज़ को डॉक्टर हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर



अथवा हाथो से सीट बनाकर पहली सहायता कैसे करें उसके बारे में बारीकियां से बताया। डॉक्टर्स के पास ले जाना, हार्ट अटैक के वक्त पी सी आर की प्रक्रिया,कृत्रिम सांस देना, किसी व्यक्ति को डूबने से कैसे बचाया जाये, विभिन्न प्रकार की पट्टी जैसे सर की पट्टी, हाथ की पट्टी, पैर की पट्टी, कुहनी की पट्टी आदि मेडिकल बॉक्स में रखी जाने वाली मेडिकल सामग्रियों तथा दुर्घटना हो जाने पर, बुखार या अन्य प्रकार की बीमारियों के हो जाने पर प्राथमिक उपचार के तरीके बताये। वहीं शिविर में स्काउट एंड गाइड सेक्सन ग्रुप की ज्योति मिश्रा ने कैम्प फायर कार्यक्रम में अपने लोकगीत व संगीत के द्वारा वहां मौजूद लोगों को मंद मुक्त कर दिया।शिविर को मुख्य रूप से गति प्रदान करने के लिए सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट प्रयागराज मंडल कमलेश द्विवेदी द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। इस सात दिवसीय आवासीय शिविर में मुख्य रूप से एम आर शेरवानी इंटर कॉलेज के इरशाद अहमद,ज्योति मिश्रा,आराधना, स्वान्त रंजन त्रिपाठी,रानी दुबे, आकांक्षा चौहान, संदीपा सिंह, पूनम देवी,नरेंद्र सिंह,अविनाश मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विजय कुमार, प्रवीण कुमार, विनीता राय, सीमा भरती, राशि शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# शशि कांत त्रिपाठी ने किया उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज 2009 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व शशिकांत त्रिपाठी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (माल) प्रयागराज का दायित्व निभा रहे थे। उन्होंने यह पदभार निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के उत्तर रेलवे स्थानान्तरण होने के उपरांत ग्रहण किया।
शशि कांत त्रिपाठी मूलतः चित्रकूट के रहने वाले हैं और उन्होंने स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से और परास्नातक की शिक्षा जेएनयू दिल्ली से ली है। शशि कांत त्रिपाठी की छवि एक तेज़ तर्रार अफसर की है



एवं वह उत्तर रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने 2012 में उत्तर रेलवे के फ़िरोज़पुर मण्डल में सहायक मण्डल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्य शुरू किया था। उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक एफ़ओआईएस, आगरा मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक गुड्स, झांसी में मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया। शशि कांत त्रिपाठी को झांसी मंडल में गतिशीलता और रेत, फ्लाईएश व बाजरा माल लदान के उत्कृष्ट कार्य के लिए 2021 राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# धारा 370 मां भारती के माथे का कलंक था- भाजपा

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण राष्ट्र का गौरव– राजेश केसरवानी

**प्रयागराज।** भाजपा मुट्ठीगंज मंडल के द्वारा मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका में धारा 370 के धराशाई होने के पांचवी वर्षगांठ पर एवं श्री राम जन्मभूमि भूमि पूजन के चौथी वर्षगांठ को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि धारा 370 भारत माता के माथे का कलंक था और देश की एकता और अखंडता की सबसे बड़ा नासूर था। जो कश्मीर को भारत से अलग करने का पाप कांग्रेस ने अपनी घटिया राजनीतिक वोट बैंक के लिए किया था। एक ही देश में नेहरू सरकार ने दो विधान, दो निशान, दो प्रधान, को लागू कर देश की एकता अखंडता को तार तार किया था जिसको लेकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए नेहरू और शेख अब्दुल्ला के खिलाफ धारा 370 के विरोध में आंदोलन किया और मां भारती के लिए बलिदान हो गए।
श्री केसरवानी न आगे कहा कि आजादी के 70 वर्षो तक कांग्रेस ने धारा 370 के द्वारा कश्मीर के अंदर आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ावा दिया और कश्मीर को भारत से अलग करने का षड्यंत्र रचा लेकिन आज से 5 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व में धारा 370 को धराशाई कर दिया गया और और कश्मीर के अंदर चल रहे दो निशान, दो प्रधान, दो विधान समाप्त कर दिया गया और आतंकवादियों को बना देने वाले और अलगाववादी नेताओं को जेल के सलाखों के अंदर भेज दिया गया है और कहा कि धारा 370 की समाप्ति से जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के युग की एक नई शुरुवात हुई है और अभूतपूर्व सामाजिक और आर्थिक विकास हो रहा है। कभी आंतकी हॉटस्पॉट कहे जाना वाला जम्मू-कश्मीर आज आतंक के साये से बाहर निकलकर पर्यटन का हॉटस्पॉट बन रहा है।
बैठक की अध्यक्षता मंडल के महामंत्री एवं संयोजक अजय अग्रहरि ने किया। संचालन शत्रुघ्न जायसवाल ने किया।
इस अवसर पर अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, किशन चंद्र जायसवाल, अभिलाष केसरवानी, प्रतीक मालवीय, कमलेश केशरवानी, पद्माकर श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, श्रेष्ठ कुमार, विकास चौरसिया, सचिन गुप्ता आदि मंडल की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में मिलेगी निर्बाध बिजली तेजी से किया जा रहा कार्य

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के दृष्टिगत निर्माणाधीन 132/33 केवी उपकेंद्र छमता के एक नग परिवर्तक एवं इससे संबंधित दो नग ट्रांसमिशन लाइनों को 3 अगस्त को ऊर्जीकृत कर लिया गया है। दूसरे पावर ट्रांसफार्मर को भी अगले सप्ताह तक ऊर्जीकृत कर दिया जाएगा। लगभग 40 करोड़ की धनराशि से निर्मित उपरोक्त ट्रांसमिशन उपकेंद्र एवं लाइनों के द्वारा महाकुंभ 2025 के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु प्रयोग में लाया जायेगा। उपरोक्त ट्रांसमिशन उपकेंद्र से वितरण स्कंध के द्वारा निर्माणाधीन कुल 5 नग 33 के.वी. के फीडरों के द्वारा न्यू झूंसी, उस्तापुर, हेतापट्टी, आवास विकास एवं कोहना वितरण उपकेंद्रों को जोड़ा जाएगा। उपरोक्त 33 के.वी. फीडरों का निर्माण इस माह के अन्त तक पूरा होने की संभावना है। संयोजित होने वाले वितरण उपकेंद्रों द्वारा मेला क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जाएगी एवं अब उक्त सभी वितरण उपकेंद्र 220 के.वी. झूंसी उपकेंद्र सहित नए हेतापट्टी उपकेंद्र से भी जुड़ जाने के कारण दो ट्रांसमिशन उपकेंद्रों से जुड़ जाएंगे। उपरोक्त उपकेंद्र के निर्माण से क्षेत्र में बढ़ते हुए विद्युत मांग की आने वाले समय में प्रतिपूर्ति भी की जा सकेगी एवं आम जन मानस को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति किया जाना संभव हो सकेगा। इसके अतिरिक्त कुंभ कार्यो के अंतर्गत दो प्रेषण उपकेंद्रों 132 के.वी मिंटो पार्क एवं 132 के.वी ओल्ड पावर हाउस को अतिरिक्त स्रोत प्रदान कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 4.5 किलोमीटर केबिल बिछाकर जोड़ने का काम भी किया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## ईश्वरपुर पुणेश्वर महादेव मंदिर पर कजरी महोत्सव का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव।** विधानसभा प्रतापपुर के ईश्वरपुर गांव मे सोमवार को अमृत म्यूजिक बिरहा चैनल की तरफ से कजरी गीत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे प्रयागराज व पूर्वांचल के कलाकर उपस्थित रहे।बिरहा लोकगीत कलाकारो द्वारा कजरी गीत गाया गया। कजरी गीत सुनकर उपस्थित सभी लोग झूम उठे और सावन आया बादल छाया गाने की बेहतरीन प्रस्तुति की गयी। सावन का पवित्र महीना चल रहा है सावन महीने मे कजरी गीत गाने और झूला झूलने की लोक परम्परा रही है। सावन के महीने मे चारो तरफ



हरियाली दिख रही है। बनारस, मिर्जापुर, प्रयागराज मे कजरी गीत का महत्व है। इस मौके पर रामकरण यादव, अमृत म्यूजिक बिरहा के प्रोपाईटर राज प्रेमी मौर्या, कवि धर्मराज मेजर, भईयाराम पटेल,संतोषी सिंह पटेल, बचाईराम, बिजली, लालमणि निर्मल कवि, कुंवर बहादुर, मिट्ठू लाल, मनोज, महेंद्र कुमार रशीला,रामअनुज गौड़ , रामबाबू भारती,चंदन, राजेश राम बहादुर, श्यामधर बिन्द,प्रिया पंखुड़ी आदि कलाकर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गौरव की पहचान है तिरंगा - राकेश कुमार कुशवाहा

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** तिरंगा सिर्फ तीन रंगों वाला एक ध्वज ही नहीं बल्कि यह हमारे देश के राष्ट्रीय गौरव की शान और पहचान है । उक्त बातें आजादी के महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने व्यक्त की ।
कैथवल के एसएम पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में तिरंगा की राष्ट्र का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि हर देशवासी अपने इस झंडे से जितना प्यार करता है । उतना ही इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए मेहनत भी करता है । इस झंडे की आन - बान- शान को बनाएं रखने



के लिए अब तक हजारों सैनिकों ने अपनी कुर्बानी दी है । झंडे के मौजूदा रूप को 22 जुलाई 1947 भारतीय संविधान सभा की बैठक के दौरान अपनाया गया था । उन्होंने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं । इस लिए हमें हर घर तिरंगा आन्दोलन को मजबूत करने की आवश्यकता है । क्योंकि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को और गहरा करेगा । इस मौके पर प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा, राजेश्वरी कुशवाहा , शिव सूरति सिंह, सोनू पाल, राहुल तिवारी, पूनम सिंह, प्रीति सिंह, नव्या कुशवाहा, विभा तिवारी , मधू जी आदि लोग रहे ।

# रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने बच्चों को सिखाया विचारों को व्यक्त करना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने आज सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को अपने विचारों को व्यक्त करना सिखाया। बच्चों को ज़ीरा चीनी और साबुन के प्रयोग के साथ कम्युनिकेशन स्किल सिखाए गए। क्लब अध्यक्ष राधा सक्सेना ने बच्चों को बताया कि कम्युनिकेशन स्किल बातचीत करने और अपनी भावना को व्यक्त करने की एक कला है। इसके लिए वे अपनी बॉडी लैंग्वेज को सही रखें, दूसरों की बातें ध्यान से सुनें , पहले सामने वाले को समझें , सही शब्दों का प्रयोग करें,



प्वाइंट टू प्वाइंट बात करें, आँखों का संपर्क बनाए रखें और बातचीत करते वक्त आत्मविश्वास दिखना बेहद ज़रूरी है। स्कूल की प्राध्यापिका वेदांती पाठक ने क्लब को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# थाने से छोड़ा गया हत्या का मुख्य आरोपी

## बताया जाता है उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य का करीबी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज गोलीकांड के मुख्य आरोपी को थाने से छोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि 10 नामजद आरोपियों की लिस्ट में जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव उर्फ हिंदू का नाम पहले नंबर पर था। अभिषेक ने ही मेरे बेटे को गोली मारी थी। डिप्टी सीएम केशव मौर्य का करीबी होने से पुलिस ने उसे थाने से छोड़ दिया।
डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ अभिषेक और उसके पिता की तस्वीरें भी सामने आई हैं। पीड़ित परिवार ने जान का खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री योगी से न्याय की गुहार लगाई।
घटना बहरिया इलाके के धम्मौर गांव की है। यहां 50 लाख कीमत के मकान को लेकर 30 जुलाई को हुई फायरिंग में दो युवकों को गोली लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया।
मृतक की पहचान सारी पत्ती बहरिया के रहने वाले मुलायम यादव (22) पुत्र रामा यादव के रूप में हुई। वहीं, घायल अभयपुर निवासी जितेंद्र यादव पुत्र पारसनाथ यादव को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि हमारे ऊपर मऊआइमा के जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव ने अपने साथियों के साथ हमला किया। राइफल तमंचे और लाठी-डंडे लेकर हमारे ऊपर टूट पड़े। अभिषेक यादव ने मुलायम के सीने में गोली मारी। सुरेंद्र की जमीन का विवाद था, उसके लिए ही यह सब कछ किया गया।
मृतक मुलायम यादव के पिता रामा यादव ने बताया कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी अभिषेक यादव को पुलिस ने मौके से पकड़ा था, लेकिन उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की। उसे छोड़ दिया गया। पुलिस दबाव में आकर अपराधियों की मदद कर रही है। अभिषेक यादव ने ही मेरे बेटे के सीने में गोली मारी थी। मैं अपने परिवार के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय की गुहार लगाने लखनऊ जाऊंगा। रामा यादव ने कहा कि पुलिस अभिषेक यादव को पकड़कर ले गई थी। कई घंटे उसे थाने में रखा, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। जितेंद्र यादव ने खुद पुलिस को बताया था कि कैसे अभिषेक ने ही सीने में गोली चलाई। उसका वीडियो भी हमारे पास है।
बहरिया थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने कहा कि तहरीर में अभिषेक यादव को नामजद किया गया है। लेकिन जांच में अभिषेक यादव की वहां मौजूदगी नहीं नजर आई, इसलिए छोड़ दिया गया है। अभी जांच की जा रही है।

## दूषित पानी पीने से भदवां गांव में फैला डायरिया, चार लोगों की मौत कई पड़े हैं बीमार

### 2 दिन से स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव और दवाइयां कर रही है वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया तहसील के ब्लाक सैदाबाद अंतर्गत भदवां गांव में डायरिया के प्रकोप से एक सप्ताह के अंदर चार लोगों ने दम तोड़ दिया है। वहीं दर्जनों लोग बीमार पड़े हैं। दो दिन से लगातार स्वास्थ विभाग की टीम गांव में पहुंचकर ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव और दवाइयां वितरित कर रही है। बीमार लोग प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। भदवां गांव सभा की प्रजापति बस्ती के लोग कुएं और हैंडपंप का पानी पीते हैं। बताया जाता है कि दूषित पानी पीने से अब तक प्रजापति बस्ती में लगभग दो बच्चों और दो बुजुर्ग समेत चार लोगों ने दम तोड़ दिया है। बस्ती के अधिकांश लोग उल्टी और दस्त से पीड़ित है
दर्जनों लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान पति राम अचल के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में डायरिया के संबंध में सूचित किया गया तो। गांव में 2 दिन से स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर गांव की सफाई ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और पीड़ित लोगों को दवाइयां वितरित किया गया। बताया जाता है कि अभी तक डायरिया का प्रकोप थम नहीं पाया है जिससे लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंचकर निगरानी रखेगी। प्रधान पति रामअचल ने बताया कि प्रजापति बस्ती में आज भी लोग कुएं के पानी से प्यास बुझा रहे हैं। जिसकी वजह से बरसात में लोग डायरिया के चपेट में आ गए हैं। डायरिया से एक सप्ताह के अंदर चार लोगों ने दम तोड़ा है। जिसमें रोहित प्रजापति का लड़का और छब्बू की मां और उसकी नातिन तथा एक मुसहर जाति की चनरी देवी की डायरिया से मौत होना बताया जा रहा है । दो वृद्ध के अलावा दो बच्चों की मौत से गांव के लोग सदमे में हैं।

# विकास परिषद के सदस्यों ने किया वृक्षारोपण, लिया गीत संगीत का आनंद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गत रविवार को डा. पी.के. सिन्हा, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज, अध्यक्ष/संस्थापक, बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति एवं आर.एस. वर्मा, अध्यक्ष, गवर्नमेंट पेंशनरों वेल्फेयर एसोसिएशन वृक्षारोपण विकल्प आवासीय परिसर, ग्राम तेंदुई ,ब्लॉक बहादुरपुर, प्रयागराज में आयोजित किया गया।
जिसमें दोनो संस्थाओं एवं भारत विकास परिषद, त्रिवेणी शाखा के सदस्यों द्वारा पूर्व में लगाये गये वृक्षों का निरीक्षण किया गया एवं उनके फलने फूलने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई । साथ ही साथ एक पेड़ माँ के नाम के तहत सदस्यों/पदाधिकारियों ने कई और फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गए। इसके पश्चात सभी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीत संगीत का आनंद लिया गया तत्पश्चात सहभोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सर्वश्री आर.एस. वर्मा, डा. पी.के. सिन्हा, जयश्री, सुधा प्रकाश, उमेश शर्मा,डॉ वी के श्रीवडतावा, आर.डी. कुशवाह, भगवती प्रसाद, डा. अरविंद दरबारी, कन्हैयाअग्रवाल,राजीव माहेश्वरी,साधु शरण उपाध्याय,वेद प्रकाश,एम एच चौधरी के अलावा बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति के कार्यकर्ता सर्वश्री विनीत राय, महेन्द्र कुमार, मीनू सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि ने कार्यक्रम संपन्न कराने में अपना सक्रिय योगदान दिया।
अन्त में आयोजक डा. पी.के. सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# क्रिकेट में योगदान के लिए आरपी भटनागर सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर को क्रिकेट में उनके विशेष योगदान के लिये चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज के पुरा छात्र सम्मेलन के दौरान सम्मानित किया गया।सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। आरपी भटनागर




1960-61 में सीएमपी के छात्र रहे थे और वहीं से अपनी स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। आरपी भटनागर ने उत्तर प्रदेश की रणजी टीम में भी जगह बनाई और कई साल तक वह यूपीसीए के चयनकर्ता रहे थे।

# कांवरियों की टोली काशी धाम को जल लेकर हुई रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** सावन के तीसरे सोमवार को कांवरियों का एक जत्था काशी विश्वनाथ धाम के लिए निकला। बहरिया ब्लाक के कहली गांव में बोल बम का नारा, बाबा एक सहारा का नारा लगाते हुए कांवरियों की एक टोला बाबा विश्वनाथ धाम के लिए निकल पड़ी। जिस कांवरियों की टोली को भारी तादाद में ग्रामीणों ने उनकी अगवानी के लिए डीजे पर भक्ति गानों के साथ काफी दूर तक छोड़ने के लिए पहुंचे। कांवरियों की



टोली में गप्पू सिंह, भाई लाल पटेल, मानसिंह, मुन्ना लाल गुप्ता, बंशी लाल गुप्ता, कमलेश कनौजिया, विजय कुमार मौर्य, बबलू सिंह, रघुनाथ पटेल आदि लोग कांवर लेकर काशी विश्वनाथ धाम के लिए निकल पड़े। इन कांवरियों का पूरा गांव स्वागत किया।

# महाकवि कालिदास कृत अभिज्ञान शाकुंतलम नौटँकी प्रस्तुति आज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लोक कलाओं के उत्तरोत्तर विकास के लिए सतत प्रयत्नशील अग्रणी संस्था स्वर्ग रंगमंडल द्वारा महाकवि कालिदास की कालजयी रचना %अभिज्ञान शाकुन्तलम% की नौटँकी प्रस्तुति अतुल यदुवंशी के निर्देशन में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में कल 6 अगस्त को सांयः 6 बजे से मंचित की जाएगी।

# संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही सरकार-श्याम लाल पाल

## समाजवादी चिन्तक पं0 जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती मनायी गयी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा जनपद मु यालय पर संविधान मान स्त भ विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया साथ ही समाजवादी चिंतक विचारक पंडित जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती भी मनायी गयी। संगोष्ठी की अध्यक्षता सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डी0पी0 पाल एवं संचालन महामंत्री अरशद खान ने किया। संगोष्ठी को स बोधित करते करते कार्यक्रम के मु य अतिथि समाजवादी पार्टी उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। साथ ही सरकार की मंशा संविधान समाप्त करने की है इसी कारण लोक सभा में सिंगौर स्थापित किया गया है जो राजतंत्र का प्रतीक है। सरकार के इस गलत मंसूबे को चकनाचूर करने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोकतंत्र को बचाने के लिए संविधान मान स्त भ की स्थापना कार्य प्रत्येक जनपद मु यालय पर किया गया है। संगोष्ठी को स बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पं0 जनेश्वर मिश्र जी व्यक्ति नहीं एक विचार धारा थे अन्याय के खिलाफसंघर्ष में उनका हल्ला-बोल का नारा आन्दोलन को मजबूत करता था। कई बार मंत्री सांसद रहने के बावजूद उनके पास निजी घर नहीं था वे छोटे लोहिया के नाम से जाने जाते थे। बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि ज्योतिबा राव फूले से लेकर छत्रपति शाहू जी महराज, बाबा साहब भीम राव अ बेडकर, डा0 राम मनोहर लोहिया, मुलायम सिंह यादव के समाजवाद व समता मूलक समाज का जो समावेश संविधान में किया गया है मोदी सरकार उसे समाप्त करना चाहती है जिसे समाजवादी लोग पूर्ण नहीं होने देंगे। हरचन्दपुर विधायक राहुल लोधी ने कहा कि 26 जुलाई 1902 को कोल्हापुर स्टेट के छत्रपति शाहू जी महाराज द्वारा 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी जिसे बाबा साहब ने 26 जनवरी 1950 को संवैधानिक दर्जा दिया।समाजवादी मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धनी राम श्रमिक ने कहा कि मौजूदा सरकार मनरेगा के मजदूरों का शोषण कर रही हैं। 09 अगस्त को हर जनपद में प्रदर्शन किया जायेगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा ने कहा कि पी0डी0ए0 ही एन0डी0ए0 को हरायेगा। सरेनी विधायक प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख लालगंज दिव्या बर सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव ने जो रणनीति बनायी है 2027 में उ0प्र0 में सपा सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्याय मूर्तियों को सेवानिवृत्त होने के बाद किसी पद पर आसीन ने करने का प्रविधान किया जाय पद के लालच में न्याय प्रभावित होता है। सपा के पूर्व अध्यक्ष आर0पी0 यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने अन्तिम सांस तक संघर्ष किया। अपनी मृत्यु के एक सप्ताह पूर्व इलाहाबाद में आन्दोलन की अगुवाई की थी। सलोन के प्रत्याशी चौधरी सुरेश कुमार निर्मल ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के मिशन को समाप्त करना चाहती है लेकिन पी0डी0ए0 मिशन को आगे बढायेगा। सपा के वरिष्ठ नेता शशिकांत शर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने सन् 1981 में रायबरेली में लोक सभा चुनाव लड़ा था। रायबरेली से उनका विशेष लगाव था इस अवसर पर शिव मूर्ति सिंह राना, मोहसिन चौधरी, पवन पटेल, आफ्ताब अहमद रज्जू खान, मुनेश्वर पासी, मेहरबान सिंह यादव, धनीराम मौर्या, सुरेश पटेल, राजेन्द्र यादव, मो0 फ्हीम, आई0 जावेद, सन्दीप शुक्ला, रामू अनाडी, शुभम लोहिया, शिव दुलारी यादव, रामनेवाज, जे0पी0 यादव, ममता यादव, कु0 अल्का यादव एडवोकेट, जगतपाल, सौरभ यादव, योगेश्वर पटेल, ब्रजेन्द्र चौधरी, पुत्तन यादव, रामनाथ, राकेश यादव, जगदेव यादव, रेहान कजियाना, आदर्श यादव, विनोद यादव, हसनैन खान, आनन्द चौधरी, डा0 यूसुफ मंसूरी, अरशद सुल्तान, भूपेन्द्र सिंह, नीलेश सिंह, राजेश मौर्य, भुनेश्वर पासी, मिश्री लाल चौधरी, बब्लू अल्हौरा, विनायक सोनकर, अरूण प्रताप यादव, शकील मंसूरी, जे0पी0 यादव, बुधेन्द्र सिंह, समर यादव, डॉ0 संत लाल, देशराज यादव, भानु पटेल, आशुतोष यादव, नरेन्द्र यादव, देवराज यादव, जितेन्द्र सिंह, हसनैन अहमद, अरशद सुल्तान, विन्देश्वरी पासी, सुरेश पासी, राम किशोर पुजारी, इं0 आदर्श यादव, भीम सिंह, छविनाथ यादव, महादेव यादव, देशराज पप्पू, आलोक यादव, मदन यादव आदि लोगों नें पंडित जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान मान स्त भ संगोष्ठी पर अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान एवं आरक्षण की रक्षा हेतु संकल्प लिया इस अवसर पर हजारो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने ली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी जिले द्वारा जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी परिषद की सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। अझुवा नगर के धर्मा देवी इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सदस्यता ग्रहण किया। वही सिराथू नगर के धनपति देवी इंटर कॉलेज में भी हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद पर विश्वास जताते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की चार दिवसीय प्रवास पर आए प्रांत इंटर कॉलेज संयोजक रमेश सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से देश के छात्र-छात्राओं के भीतर राष्ट्रवाद का भाव जागृत करने का काम कर रही है। विभिन्न आयाम एवं गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहती है। और साथ ही साथ विद्यार्थी परिषद की कार्य करणीय मंत्र जहां-जहां परिसर वहां वहां परिषद का मूल मंत्र लेकर विद्यार्थी परिषद देश के विभिन्न कालेज कैंपस में जाकर सदस्यता के लिए प्रेरित कर रही है। विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस में 365 दिन कार्य करने वाला एकमात्र अनूठा छात्र संगठन है।

कौशाम्बी जिले में यूपी बोर्ड में हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियांशी मौर्य ने भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पर विश्वास जताते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की, प्रियांशी मौर्य ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए गए मिशन साहसी कार्यक्रम से प्रभावित होकर देश के सभी छात्र बहाने विद्यार्थी परिषद की संस्था ले रहे हैं विद्यार्थी परिषद सदैव नारी सुरक्षा व नारी सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहती है जिला सदस्यता प्रमुख शिवांशु शुक्ला ने बताया की सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलने के लिए सभी तहसील स्तर पर एवं नगर स्तर पर टोलियां बनाई गई है।

जो आगामी योजना बनाकर सदस्यता को संचालित कर रहे हैं इस दौरान जिला संयोजक शिवबाबू चौधरी ,तहसील सह संयोजक कुलदीप सिंह, तहसील सह संयोजक आनंद सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनूप पटेल, नगर मंत्री नीरज सिंह, नगर सह मंत्री नीरज कुमार ,एसएफ्डी संयोजक अंकित कुमार, पवन भट्ट सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाया।

# रहस्यमय परिस्थिति मे विवाहिता फंदे से झूली 108 एम्बुलेंस कर्मचारी की सूझबूझ से बची जान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत घोसारा गॉव का रहने वाला रोहित मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को पत्नी सुषमा से कुछ कहासुनी के बाद रोहित रोज की तरह अपने काम पर चला गया था। सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे सुषमा घर में ही दरवाजा बंद करके फांसी लगा ली। घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर सुषमा को फ्दे से नीचे उतारा और तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना मिलते ही 10 मिनट के अंदर ही 108 एम्बुलेंस मरीज के घर पहुंच गयी। एम्बुलेंस पर मौजूद ईएमटी ओम प्रकाश सिंह ने फोन पर ही मरीज सुषमा की स्थिति का जायजा लेते हुए पूरी तैयारी के साथ घर पहुचे थे। ईएमटी ओम प्रकाश द्वारा सुषमा का बीपी, पल्स, ऑक्सीजन लेवल चेक करने पर कुछ भी नहीं बता रहा था, तो तत्काल ओम प्रकाश ने सुषमा को सीपीआर देना शुरू किया फ्रि पल्स बीपी और ऑक्सीजन बताने लगा। फ्रि ओम प्रकाश ने सुषमा को गंभीर स्थिति में एम्बुलेंस पर शिफ्ट किया और रास्ते में एम्बुलेंस पर मौजूद उपकरण एनआरबीएम 15 लीटर लगाकर बीवीएम किया और ऑक्सीजन की सप्लाई देते हुए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया। एम्बुलेंस पायलट शिवम् कुशवाहा ने कुशलता पूर्वक एम्बुलेंस को चलाते हुए मरीज सुषमा को समय से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

# एआरके कॉलेज ऑफ फार्मेसी में छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया टैबलेट

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने वितरित किया टैबलेट





**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र में एआरके कॉलेज ऑफ फार्मेसी में टैबलेट वितरण करने का आयोजन किया गया।

जिसमें कॉलेज में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जो अपने हाथों से सैकड़ो छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कर कार्यक्रम संपन्न कराया।

बता दें सराय अकिल क्षेत्र के एआरके कॉलेज ऑफ फार्मेसी चौपुरवा रक्सराई में आज सोमवार को छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण का आयोजन रखा गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने सैकड़ो छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कर संपन्न कराया ,सैकड़ो छात्र छात्राओं ने टैबलेट पाकर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर को धन्यवाद दिया मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष अजीत कुमार कुशवाहा रजिस्ट्रार शोएब अहमद प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल परीक्षा नियंत्रक मोहम्मद फ्रहान वरिष्ठ लिपिक शैलेंद्र मौर्य एवम दिलीप कुशवाहा जयप्रकाश दिवाकर सीमा विश्वकर्मा प्रियांशु यादव रंजीत कनौजिया पद्माकर द्विवेदी आदि शिक्षक एवम मोहम्मद आजम मोहम्मद सेबू मौजूद रहे।

# सभी उपभोक्ता 31अगस्त तक कराए केवाईसी

**लाकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** हाल ही में एक कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने सभी एलपीजी गैस कनेक्शन धारकों के लिए सब्सिडी प्राप्त करना जारी रखने के लिए ई-केवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर) को अनिवार्य कर दिया है। ई-केवाईसी प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सत्यापित करना और धोखाधड़ी के दावों को रोकना है।

ई-केवाईसी वास्तविक सब्सिडी प्राप्तकर्ताओं की पहचान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य पहचान प्रमाण जैसे दस्तावेजों का उपयोग करके बायोमेट्रिक सत्यापन शामिल है जो लाभार्थी की आर्थिक स्थिति को दर्शाते हैं। सरकार पात्र ग्राहकों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रत्येक रिफिल पर सब्सिडी प्रदान करती है। ई-केवाईसी को लागू करके, अधिकारी यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सब्सिडी केवल इच्छित लाभार्थियों तक ही पहुंचे। शुरुआत में ई-केवाईसी पूरा करने की समय सीमा 30 जून तय की गई थी। हालांकि, यह देखते हुए कि कई लाभार्थी समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए, सरकार ने समयसीमा बढ़ा दी है।

जिन ग्राहकों ने अपना ई-केवाईसी पूरा नहीं किया है, उन्हें तब तक सब्सिडी पर अस्थायी रोक का सामना करना पड़ सकता है, जब तक वे इसका अनुपालन नहीं करते। अजुहा कस्बे में स्थित शिव शंकर गैस एजेंसी के प्रोपराइटर योगेश्वर सिंह ने बताया की सभी इंडियन एल पी जी गैस व बेसिक सेफ्टिक चेक के वाई सी की प्रकिया चल रही है । सभी उपभोक्ता 31 अगस्त तक एजेंसी में आकर अपना के वाई सी करा ले ।

# टी-20 संस्करण दो में टीम काशी रुद्राक्ष के लिए चयनित हुए खिलाड़ी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सरांय अकिल क्षेत्र नेवादा इमली गांव में विद्या भारती क्रिकेट ग्राउंड, इमलीगांव में टी-20 संस्करण दो के तहत टीम काशी रुद्राक्ष के दो दिवसीय कैंप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह ट्रायल विश्व हिन्दू क्रिकेट ग्राउंड, बनारस में आयोजित हुआ था, जिसमें विद्या भारती के खिलाड़ी अजय मिश्रा का चयन किया गया।

अजय मिश्रा का चयन 7 अगस्त से 9 अगस्त तक कानपुर के क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय कैंप के लिए हुआ है। यह उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और उन्होंने इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक, श्री श्रीप्रकाश शुक्ला, ने अजय मिश्रा की सफ्लता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ष्अजय मिश्रा की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे इसी तरह सफ्लता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।ष्इस सफ्लता ने विद्या भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों और खिलाड़ियों में भी जबरदस्त उत्साह और प्रेरणा का संचार किया है। सभी खिलाड़ियों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है और वे आने वाले प्रतियोगिताओं में भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

# श्रवण माह के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करते श्रद्धालु भक्तगण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** प्राचीन शिव मंदिर महेश बाबा के स्थान पर श्रावण माह के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करते श्रद्धालु भक्तगण एवं महिलाएं प्राचीन शिव मंदिर महेश बाबा के स्थान पर सावन के महीने में क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तगण जलाभिषेक करने आते हैं एवं भंडारे का आयोजन करते हैं महिलाएं सोमवार का व्रत रखकर महेश बाबा का पूजन कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करती है।

# पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट के लिए विदाई समारोह आयोजित व नवागंतुक सिटी मजिस्ट्रेट का किया गया सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** आल इंडिया उद्योग व्यापार मण्डल चौहानगुट के तत्वाधान में रायबरेली जिले के सुपर मार्केट मे स्थित पायल होटल मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम जी की विदाई का समारोह रखा गया। रायबरेली मे बिताए गए उनके समय और किए गए कार्यो के लिए ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मण्डल चौहानगुट के अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया एंव माल्यार्पण कर उनका स मान किया। उक्त कार्यक्रम की अगली कड़ी मे नवागंतुक सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव का भी स मान ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान एंव अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया साथ उन्हे आने वाले समय के लिए शुभकामनाए दी। इस कार्यक्रम मे ऑल इंडिया उद्योग यापार मण्डल प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यस्क्ष जीसी सिंह चौहान,प्रदेश महामंत्री अवतार सिंह मोगा, प्रदेश महामंत्री राजेश सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री, मो0 उमर जिला अध्यक्ष, हाजी सन्ने प्रदेश सचिव, आशीष वर्मा नगर अध्यक्ष, अमित मिश्रा, संदीप पाठक, संजय मौर्य, एसके सोनी प्रदेश मीडिया प्रभारी, राजेंद्र वर्मा आदि कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषकों को खरीफ प्याज बीज किया गया वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला उद्यान अधिकारी अवधेश मिश्र द्वारा बताया गया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद के लिए 670 हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल के लिए खरीफप्याज बीज वितरण का लक्ष्य उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण से प्राप्त हुआ। प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास फ्उण्डेशन, देवरिया, उ0प्र0 द्वारा प्याज बीज उपलब्ध कराया गया, जिसका वितरण आज उद्यान भवन मंझनपुर में किया गया है।

जनपद के चयनित कृषकों- जगरूप प्रसाद चौरासिया ग्राम कोड़र, जय सिंह, देशराज ग्राम-धुमाई, मो0 अरसद, वसीम अहमद, शकील अहमद, कुद्दूस अहमद, जावेद ग्राम-नगरेहा, जगदीश सिंह, हरिश्चन्द्र ग्राम-गोबसहाई तथा राम सुरेश, मूलचन्द्र ग्राम-बंधवारजबर, इन्द्रराज, सन्तोष कुमार, बच्चीलाल, जितेन्द्र कुमार ग्राम-भेलखा, देवराज सिंह, अभय सिंह ग्राम-बिछौरा एवं अतर सिंह, कमलेश कुमारी ग्राम-अजरौली को खरीफ प्याज बीज वितरित किया गया। इस प्रकार कुल लगभग 210 हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल के लिए जनपद के 190 कृषकों को खरीफ प्याज बीज का वितरण किया गया है। अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को बताया गया कि आप लोग पराम्परागत खेती के स्थान पर यदि केला, अमरूद, नींबू, आलू, मिर्च, मसाला एवं सब्जी की खेती को अपनाये तो आपकी आय दोगुनी ही नही अपितु तीन से चार गुना तक हों सकती हैं।

# वसुधा ने किया मित्रता दिवस पर तीज महोत्सव का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** समाज मे मित्रो के साथ लगातार जुलाई मैं सात कार्यक्रम वृहद वृक्षारोपण और जागरूकता के 2000 पौधरोपण और वितरण के साथ रैली जागरूकता के पश्चात आज वसुधा फाउंडेशन में उत्सव मनाया।

उत्सव में सभी वसुधन ने बड़े ही सुन्दर माहौल में हरियाली तीज कजरी, शंकर जी के भजन गाकर नृत्य करके और साथ ही झूला झूलकर मनाया। भारतीय संस्कृति से जुड़ा क्विज भी हुआ। जिसकी विजेता ममता बरनवाल रही। कार्यक्रम में गेम भी हुआ जिसकी विजेता प्रियंका गोपेश, वंदना श्रीवास्तव रही। सब कुछ मिलाकर तीज क्वीन चुनी गई कोषाध्यक्ष श्वेता पांडे। द्वितीय रहीं ममता बरनवाल और तृतीय रही प्रियंका गोपेश और वंदना श्रीवास्तव,श। चार बजे से साढ़े सात बजे तक सभी ने घनघोर बारिश के साथ हरियाली तीज का आनंद उठाया।कार्यक्रम में संरक्षक मनीषा निगम, महासचिव मैथिली सिंह, निदेशक उर्मिला जायसवाल और राजरानी गुप्ता, सदस्य अंशु नागर, मीरा जायसवाल, अलका जायसवाल, वंदना श्रीवास्तव, रंजीत कौर इत्यादि ने उत्साह से प्रतिभाग किया।

# एक नन्हीं सी प्यारी चिड़िया, सीख रही है अभी फुदकना...



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** एक नन्हीं सी प्यारी चिड़िया, सीख रही है अभी फुद्कना, एक पिंजड़े में कैद है पगली, सोच रही कि घर है अपना, बाज और कुत्तों के घर से, सहमी बैठी थी पिंजड़े में, उसने झांका पिंजडे से तो, उसके जैसी ही एक चिड़िया, उसको दिखा-दिखा कर के बतलाती थी, उड़ना कैसे है, इस बंधन को तोड़ सखी तुमको आगे बढ़ना कैसे है नन्हीं चिड़िया जान गयीं कि मैं भी उड़ सकती हूँ, नीले-नीले गगन को अब तो मैं भी छू सकती हूँ कैद जरा खुलते ही चिड़िया पहुंची मुक्त गगन में दुनिया देखी सब कुछ समझा, हर्षित थी वो मन में दुनिया वालो कैद न करो, चिड़ियों को उड़ने दो, खुली हवा में जीने दो, इनको आगे बढ़ने दो। उक्त कविता आकांक्षा बुंदेला द्वारा लिखी गई है।

# पहली पत्नी के रहते पति ने रचाई दूसरी शादी

**बहरिया ।** स्थानीय थाना के कपसा गांव निवासिनी शीला देवी पत्नी श्याम सूरत का आरोप है कि मेरी शादी 15 वर्ष पूर्व श्याम सूरत के साथ हुयी थी । शादी के तीन-चार वर्षो तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था उसके बाद मेरा पति श्याम सूरत मुझे मारने पीटने के साथ प्रताड़ित करने लगा । इसी बीच विवाहिता अपने मायके मदारीपुर थाना मऊआइमा दो महीने के लिये चली गयी । जब पुनः दो माह बाद लौट कर आयी तो देखा कि उसका पति दूसरी औरत को शादी करके घर में ले आया है । जिसको देखकर वह हैरान हो गयी । पूछने मेरे पति श्याम सूरत ने कहा कि अब तुम्हारी कोई जरुरत नही है । हमने दूसरी शादी कर ली है । अब तुम अपने मायके मे रहो तुम्हारी कोई जरुरत नही है । जिससे आहत होकर शीला देवी ने बहरिया थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया और न्याय की गुहार लगायी ।